संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, सोमवार, 28 अक्टूबर 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्षः 18 अंकः 298 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को भारत मंडपम में नौंवे राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह में कारीगरों से बात करते हुए।

## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

# बंगाल में घुसपैठ पर लगेगी रोकः शाह

- सीमा पार घुसपैठ रुकने पर ही बंगाल में शांति आ सकती हैः केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

**लगाम**

▶▶ पीएम मोदी ने आंतरिक सुरक्षा, सीमाओं की सुरक्षा को मजबूत बनायाः अमित शाह

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि बांग्लादेश से सीमा पार घुसपैठ बंद होने पर ही पश्चिम बंगाल में शांति स्थापित हो सकती है। शाह ने दावा किया कि अगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 2026 में पश्चिम बंगाल में सत्ता में आयी तो पड़ोसी देश से अवैध आव्रजन रोका जाएगा। अमित शाह ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर पेट्रोपोल भू-पत्तन पर नए यात्री टर्मिनल और एक मैत्री द्वार का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में ये बात कही।

**शाह बोले- भूमि बंदरगाह की भूमिका अहम**

अमित शाह ने कहा कि 'क्षेत्र में शांति स्थापित करने में भू पत्तन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जब सीमा पार लोगों की वैध आवाजाही की कोई गुंजाइश नहीं होती है, तो आवाजाही के अवैध तरीके सामने आते हैं, जिसका असर देश की शांति पर पड़ता है। मैं बंगाल के लोगों से आग्रह करता हूं कि 2026 में परिवर्तन लाएं और हम घुसपैठ रोकेंगे तथा शांति स्थापित करेंगे।' शाह ने कहा, 'घुसपैठ रुकने पर ही बंगाल में शांति आ सकती है। दोनों देशों के बीच संबंध तथा संपर्क सुधारने में भूमि बंदरगाह महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे दोनों देशों के बीच व्यापार संबंध भी बढ़ाते हैं।' केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार देर रात कोलकाता पहुंचे। नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बंगाल के वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। शाह की कोलकाता यात्रा के बारे में भाजपा नेताओं ने बताया कि शाह यहां भाजपा के सदस्यता अभियान का शुभारंभ भी करेंगे। जिस भू-पत्तन टर्मिनल का केंद्रीय गृह मंत्री ने उद्घाटन किया है, उसमें वीआईपी लाउंज, ड्यूटी फ्री दुकान, बुनियादी चिकित्सा सुविधा जैसी विभिन्न आधुनिक सुविधाएं शामिल हैं। रोजाना 20,000 यात्रियों की क्षमता वाला यह नया टर्मिनल 59,800 वर्ग मीटर में बना है।

**70 फीसदी कारोबार का जरिया**

भारत की पेट्रापोल और बांग्लादेश की बेनापोल क्रॉसिंग व्यापार और यात्री आवागमन दोनों ही नजरिये से दोनों देशों के लिए सबसे अहम जमीनी सीमा चौकियों में से एक है। दोनों देशों के बीच लगभग जमीन के जरिये होने वाला 70 फीसदी कारोबार इसी से होता है। यह गृह मंत्रालय की एक शाखा भारतीय भूमि बंदरगाह प्राधिकरण के तहत काम करता है। यह भारत का आठवां सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय आव्रजन बंदरगाह भी है। यह भारत और बांग्लादेश के बीच सालाना 23.5 लाख से अधिक यात्रियों की आवाजाही की सुविधा देता है।



### बंगाल को नहीं मिल रहा स्वास्थ्य योजना का लाभः अमित शाह

**शाह** ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने विभिन्न क्षेत्रों में नई शुरूआत की है। स्वास्थ्य योजना में प्रत्येक को पांच लाख रुपये का लाभ मिलते हैं, लेकिन इस प्रोजेक्ट का फायदा बंगाल के लोगों को नहीं हो रहा है, लेकिन चिंता न करें, अगर 2026 में भाजपा सत्ता में आई तो आपको भी इस योजना का लाभ मिलेगा। आज जतिन दास का जन्मदिन है। मैं उनका सम्मान करता हूं। आज यहां एकीकृत चेक पोस्ट, यात्री टर्मिनल, मैत्री द्वार का उद्घाटन किया गया। यह छोटी सी बात लग सकती है, लेकिन इससे साबित होता है कि हमारे प्रधानमंत्री कितने दूरदर्शी हैं कि वह चप्पे-चप्पे पर नजर रखते हैं। शाह ने कहा,"लैंड पोर्ट का उद्घाटन यह दर्शाता है कि कैसे पीएम मोदी अपने विजन के माध्यम से सभी क्षेत्रों में जान फूंक रहे हैं। वे नई शिक्षा नीति लेकर आए।"

### पिछले 10 साल में लैंड पोर्ट अथॉरिटी ने प्रगति कीः शाह

**गृह** मंत्री ने आगे कहा, पीएम मोदी ने आंतरिक सुरक्षा, सीमाओं की सुरक्षा और खेलों में कई नई शुरूआत की और इतना ही नहीं, उन्हें तार्किक परिणति तक पहुंचाया और सफल बनाया। पिछले 10 वर्षों में लैंड पोर्ट्स अथॉरिटी ने प्रगति की है। इससे क्षेत्र की समग्र समृद्धि में मदद मिलेगी। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि लैंड पोर्ट पेट्रापोल दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा लैंड पोर्ट है। ये भारत और बांग्लादेश के बीच व्यापार और वाणिज्य के लिए एक अहम प्रवेश द्वार है।



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को ऐतिहासिक नगरी पानीपत के सैक्टर 13-17 के ग्राउंड में आयोजित की गई मैराथन को हरी झंडी दिखाई और खुद मैराथन में भाग लिया।

## तमिलनाडुः 2026 के चुनावी रण में उतरने को तैयार दलपति विजय

**टीम एक्शन इंडिया**

**चेन्नईः मशहूर** अभिनेता विजय का राजनीतिक दल तमिलनाडु में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव में किस्मत आजमाने को तैयार है। उनकी पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) अपने पहले राज्य स्तरीय सम्मेलम की जोर-शोर से तैयारी कर रही है। तमिलगा वेट्री कड़गम (टीवीके) का यह सम्मेलन तमिलनाडु के विल्लुपुरम जिले के विक्रवंडी वी सलाई गांव में आयोजित होने वाला है। पार्टी के पहले सम्मेलन से पहले अभिनेता से नेता बने दलपति विजय ने अपने कार्यकर्ताओं और समर्थकों से एक खास अपील की है।

## डिजिटल अरेस्ट को लेकर रहें सावधानः पीएम




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते खतरे के प्रति लोगों से सतर्कता बरतने का आह्वान किया। उन्होंने इस प्रकार के कॉल आने पर रुको, बाद में सोचो, और फिर एक्शन लो के तीन चरणों का पालन करने की सलाह दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि जांच एजेंसियां डिजिटल अरेस्ट के नाम पर चल रहे फरेब से निपटने के लिए राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रही हैं। प्रधानमंत्री रविवार को मन की बात मासिक रेडियो कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों के साथ अपने विचार साझा कर रहे थे। कार्यक्रम की यह 115वीं कड़ी थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट के शिकार होने वालों में हर वर्ग, हर उम्र के लोग हैं। लोगों ने डर की वजह से अपनी मेहनत से कमाए हुए लाखों रुपए गवां दिए हैं। उन्होंने कहा कि कभी भी आपको इस तरह का कोई कॉल आए तो आपको डरना नहीं है। आपको पता होना चाहिए कोई भी जांच एजेंसी फोन कॉल या वीडियो कॉल पर इस तरह पूछताछ कभी भी नहीं करती। डिजिटल सुरक्षा के तीन चरण बताते हुए कहा कि रुको, सोचो और एक्शन लो। कॉल आते ही, रुको- घबराएं नहीं, शांत रहें, जल्दबाजी में कोई कदम न उठाएं, किसी को अपनी व्यक्तिगत जानकारी न दें, संभव हो तो स्क्रीनशॉट लें।

### भगवान बिरसा मुंडा व सरदार पटेल को याद किया

**प्रधानमंत्री** ने पिछले साल 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उनकी जन्मस्थली झारखंड के उलिहातू गांव की यात्रा को अपने जीवन का सबसे यादगार पल बताया। उन्होंने कहा कि वह देश के पहले प्रधानमंत्री हैं जिसे इस पवित्र भूमि की मिट्टी को अपने मस्तक से लगाने का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा कि भारत में हर युग में कुछ चुनौतियां आई और हर युग में ऐसे असाधारण भारतवासी जन्मे, जिन्होंने इन चुनौतियों का सामना किया।

## रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास को केंद्रीय बैंकर का पुरस्कार

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबईः** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास को अमेरिका की पत्रिका 'ग्लोबल फाइनेंस' ने शीर्ष केंद्रीय बैंकर का दर्जा दिया है। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब उन्हें विश्व स्तर पर शीर्ष केंद्रीय बैंकर का दर्जा दिया गया है। आरबीआई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट मे कहा, 'गवर्नर शक्तिकांत दास को लगातार दूसरे साल सेंट्रल बैंक रिपोर्ट कार्ड 2024 में 'ए प्लस' का पुरस्कार दिया गया है। 'ग्लोबल फाइनेंस' द्वारा अमेरिका के वाशिंगटन डीसी में आयोजित एक कार्यक्रम में शक्तिकांत दास को यह सम्मान दिया गया।' दास को तीन केंद्रीय बैंक गवर्नरों की सूची में शीर्ष पर रखा गया है, जिन्हें 'ए प्लस' रेटिंग दी गई है। 'ग्लोबल फाइनेंस' पत्रिका ने बयान में कहा कि मुद्रास्फीति पर नियंत्रण, आर्थिक वृद्धि लक्ष्यों, मुद्रा स्थिरता और ब्याज दर प्रबंधन में सफलता के लिए श्रेणी 'ए' से 'एफ' के पैमाने पर रेटिंग दी गई।

## उत्तरकाशी हिंसा- 8 नामजद, 200 अज्ञात पर एफआईआर

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादूनः उत्तराखंड** के उत्तरकाशी में 24 अक्टूबर को हुई हिंसा में घायल सात पुलिसकर्मियों के मामले में पुलिस ने आठ लोगों को नामजद किया है। वहीं, 200 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उत्तरकाशी में एक मस्जिद गिराने की मांग को लेकर प्रदर्शन के दौरान पथराव हुआ था। इसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज भी किया था। इस दौरान सात पुलिस कर्मियों समेत 27 लोग घायल हुए थे। दो पुलिस कर्मियों को गंभीर चोटें आई थीं। पुलिस ने बताया कि उपद्रवियों परभारतीय न्याय संहिता की 14 धाराएं लगाई गई हैं। आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमले के लिए की धारा 109 और सरकारी कर्मचारी को गंभीर चोट पहुंचाने के लिए धारा 121 (2) लगाई गई है। जिला मजिस्ट्रेट मेहरबान सिंह बिष्ट ने कहा कि जिले में धारा 163 लागू है।



## विकसित भारत लक्ष्य को हासिल करने के लिए विकसित महाराष्ट्र जरूरीः जयशंकर

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबईः विदेश** मंत्री एस. जयशंकर ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के मद्देनजर रविवार को कहा कि राज्य में ऐसी सरकार की जरूरत है, जिसकी विचारधारा केंद्र सरकार के समान हो। मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए जयशंकर ने यह भी कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अग्रणी है और इसकी आतंकवाद को बिल्कुल न बर्दाश्त करने की नीति है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद ने कहा, ह्यमहाराष्ट्र उद्योग प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचे में एक अग्रणी राज्य है। विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए विकसित महाराष्ट्र महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र में ऐसी सरकार की जरूरत है, जिसकी विचारधारा केंद्र सरकार के समान हो। विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के तीसरे कार्यकाल में अर्थव्यवस्था और रोजगार पर ध्यान केंद्रित है।



**स्पष्ट किया**

▶▶ जूनियर वकीलों को मेहनतकश बनाने के लिए आर्थिक प्रोत्साहन जरूरीः चीफ जस्टिस

## एमवीए में सीट बंटवारे पर राहुल नाराज

### प्रदेश अध्यक्ष पटोले का उद्धव को पत्र



**गुत्थी**

▶▶ विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाड़ी (एमवीए) में अभी तक सीटों की गुत्थी नहीं सुलझ पाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः महाराष्ट्र** विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की अवधि महज तीन दिन शेष है, लेकिन विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाड़ी (एमवीए) में अभी तक सीटों की गुत्थी नहीं सुलझ पाई है। इस बीच, कांग्रेस नेता राहुल गांधी की नाराजगी सामने आने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे को पत्र भेजकर मनमाने तौर पर उम्मीदवार घोषित करने पर रोष जताया है।

इससे दोनों पार्टियों के बीच अंदरूनी विवाद और गहरा गया है। राहुल ने खासतौर से विदर्भ और मुंबई की सीटों के बंटवारे पर सवाल उठाया है। नाना पटोले ने उद्धव को पत्र लिखा है कि जिन सीटों पर फैसला नहीं हुआ है उन पर उम्मीदवार घोषित कर और एबी फार्म जारी करना अनुचित है।

### सबका साथ, सबका विकास एमवीए की जरूरतः राउत

**शिवसेना** (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा कि एमवीए को सबका साथ, सबका विकास की जरूरत है। राउत ने एक तरह से कांग्रेस को नसीहत दी और हरियाणा के चुनाव परिणाम को लेकर आईना दिखाया। राउत ने कहा, कांग्रेस को सबको साथ लेकर चलना होगा। एमवीए में शामिल कांग्रेस, एनसीपी (एसपी) और शिवसेना (यूबीटी) ने पहले 85-85 का फामूर्ला तय किया था। ठाकरे की पार्टी ने अब तक सबसे अधिक 83 उम्मीदवार घोषित किए हैं।

## सरकार के प्रमुख से मिलना डील होना नहींः चीफ जस्टिस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली : चीफ** जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि वकीलों को उनके चैंबर में सीखने आने वाले युवाओं को उचित वेतन और पारिश्रमिक देना सीखना चाहिए। एक साक्षात्कार के दौरान उन्होंने कहा कि कानून का पेशा एक मुश्किल पेशा होता है, जहां प्रारंभिक वर्षों में रखी गई नींव से युवा वकील अपने पूरे करियर में अच्छी स्थिति में रहते हैं।

**पहली बार काम करने वालों को प्रोत्साहित किया जाए**

सीजेआई ने आगे कहा, 'किसी भी पेशे में हमेशा उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। शुरूआत में कानून के पेशे में पहले महीने के अंत में आपको जो राशि मिलती है, वह बहुत अधिक नहीं भी हो सकती।' उन्होंने कहा कि इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि पहली बार काम करने वालों को प्रोत्साहित किया जाए कि वे लगन से काम करें, कड़ी मेहनत करें और जो वे करते हैं, उसके प्रति ईमानदार रहें।

**तौर-तरीकों में भी बदलाव की जरूरत**

उन्होंने कहा- 'इसी तरह, हमारे तौर-तरीकों में भी बदलाव होना चाहिए। उदाहरण के लिए, वकीलों को यह सीखना होगा कि उनके चैंबर में आने वाले युवा वकीलों को उचित वेतन, पारिश्रमिक और भत्ते कैसे दिए जाएं। युवा उनके चैंबर में सीखने के लिए आते हैं। उनके पास देने के लिए भी बहुत कुछ होता है। इसलिए यह आत्मसात करने, साझा करने और मार्गदर्शन की दोतरफा प्रक्रिया है, जो हमें युवा वकीलों को प्रदान करनी है।'

मुख्य न्यायाधीश ने दिल्ली में कालेज में पढ़ाई करने के दौरान आकाशवाणी में प्रस्तोता के रूप में अपने दिनों को भी याद किया। उन्होंने बताया कि जब वह तीसरी या चौथी कक्षा में थे तो शास्त्रीय संगीतकार उनकी मां उन्हें मुंबई में आकाशवाणी के स्टूडियो ले जाती थीं।

उन्होंने आकाशवाणी के लिए आडिशन दिया और हिंदी व अंग्रेजी में कार्यक्रम प्रस्तुत करना शुरू कर दिया। यहां एक कार्यक्रम में सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि भारत में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू करना सहकारी संघवाद का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। इसके लिए संविधान में संशोधन किया गया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दशकों में अदालतों ने राज्यों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए संघवाद पर एक मजबूत ढांचा विकसित किया है। उन्होंने कहा कि सहकारी संघवाद शासन की एक प्रणाली है जहां केंद्र और राज्य विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के आपसी मतभेदों को दूर करते हुए मिलकर काम करते हैं।



**स्पष्ट किया**

▶▶ जूनियर वकीलों को मेहनतकश बनाने के लिए आर्थिक प्रोत्साहन जरूरीः चीफ जस्टिस

## बंगालः शिक्षक भर्ती घोटाले में 163 करोड़ की संपत्ति अटैच


**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली/कोलकाताः प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल स्टाफ भर्ती घोटाले के सिलसिले में प्रसेन कुमार रॉय, उनकी पत्नी काजल सोनी रॉय और उनकी कंपनी श्री दुर्गा डीलकॉम प्राइवेट लिमिटेड की 163.20 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियां अटैच की हैं। इन संपत्तियों में पांच होटल/रिसॉर्ट और अचल संपत्तियां शामिल हैं। श्यामपुर, हावड़ा स्थित चलंकिता रिसॉर्ट, सुंदरबन स्थित रॉयल बंगाल रिसॉर्ट, दीघा स्थित होटल मिली (रूबीना), जलपाईगुड़ी स्थित होटल मूर्ति, अलीपुरद्वार स्थित बांस विलेज रिसॉर्ट अटैच किए गए।

## शहाबुद्दीन का परिवार राजद में लौटा

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटनाः पूर्वी मुख्यमंत्री** लालू यादव की पार्टी में पूर्व सांसद दिवंगत शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब शामिल हो गए। राबड़ी आवास पर लालू प्रसाद यादव ने दिवंगत शहाबुद्दीन की पत्नी हीना शहाब और बेटे ओसामा को खुद राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता दिलाई। इस दौरान तेजस्वी यादव ने ओसामा को लालू के जीवन पर आधारित किताब और पार्टी का गमछा दिया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, वरीय नेता अब्दुल बारी सिद्दकी समेत कई वरीय नेता मौजूद रहे। तेजस्वी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि ओसामा और उनके परिवार से राजद का काफी पुराना रिश्ता रहा है। वह राजद में शामिल हो चुके हैं। आगामी चुनाव में वह राजद की ओर से मैदान में उतरेंगे। आज हम सभी लोग एकजुट हुए हैं. और हम सब मिलकर पार्टी को एकजुट होकर मजबूत करने का काम करेंगे। सांप्रदायिक शक्तियों को भगाने का काम करेंगे।




**सहमति** उमर ने पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का आग्रह किया था, उन्हें इसी साल राज्य का दर्जा बहाल करने का आश्वासन मिला था

## जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने पर केंद्र सहमत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः केंद्र** में जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने पर सहमति बन गई है। वहीं, लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश बना रहेगा। नवंबर के आखिरी हफ्ते में शुरू होने वाले संसद के शीतकालीन सत्र में इससे जुड़ा प्रस्ताव लाया जाएगा। राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने 23 अक्टूबर को गृह मंत्री अमित शाह और 24 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। इस दौरान उमर ने पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का आग्रह किया था। उन्हें इसी साल राज्य का दर्जा बहाल करने का आश्वासन मिला था। साल 2019 में अनुच्छेद 370 और 35ए हटाते समय जम्मू-कश्मीर और लद्दाख दो केंद्र शासित प्रदेश बनाए गए थे। सरकार ने उस समय ही राज्य के हालात सामान्य होने पर पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का भरोसा दिया था। हालिया राज्य विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने इसे दोहराया था। चुनाव के बाद गठित सरकार की पहली कैबिनेट मीटिंग में राज्य का दर्जा बहाल करने का प्रस्ताव पास करके उप-राज्यपाल ( एलजी) को भेजा गया था। एलजी मनोज सिन्हा ने 19 अक्टूबर को प्रस्ताव मंजूर करने के बाद गृह मंत्रालय को भेज दिया था। जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के तहत जम्मू-कश्मीर राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में पुर्नगठित किया गया था। इसलिए पूर्ण राज्य के दर्जे के लिए संसद में एक कानून पारित कर पुनर्गठन अधिनियम में बदलाव करना होगा।



**मांग होगी पूरी**

▶▶ नवंबर के आखिरी हफ्ते में शुरू होने वाले संसद के शीतकालीन सत्र में इससे जुड़ा प्रस्ताव लाया जाएगा

# गाजियाबाद के बाजारों में पटाखों पर प्रतिबंध

## ऑनलाइन ऑर्डर पर हो रही होम डिलीवरी

**बरामद**

**बीते कुछ दिनों में कार्रवाई करते हुए करीब डेढ़ करोड़ रुपये की आतिशबाजी बरामद की**



**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद:** पटाखों की बिक्री पर पाबंदी के लिए भले ही पुलिस ने बीते कुछ दिनों में कार्रवाई करते हुए करीब डेढ़ करोड़ रुपये की आतिशबाजी बरामद की है, लेकिन बिक्री बंद नहीं हुई है। पटाखों की अब ऑनलाइन बिक्री शुरू हो गई है। ऑनलाइन ऑर्डर बुक कर फ्री होम डिलीवरी भी की जा रही है। सोशल मीडिया पर वाट्सएप नंबर वायरल कर जानकारी दी जा रही है।

**पटाखों की बिक्री से जुड़ा वाट्सएप नंबर वायरल**

एप के जरिए ऑर्डर बुक कर गाजियाबाद समेत पूरे एनसीआर में आपर्ति का दावा किया जा रहा है। कुछ दिनों से वाट्सएप पर पटाखों की बिक्री से जुड़ा एक नंबर वायरल हो रहा है। यह नंबर ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए वायरल किया गया है। पटाखे ही पटाखे के नाम से बनाए गए मैसेज में लोगों को वाट्सएप पर संपर्क करने के लिए एक मोबाइल नंबर दिया जा रहा है।

**बिना डिलीवरी चार्ज के बिक रहे पटाखे**

मोबाइल नंबर पर मैसेज करने पर बातचीत शुरू होती है।शुक्रवार को दिए गए मोबाइल नंबर पर वाट्सएप मैसेज के जरिए आपूर्तिकर्ता से बातचीत की। आपूर्तिकर्ता ने पटाखों की बिक्री करने की हामी भरने के बाद पूछा कि माल कहां मंगाना है। जब उन्हें क्षेत्र बताया गया तब जवाब आया कि माल पहुंच जाएगा। डिलीवरी चार्ज भी नहीं लिया जाएगा।

**वाटसएप पर लिंक भेजकर ली जा रही बुकिंग**

इसी बीच वाटसएप पर ही एक लिंक भी भेजा गया। लिंक खोलने पर एक एप खुला जिसमें अग्रवाल फायर वर्क्स के नाम से बने पेज पर ऑर्डर लिए जा रहे हैं। पेज पर 40 रुपये से लेकर 7880 रुपये के पटाखे बिक्री के लिए बुक किए जा रहे हैं।

**यही हाल रहा तो दीवाली पर हवा हो जाएगी पाबंदी**

जिस तरह पटाखों का ऑर्डर बुक कर डिलीवरी की जा रही है उससे साफ है कि पुलिस आतिशबाजी की बिक्री पर रोक नहीं लगा पा रही है। अभी वर्तमान में ही हवा की गुणवत्ता बिगड़ चुकी है। यही हाल रहा तो दीवाली पर पटाखों पर पाबंदी हवा हो जाएगी। प्रदूषण की रोकथाम के लिए बीते कुछ वर्षों से पटाखों के उत्पादन, भंडारण और बिक्री पर रोक लगी हुई है। इसके बाद भी बाजार में पटाखों की बिक्री होती है।

## नर्सिंग की छात्रा ने युवक पर लगाया दुष्कर्म का आरोप




**आरोप**

**आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी है। पीड़िता मूलरूप से सुल्तानपुर जिले की निवासी है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**ग्रेटर नोएडा:** दनकौर क्षेत्र में स्थित एक विश्वविद्यालय में पढ़ रही नर्सिंग की छात्रा ने एक युवक पर करीब 6 माह से दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने शनिवार को आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी है। पीड़िता मूलरूप से सुल्तानपुर जिले की निवासी है। छात्रा ने शिकायत में कहा है कि वह पढ़ाई के साथ-साथ निजी अस्पताल में प्रेक्टिस भी करती है। अस्पताल में ही एक युवक उसके साथ काम करता है। अस्पताल में युवक ने उससे बातचीत शुरू की। इस दौरान उसने पीड़िता के साथ अश्लील हरकत करनी शुरू कर दी जिससे उसे नौकरी भी छोड़नी पड़ी थी। उसी दौरान युवक ने भी अस्पताल में काम करना बंद कर दिया। बाद में उसे प्रेम जाल में फंसा कर पिछले 6 माह से डरा धमकाकर दुष्कर्म करता आ रहा है। पुलिस व परिजनों को बताने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी थी। किसी तरह पीड़िता ने अपने साथ पढ़ने वाले अन्य छात्रों को आपबीती बताई, जिसके बाद आरोपी युवक के खिलाफ शिकायत करने कोतवाली पहुंची है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह का कहना है कि पीड़िता की शिकायत लेकर मामले की जांच की जा रही है।

## मदान के दीपावली मिलन कार्यक्रम में हजारों की संख्या में पहुँचें शहरवासी



**सोनीपत: रविवार** को शहर के मुरथल रोड पर यूनिक बैंक्वेट हॉल में विधायक निखिल मदान द्वारा दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में पहुँचें शहरवासियों को निखिल मदान ने दीपावली की शुभकामनाएँ दी। विधायक निखिल मदान ने कहा कि दीपावली का पर्व समस्त शहरवासियों के जीवन में खुशहाली और समृद्धि लेकर आये ऐसी वो कामना करते है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने सभी सोनीपत वासियों को दीपावली पर्व की शुभकामनाएँ दी। मोहन लाल बड़ौली ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात में उल्लेख किए गए साइबर फ्रॉड और डिजिटल अरेस्ट से बचने के लिए सभी सावधानी बरतने की अपील की।

## दीवाली पर महंगाई से आम लोगों को राहत!

**ग्रेटर नोएडा।** केंद्र सरकार की तरफ से आमजन को महंगाई से राहत दिलाने के लिए पूर्व में लोकसभा चुनाव के पहले नेफेड की तरफ से सस्ती दाल, चावल, आटा सहित प्याज का वितरण कम मूल्य पर किया गया था। दूसरे फेज में सरकार ने दीपावली के पहले रिटेल आउटलेट्स, मोबाइल वैन के माध्यम से इसे दोबारा लॉन्च कर दिया है। कई जगह पर इसका वितरण शुरू भी किया जा चुका है। कई जगह पर अभी स्टाक पहुंचना बाकी है।

**इन स्टोर में मिलेगा कीफायती दाम पर सामान**

भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ यानी नेफेड की तरफ से दूसरे फेज में सस्ती दाल, चावल, आटा सहित प्याज का वितरण होना है। इसमें केंद्र सरकार की तरफ से फूडचेन आउटलेट्स में रिलायंस स्टोर, बिग बाजार, विशाल मेगामार्ट, वीमार्ट सहित विभाग की मोबाइल वैन के माध्यम से आमजन को सस्ते दर में इनकी उपलब्धता कराना है।


**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-निविदा सूचना संख्याः झाँसी-इन्जी0-मुख्यालय-2024-194 दिनांकः 24.10.2024

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**कार्य का नाम :** झाँसी-परौना – हैवी रिपेयर टू हाइट गेज एट आरयूबी 1128/1, एलएचएस - 125,152 एंड अदर लोकेशन इन झाँसी परौना सैक्शन – अंडर एडीईएन / एचक्यू.I / झाँसी सब डिवीज़न।

**अनुमानित लागत (रू):** ₹ 8132465.50 | **अमानत राशि:** ₹ 162700.00

**निविदा बन्द होने की तिथि: 18.11.2024 at 15:00 hrs.**

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि:** 06 माह

निविदा **दिनांक 18.11.2024** को **15.00 बजे** तक आनलाईन जमा कर सकेगें। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

**1868/24(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **(1) संदीप सिंह पुत्र** वजीर सिंह, **(2) मंदीप सिंह पुत्र** वजीर सिंह, **निवासी:** म0 नं0 ए–131, दीप विहार, दिल्ली, ने **FIR No. 157/2018 U/s 323/341/506/34 IPC, पुलिस स्टेशन शाहबाद डेरी, बाहरी –उत्तरी जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) संदीप सिंह (2) मंदीप सिंह** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) संदीप सिंह (2) मंदीप सिंह** फरार हो गये है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 157/2018 U/s 323/341/506/34 IPC, पुलिस स्टेशन शाहबाद डेरी, बाहरी –उत्तरी जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **(1) संदीप सिंह (2) मंदीप सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.11.2024** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री सार्थक पंवार**
मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट–05 (उत्तर)
कमरा नं0 114, प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**DP/14323/ON/2024**
**(Court Matter)**


# प्लास्टिक के पाइपों में अचानक उठने लगी आग की लपटें

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद :** डासना वेव सिटी क्षेत्रांतर्गत एनएच नौ डासना स्टैंड के समीप देव हाइट्स के गेट पर रखे प्लास्टिक के पाइपों में रविवार सुबह अचानक जबरदस्त आग लग गई,आग का विकराल रूप देख लोग इकट्ठा हो गये। जल निगम का ठेकेदार मौके पर पहुंचे और पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने आधा घंटे में आग पर काबू पाया। जल निगम के अधीशासी अभियन्ता को आग लगने की सूचना नहीं। एचडीसीपीआरएम कम्पनी द्वारा कस्बे में पानी की पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा। नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत रास्तों में पानी सप्लाई के लिए जल निगम द्वारा पाइप लाइन डाली जा रही है। प्लास्टिक पाइप को डासना स्टैंड एनएच नौ स्थित देव हाइट्स सोसाइटी के गेट के पास रखा गया था। पाइप के बंडल लगभग तीन माह से रखे हुए थे। जल निगम के ठेकेदार अंशुल कुमार ने बताया कि वह भी देव हाइट्स में ही रह रहे हैं। रविवार सुबह सिक्योरिटी गार्ड ने उन्हें पाइपों में आग लगने की सूचना दी।


## पूर्व दिशा की ओर जाने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ–2024

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से दिनांक 28.10.2024 से 30.10.2024 तक पूर्व दिशा की ओर निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

**दिनांक 28.10.2024 (सोमवार) को पूर्व दिशा की ओर प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | स्थान | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 04032 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल और गढ़ बरुआरी |
| 04096 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., एवं शयनयान | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली और लखनऊ |
| 04078 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:55 | पटना जं. | 16:25 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. | गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पं.दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04058 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:15 | मुजफ्फरपुर | 21:15 | 3 टियर वाता. | मुरादाबाद, चंदौसी जंक्शन, हरदोई, लखनऊ, गोरखपुर जंक्शन, छपरा और हाजीपुर जंक्शन |
| 03256 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:20 | पटना जं. | 17:20 | 2 टियर वात., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा और दानापुर |
| 03258 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान, सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा |
| 05220 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:00 | मुजफ्फरपुर | 00:45 | शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. |
| 05024 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 15:15 | गोरखपुर | 04:45 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान, सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर जं., बुढ़वल जं., गोंडा जं., बस्ती और खलीलाबाद |
| 02398 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:20 | गया | 00:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन और अनुग्रह नारायण रोड |
| 05284 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर | 04:50 | 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जंक्शन, बेतिया, सगौली जंक्शन, बापूधाम मोतिहारी, पिपरा, चकिया, मेहसी और मोतीपुर |
| 03414 | नई दिल्ली | 10:30 | मालदा टाउन | 07:55 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., पटना साहेब, फतुहा, खुसरोपुर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा, हाथीदह जं., बरहिया, लक्खीसराय जं., किऊल जं., कजरा, अभयपुर, धरहरा, जमालपुर जं., बरियारपुर, सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगांव, साहिबगंज जं., बरहरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. |
| 02564 | नई दिल्ली | 17:55 | बरौनी जं. | 15:10 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा एवं मुजफ्फरपुर जं. |
| 02570 | नई दिल्ली | 12:15 | दरभंगा | 10:00 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, छपरा, मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं. | 07:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान, सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04080 | दिल्ली जं. | 19:30 | वाराणसी जं. | 09:45 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली और माबेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ |
| 02422 | दिल्ली जं. | 09:30 | सुबेदारगंज | 19:40 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | अलीगढ़ जं., टुंडला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल और फतेहपुर |
| 05002 | दिल्ली जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 09:55 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर जं., बुढ़वल जं., गोंडा जं., बलरामपुर, तुलसीपुर, बढ़नी, सिद्धार्थ नगर और आनंद नगर |
| 02246 | हज़रज निज़ामुद्दीन | 23:55 | पटना जं. | 16:40 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. | गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04124 | हज़रज निज़ामुद्दीन | 15:50 | प्रयागराज जं. | 09:00 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मथुरा जं., आगरा कैंट., धौलपुर, ग्वालियर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, मऊ रानीपुर, हरपालपुर, कुलपहाड़, महोबा, बांदा जंक्शन, अतर्रा, चित्रकूट, मानिकपुर जंक्शन, डभौरा और शंकरगढ़ |

**दिनांक 29.10.2024 (मंगलवार) को पूर्व दिशा की ओर प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | स्थान | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 04032 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल और गढ बरुआरी |
| 04060 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 10:30 | जयनगर | 15:15 | 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, रायबरेली जं., अमेठी, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, वाराणसी, पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जंक्शन, मुजफ्फरपुर जंक्शन, समस्तीपुर जंक्शन, दरभंगा जंक्शन एवं मधुबनी |
| 04044 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:15 | गोरखपुर जं. | 14:00 | 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, मुरादाबाद, चंदौसी जं., बरेली कैंट., सीतापुर जं., गोंडा जं. एवं बस्ती |
| 04010 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:45 | जोगबनी | 05:20 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, चंदौसी जं., बरेली कैंट., शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगुसराय, खगड़िया जं., नौगछिया, कटिहार जं., पूर्णिया जं., अररिया कोर्ट, अररिया एवं फारबिसगंज जं. |
| 04048 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 15:20 | कटिहार जं. | 15:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जं., बरौनी जं., बेगुसराय, खगड़िया जं. एवं मानसी जं. |
| 03436 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 15:45 | मालदा टाउन | 23:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं शयनयान | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., बख्तियारपुर जं., मोकामा, किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगांव, पीरपैंती, साहिबगंज जं., बरहरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. |
| 05220 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:00 | मुजफ्फरपुर | 00:45 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. |
| 02398 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:20 | गया | 00:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन और अनुग्रह नारायण रोड |
| 05284 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर | 04:50 | 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जंक्शन, बेतिया, सगौली जंक्शन, बापूधाम मोतिहारी, पिपरा, चकिया, मेहसी और मोतीपुर |
| 04070 | नई दिल्ली | 00:20 | राजगीर | 21:00 | प्रथम वाता.–सह–2 टियर वाता., 2 टियर वाता.–सह–3 टियर वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं.दीन दयाल उपाध्याय ज., बक्सर, आरा, पटना जं., बख्तियारपुर जं. एवं बिहार शरीफ |
| 04052 | नई दिल्ली | 14:20 | जयनगर | 15:40 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता.–सह–3 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., मोकामा, बरौनी जं., समस्तीपुर जं. एवं दरभंगा जं. |
| 02248 | नई दिल्ली | 08:25 | पटना जं. | 20:30 | कुर्सीयान, एग्जीक्यूटिव कुर्सीयान | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा |
| 02564 | नई दिल्ली | 17:55 | बरौनी जं. | 15:10 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा एवं मुजफ्फरपुर जं. |
| 02570 | नई दिल्ली | 12:15 | दरभंगा | 10:00 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, छपरा, मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं. | 07:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा और दानापुर |
| 05112 | नई दिल्ली | 12:50 | छपरा | 11:30 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली जं., सीतापुर जं., बुढ़वल, गोंडा, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, पिपराइच, कप्तानगंज, पडरौना, तमकुही रोड, थावे जंक्शन, दिघवा दुबौली और मशरख |
| 04068 | दिल्ली जं. | 19:30 | दरभंगा | 16:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., नरकटियागंज जं., रक्सौल जंक्शन, बैरगनिया, सीतामढी और जनकपुर रोड |
| 04006 | दिल्ली जं. | 23:05 | जयनगर | 23:45 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., छपरा, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., दरभंगा जं. एवं मधुबनी |

**दिनांक 30.10.2024 (बुधवार) को पूर्व दिशा की ओर प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | स्थान | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 04022 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 11:40 | सीतामढ़ी | 15:45 | 3 टियर वाता | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, रायबरेली जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, वाराणसी, औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं. एवं मुजफ्फरपुर जं. |
| 04096 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., एवं शयनयान | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली और लखनऊ |
| 05220 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:00 | मुजफ्फरपुर | 00:45 | शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर एवं हाजीपुर |
| 04056 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 18:05 | बलिया | 10:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता. 3 टियर वाता. एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, जौनपुर सिटी एवं गाजीपुर सिटी |
| 02398 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:20 | गया | 00:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑनसोन और अनुग्रह नारायण रोड |
| 05284 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर | 04:50 | 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जंक्शन, बेतिया, सगौली जंक्शन, बापूधाम मोतिहारी, पिपरा, चकिया, मेहसी और मोतीपुर |
| 05038 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 11:10 | बनारस | 01:10 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी | मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली जंक्शन, अमेठी, मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ और भदोही |
| 02262 | नई दिल्ली | 00:20 | दरभंगा | 21:15 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं शयनयान | गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर |
| 04054 | नई दिल्ली | 14:20 | बरौनी जं. | 11:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता. शयनयान, सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, पटना जं. एवं मोकामा |
| 02252 | नई दिल्ली | 08:25 | पटना जं. | 20:00 | कुर्सीयान, एग्जीक्यूटिव कुर्सीयान | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा |
| 03484 | नई दिल्ली | 10:30 | भागलपुर | 04:10 | शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., पटना साहिब, फतुहा, खुसरूपुर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा, हाथीदा जं. बड़हिया, लक्खीसराय जं., किऊल जं., कजरा, अभयपुर, धरहरा, जमालपुर जं., बरियारपुर और सुल्तानगंज |
| 02564 | नई दिल्ली | 17:55 | बरौनी जं. | 15:10 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा एवं मुजफ्फरपुर जं. |
| 02570 | नई दिल्ली | 12:15 | दरभंगा | 10:00 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, छपरा, मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं. | 07:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान, सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04036 | नई दिल्ली | 12:00 | भागलपुर | 10:00 | सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., किऊल जं. एवं जमालपुर जं. |
| 04034 | दिल्ली जं. | 23:45 | जयनगर | 23:00 | शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., मोकामा जं., बरौनी जं., समस्तीपुर जं., दरभंगा जं. और मधुबनी |
| 02246 | हज़रज निज़ामुद्दीन | 23:55 | पटना जं. | 16:40 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. | गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा और दानापुर |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल, गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# दिवाली से पहले 'धुआं-धुआं' हुई दिल्ली

## दिल्ली के आनंद विहार के आसपास वायु गुणवत्ता सूचकांक 400 के पार 405 दर्ज किया गया है

**सांसों पर खतरा**

**राजधानी की हवा इस कदर खराब हो चली है कि सांस लेना मुश्किल हो रहा, लोग परेशान**





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: इन** दिनों दिल्लीवासियों की सांसों पर प्रदूषण का खतरा मंडरा रहा है। राजधानी की हवा इस कदर खराब हो चली है कि सांस लेना मुश्किल हो रहा है। दिल्ली के आनंद विहार के आसपास वायु गुणवत्ता सूचकांक 400 के पार 405 दर्ज किया गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार इसे गंभीर श्रेणी में रखा गया है। वहीं, सीपीसीबी के अनुसार, सुबह अक्षरधाम मंदिर का एक्यूआई 361 दर्ज किया गया। बवाना में 392, रोहिणी 380, आईटीओ 357, द्वारका सेक्टर-8 335, मुंडका 356 एक्यूआई दर्ज किया गया है। वहीं, शनिवार को हवा की दिशा व गति बदलने से वायु प्रदूषण के स्तर में कमी दर्ज की गई। हालांकि, लोगों ने खराब हवा में सांस ली। दिल्ली का एक्यूआई 255 दर्ज किया गया। यह शुक्रवार की तुलना में 15 सूचकांक कम है। आनंद विहार, रोहिणी, द्वारका, मुंडका और बवाना सहित 11 इलाकों में एक्यूआई 300 के पार रहा। यह बेहद खराब श्रेणी में हवा है, जबकि डीटीयू, अशोक विहार, आईटीओ समेत 20 इलाकों में हवा खराब श्रेणी में रही। भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक, शनिवार को हवा पश्चिम से उत्तर-पूर्व दिशा से चली। इस दौरान हवा की गति 8 से 12 किलोमीटर प्रतिघंटा रही।


हवा पूर्व से उत्तर-पश्चिम से पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। इस दौरान हवा की गति छह से 10 किलोमीटर प्रतिघंटे से चलेगी। बता दें कि राजधानी में अगले छह दिन तक लोगों को बेहद खराब हवा में सांस लेने को मजबूर होना पड़ेगा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का पूवार्नुमान है कि वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 300 के पार रह सकता है।
ऐसे में लोगों को वायु प्रदूषण और परेशान करेगा।

**सुबह व शाम गुलाबी ठंड का होने लगा अहसास**
दिल्ली में दिन के समय लोगों को गर्मी परेशान कर रही है। वहीं, सुबह व शाम गुलाबी ठंड का अहसास होने लगा है।

### एनसीआर में भी पटाखों पर लगे पूर्ण प्रतिबंध: गोपाल राय

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: राजधानी** में बढ़ते वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने एनसीआर में पटाखों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया है। गोपाल राय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये केंद्र और राज्य के कृषि मंत्रियों की संयुक्त बैठक में हिस्सा ले रहे थे। इस दौरान उन्होंने पराली जलाने के मामलों को कम करने का भी अनुरोध किया। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई बैठक में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश व दिल्ली के कृषि मंत्री समेत संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली के अंदर पटाखों के उत्पादन, भंडारण और किसी भी प्रकार की बिक्री या खरीद पर पूरी तरह प्रतिबंध है। यह प्रतिबंध पटाखों की ऑनलाइन डिलीवरी पर भी लागू है। दिल्ली की तरह ही एनसीआर में भी पटाखों पर पूरी तरह से पाबंदी लगे, ताकि इससे फैलने वाले प्रदूषण को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि हालांकि पराली जलाने की घटनाओं में कमी आई है।

# अगले छह दिन बेहद खराब हवा में लेनी होंगी सांसें



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:**
राजधानी में अगले छह दिन तक लोगों को बेहद खराब हवा में सांस लेने को मजबूर होना पड़ेगा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का पूवार्नुमान है कि वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 300 के पार रह सकता है। ऐसे में लोगों को वायु प्रदूषण और परेशान करेगा। उधर, हवा की दिशा व गति बदलने से वायु प्रदूषण के स्तर में कमी दर्ज की गई। हालांकि, लोगों ने खराब हवा में सांस ली। दिल्ली का एक्यूआई 255 दर्ज किया गया। आनंद विहार, रोहिणी, द्वारका, मुंडका और बवाना सहित 11 इलाकों में एक्यूआई 300 के पार रहा। यह बेहद खराब श्रेणी में हवा है, जबकि डीटीयू, अशोक विहार, आईटीओ समेत 20 इलाकों में हवा खराब श्रेणी में रही। भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक, हवा पश्चिम से उत्तर-पूर्व दिशा से चली। इस दौरान हवा की गति 8 से 12 किलोमीटर प्रतिघंटा रही। हवा पूर्व से उत्तर-पश्चिम से पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है।

**चिंता**

**वायु प्रदूषण और परेशान करेगा। उधर, हवा की दिशा व गति बदलने से वायु प्रदूषण के स्तर में कमी दर्ज की गई**




दिल्ली स्थित आजादपुर वार्ड के जहांगीरपुरी में आयोजित पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम के दौरान भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री डॉ. अल्का गुर्जर, जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गोयल और आजादपुर वार्ड की निगम पार्षद सुमन शर्मा व अन्य कार्यकर्ता।

# रंजिश में नाबालिग समेत दो को मारी गोली, एक की मौत



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दक्षिणी** पश्चिमी जिले के किशनगढ़ गांव में थप्पड़ का बदला लेने के लिए पांच आरोपितों ने एक किशोर की गोली व चाकू घोंपकर हत्या कर दी। जबकि उसके दोस्त को गोली मारकर घायल कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए। वहीं दोनों घायलों को उनके दोस्तों ने तुरंत नजदीकी अस्पताल में दाखिल करखाया। जहां डॉक्टरों ने किशोर को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे युवक का इलाल चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। किशनगढ थाना पुलिस ने उक्त में मामले में केस दर्ज कर चार नाबालिग समेत पांच लोगों को पकड़ा है। आरोपित की पहचान संजय महलावत के रूप में हुई है। बाकी सब आरोपित नाबालिग है।

**वारदात**

**दोनों घायलों को उनके दोस्तों ने तुरंत नजदीकी अस्पताल में दाखिल करखाया, एक की मौत, दूसरा घायल**

# मुख्यमंत्री की मौजूदगी में हुआ 'फूलवालों की सैर' का समापन



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: भारतीय संस्कृति** और एकता के परिचायक 'फूल वालों की सैर' कार्यक्रम का शनिवार देर रात को धूमधाम से समापन समारोह आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री आतिशी ने इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। कार्यक्रम में भारत के विभिन्न हिस्सों से आए कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया और यहां शानदार कव्वाली का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि, फूलवालों की सैर' सिर्फ.एक उत्सव नहीं है, इसने दिल्ली की सैकड़ों साल पुरानी गंगा-जमुनी तहजीब की परंपरा को कायम रखा है। उन्होंने कहा कि, 'फूलवालों की सैर' जैसे उत्सव आज के दौर में इंसानियत का पैगाम देते हुए लोगों को साथ लाने का उत्सव है। आतिशी ने कहा कि दिल्ली दिलवालों का शहर है, यहाँ लोग आपस में दीवारें नहीं बनाते बल्कि "फूलवालों की सैर" जैसे त्यौहार के साथ इंसानियत का पैगाम बांटते है। उन्होंने कहा कि नफरत की राह छोड़कर, इंसान को इंसानियत से जोड़ने वाला ये त्यौहार दिल्ली की एकता और विविधता की असली पहचान है।

# मोबाइल लूटने का विरोध करने पर युवक की चाकू से गोदकर हत्या



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: करोल** बाग इलाके में मोबाइल फोन लूटने का विरोध करने पर मुकेश झा (38) की चाकू से गोदकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने एक नाबालिग समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दो आरोपियों की पहचान कमला नगर निवासी विशाल सूरी और सब्जी मंडी निवासी श्रेयांश राणा के रूप में हुई है। नाबालिग की उम्र 16 साल है। पुलिस ने इनके कब्जे से चाकू और वारदात में इस्तेमाल स्कूटी बरामद कर ली है। करीब सवा दो बजे पुलिस को करोल बाग के नाईवाला चौक के पास एक युवक को चाकू मारे जाने की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पर पुलिस को शिकायतकर्ता रिंकी मिली। पास ही एक युवक लहूलुहान हालत में पड़ा था। उसे पुलिस तुरंत गंगाराम अस्पताल लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रिंकी ने पुलिस को बताया कि घायल युवक मुकेश झा उनके दोस्त हैं। वह उनके साथ करोलबाग के कीवी रेस्टोरेंट में खाना खाने आई थी। वहां से वापस लौटने के दौरान सत ब्रह्मा स्कूल के पास उनलोगों को स्कूटी के पास खड़े तीन लड़कों ने रोक लिया और उनका मोबाइल फोन छीनने की कोशिश करने लगे। विरोध करने पर उनमें से एक ने मुकेश पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए और फोन लूटकर फरार हो गए।

**आरोपी काबू**

**स्कूटी के पास खड़े तीन लड़कों ने रोक लिया और उनका मोबाइल फोन छीनने की कोशिश करने लगे**

# एनडीएमसी ने दीपावली त्योहारी सीजन पर विशेष सफाई अभियान शुरू किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: नई** दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने दीपावली त्योहार की पूर्व संध्या पर पूरे क्षेत्र में लगे लगभग 3000 कर्मचारियों की अपनी विशेष सफाई, धुलाई, सफाई, मरम्मत और पेंटिंग की टीमों के साथ एक विशेष स्वच्छता अभियान शुरू किया हुआ है। दीपावली त्योहार के मद्देनजर, इस स्वच्छता अभियान का विशेष ध्यान आवासीय कॉलोनियों, बाजारों, स्कूलों, कॉलेजों, अस्पतालों, सरकारी और गैर-सरकारी भवनों और सड़कों के किनारे प्रमुख सार्वजनिक स्थानों और सार्वजनिक शौचालय के आसपास के क्षेत्रों पर होगा। दैनिक आधार पर विशेष स्वच्छता अभियान में स्वच्छता टीमों द्वारा न केवल झाड़ू से फुटपाथ और सड़कों की सफाई की जा रही है, बल्कि धूल या अन्य वायु प्रदूषण तत्वों को साफ करने के लिए पानी से धुलाई भी की जा रही है। एनडीएमसी क्षेत्र में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए यह पहल बहुत महत्वपूर्ण है।

एनडीएमसी द्वारा मिली जानकारी के अनुसार साफ और स्वच्छ वातावरण प्रदान करने के लिए, एनडीएमसी ने कनॉट प्लेस, सरोजिनी मार्केट, बंगाली मार्केट, गोल मार्केट, खान मार्केट, मालचा मार्केट में फुटपाथों, गलियारों की पानी से सफाई करने पर विशेष जोर देने के साथ एक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया है। नई दिल्ली में एनडीएमसी ने सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता और सौंदर्य को बढ़ाने के उद्देश्य से एक व्यापक सफाई अभियान शुरू किया हुआ है। वहीं कनॉट प्लेस क्षेत्र में फुटपाथों और सार्वजनिक चौकों पर व्यापक गीली सफाई की गयी है। इस प्रयास में 50 स्वच्छता कर्मचारियों, 40 बागवानी कर्मचारियों और 45 सिविल इंजीनियरिंग कर्मियों का समर्पित कार्य शामिल था, जिन्होंने पूरी तरह से सफाई सुनिश्चित करने के लिए प्रेशर जेटिंग मशीनों का भी उपयोग किया। होशियार सिंह मार्ग में इसी तरह के सफाई प्रयास किए गए है, जिसमें प्रभावी गीली सफाई के लिए पानी के टैंकरों और प्रेशर जेटिंग मशीनों के साथ-साथ 50 स्वच्छता कर्मचारियों, 20 बागवानी कर्मचारियों और 30 सिविल इंजीनियरिंग कर्मियों को तैनात किया गया था।

**अभियान**

**धुलाई, सफाई, मरम्मत और पेंटिंग की टीमों के साथ एक विशेष स्वच्छता अभियान शुरू किया हुआ**

# कबूतरों को दाना खिलाने वाले स्थानों पर बैन लगाने की तैयारी




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) कबूतरों को दाना डालने वाले स्थानों पर प्रतिबंध लगाने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है। कबूतरों की अधिक संख्या होने के कारण स्वास्थ्य को खतरा हो सकता है। अगर प्रस्ताव को मंजूरी मिल जाती है तो फुटपाथ, गोल चक्कर और सड़क-चौराहों पर पाए जाने वाले इस तरह के स्थल जल्द ही बंद हो सकते हैं। एमसीडी के अधिकारियों ने बताया कि योजना अभी प्रारंभिक चरण में है। जल्द ही इस पर परामर्श जारी होने की उम्मीद है। इस प्रस्ताव का उद्देश्य कबूतरों की बीट से जुड़े स्वास्थ्य जोखिमों को कम करना है। इसमें साल्मोनेला, ई कोलाई और इन्फ्लूएंजा जैसे रोगाणु होने का खतरा रहता है। ये अस्थमा जैसी श्वसन संबंधी बीमारियों को बढ़ा सकते हैं।
एक निजी अस्पताल के डॉ. उषास्त धीर ने कहा कि ट्रांसप्लांट रोगियों के लिए यह जोखिम जीवन के लिए खतरा हो सकता है। जब कबूतर बड़ी संख्या में इकट्ठा होते हैं, तो उनकी बीट और पंख फड़फड़ाना विभिन्न रोगजनकों, विशेष रूप से क्रिप्टोकोकोसिस जैसे फंगल के लिए प्रजनन स्थल बनाता है।

# राजधानी के कई इलाकों में पानी की सप्लाई बाधित



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: यमुना** में अमोनिया का स्तर बढ़ने और वार्षिक सफाई के लिए ऊपरी गंगा नहर बंद होने से दीवाली त्योहार के दिनों में दिल्लीवासियों को जल आपूर्ति की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भागीरथी और सोनिया विहार जल शोधन संयंत्र (डब्ल्यूटीपी) से इस समय लगभग 30 प्रतिशत कम पेयजल मिल रहा है। इससे पूर्वी दिल्ली, उत्तर पूर्वी दिल्ली, दक्षिण दिल्ली का हिस्सा और नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) क्षेत्र में जल आपूर्ति में परेशानी हो रही है। 110 एमजीडी क्षमता वाले भागीरथी डब्ल्यूटीपी और 140 क्षमता वाले एमजीडी सोनिया विहार डब्ल्यूटीपी के लिए कच्चा पानी का स्रोत ऊपरी गंगा नहर है।

**12 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक बंद है गंगा नहर**
वार्षिक रखरखाव के लिए उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग द्वारा ऊपरी गंगा नहर को 12 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक हरिद्वार से बंद कर दिया गया है। नहर में कई स्थानों पर पानी रह गया था। उससे दोनों डब्ल्यूटीपी को कुछ पानी मिल रहा था, परंतु 21 अक्टूबर से वह भी उपलब्ध नहीं है।

**एक नवंबर को हो सकती है दिक्कत**
अब दोनों डब्ल्यूटीपी पूरी तरह से यमुना नदी से मिलने वाले पानी पर निर्भर हैं, लेकिन यमुना नदी में अमोनिया की मात्रा 1.5 पीपीएम (पाट्र्स प्रति मिलिनय) से अधिक होने के कारण उसे शोधित नहीं किया जा सकता है।

**पेयजल**

**कई इलाकों में पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा दिल्ली में यमुना नदी में बढ़ गया है अमोनिया**

# दिल्ली से सस्ती शराब खरीदने वाले हो जाएं सावधान !

## बॉर्डर पर पुलिस अलर्ट; नोएडा में 700 से ज्यादा लोगों पर हुआ एक्शन, शराब की कालाबाजारी रोकने के लिए सीमाओं पर रहेगी आबकारी विभाग की नजर



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दीपावली** पर शराब की कालाबाजारी रोकने के लिए आबकारी विभाग ने दिल्ली की सीमाओं पर चौकसी बढ़ा दी है। दरअसल दिल्ली में सस्ती शराब मिलने की वजह से इससे सटे इलाके नोएडा और गाजियाबाद से लोग राजधानी की सीमा पर स्थित वाइन शॉप पर शराब खरीदने पहुंचते हैं। इस पर नकेल कसने के लिए पुलिस ने तैयारी कर ली है।

**सीमाओं पर पुलिस अलर्ट**
दूसरे राज्यों से आने वाली शराब को देखते हुए दिल्ली की सीमाओं पर नजर रखी जा रही है। वहीं लाइसेंस वाले होटलों व रेस्टोरेंट में भी नियमों का पालन कराने के लिए भी विभाग सतर्क है। सभी से निर्धारित समय तक ही शराब के सेवन की अनुमति को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। दिल्ली शहर दो राज्यों उत्तर प्रदेश और हरियाणा से चारों ओर से घिरा है। दिल्ली में 48 प्रमुख सड़कों से वाहन दोनों राज्यों के लिए आवागमन करते हैं। मगर इसके अलावा भी कई ऐसे रास्ते हैं जहां से लोग एक दूसरे राज्यों में आते जाते हैं।

**अभियान**

**आबकारी विभाग की सात टीमों ने नोएडा में चलाया अभियान खुले में पी शराब, तो दीपावली होगी खराब**

**आबकारी विभाग की 20 से ज्यादा टीमें एक्टिव**
एक अनुमान के अनुसार दिल्ली में इन दोनों राज्यों से प्रतिदिन पांच लाख से अधिक लोग दिल्ली से एनसीआर के लिए आवागमन करते हैं। अभी तक ऐसा कोई सिस्टम नहीं है कि दिल्ली में आने वाला और दिल्ली से दूसरे राज्यों में जाने वाले प्रत्येक वाहन की जांच की जा सके। सूत्रों का कहना है कि आबकारी विभाग की 20 से अधिक मजबूत टीमें प्रतिदिन सक्रिय हैं। दीपावली पर दिल्ली की सीमाओं पर सख्ती बढ़ा दी गई है। खासकर हरियाणा पर अधिक नजर रखी जा रही है।

सस्ती होने के कारण हरियाणा से दिल्ली में शराब आने की आशंका अधिक है। आबकारी विभाग के सामने शराब की तस्करी रोकने की चुनौती इसलिए भी बढ़ गई है क्योंकि दिल्ली में देसी शराब का लाइसेंस समाप्त हो गया है। दो बार -बार तीन तीन माह के लिए बढ़ाए जाने के बाद इसकी समय अवधि 30 सितंबर को समाप्त हो गई है।
इसके लिए नए टेंडर की प्रक्रिया शुरू होने में एक से डेढ़ माह लग सकता है। ऐसे में देसी शराब की कालाबाजारी की सिरदर्दी भी विभाग के लिए बनी हुई है।

**ग्रेटर नोएडा में 710 लोगों पर एफआईआर दर्ज**
खुले में शराब पी तो आपकी भी दीपावली खराब हो सकती है। पिछले 24 घंटे के अंदर पुलिस और आबकारी विभाग की टीमों ने जिलेभर में अभियान चलाकर खुले में शराब पीते मिले 710 लोगों के खिलाफ संबंधित थानों में एफआईआर दर्ज कराई है। जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार श्रीवास्तव ने बताया आबकारी आयुक्त के आदेश पर 25 अक्टूबर से जिले में विशेष प्रवर्तन अभियान शुरू किया गया है। इसके लिए आबकारी व पुलिस विभाग की सात संयुक्त टीमें बनाई गई हैं।

# फिट इंडिया बना जन आंदोलन: सीएम सैनी

टीम एक्शन इंडिया
**चण्डीगढ़/पानीपत: हरियाणा** के युवाओं ने देश-विदेश में अपनी प्रतिभा एवं कौशल की धाक जमाई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी युवा शक्ति की अक्सर सराहना करते हैं। स्वस्थ शरीर मनुष्य जीवन की उत्तम कुंजी है। कहा भी गया है कि पहला सुख निरोगी काया। स्वस्थ व्यक्ति ही स्वस्थ समाज का निर्माण करते हैं और स्वस्थ समाज देश-प्रदेश के विकास व उत्थान की पहली सीढ़ी है। हम चाहते हैं कि जनसाधारण में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आए, जीवनशैली व्यवस्थित हो, समाज का ताना-बाना मजबूत हो और भाईचारे की कड़ियां सुदृढ़ हों। ये उद्गार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को ऐतिहासिक नगरी पानीपत के सैक्टर 13-17 के ग्राउंड में आयोजित की गई मैराथन को हरी झंडी दिखाने से पहले अपने संबोधन में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि इस मैराथन का





उद्देश्य सबको फिटनेस के प्रति जागरूक करना और साथ ही नागरिकों में प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विजेताओं को सम्मानित किया और उपस्थित युवाओं को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं 21 कि.मी., 10 कि.मी. और 5 कि.मी. की मैराथन के सभी विजेताओं के साथ ही इनमें भाग लेने वाले हर नागरिक को बधाई देता हूं। ऐसे आयोजनों में भाग लेना पूरे समाज को एक

## हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत ऐसे और भी आयोजन भविष्य में करेंगे: सीएम सैनी

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि हम हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत ऐसे और भी आयोजन भविष्य में करेंगे। इनमें पुलिस व जनता के बीच सहयोग व सामंजस्य, राहगिरी, साइक्लोथॉन, अपराध व नशे से ग्रस्त क्षेत्रों में खेल प्रतियोगिताएं, नशा मुक्ति अभियान, वरिष्ठ नागरिकों को गोद लेना, पुलिस की पाठशाला आदि शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम में जनभागीदारी से तालाबों की सफाई, स्कूलों में संगीत, कला, कविता प्रतियोगिताओं, मोहल्ला स्पोर्ट्स लीग, पौधारोपण, गांवों में रात्रि ठहराव, युवा संसद, ग्राम संसद आदि का आयोजन भी किया जाता है।

शुभ संदेश देता है और इससे सब नागरिकों, विशेषकर बच्चों व युवाओं को प्रेरणा मिलती है। प्रधानमंत्री के फिट इंडिया मिशन को आगे बढ़ाने के लिए हमने हरियाणा में मैराथन, खेल, योग और राहगिरी को निरंतर बढ़ावा दिया है। मुख्यमंत्री ने प्रशासन और सभी संस्थाओं का इस सफल आयोजन के लिए आभार प्रकट किया।

मुख्यमंत्री मैराथन के धावकों के साथ खुली गाड़ी में दूर तक गये व संस्थाओं द्वारा लगाये गये व विभिन्न स्टालों का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इस सफल आयोजन पर बधाई देते हुए कहा कि मुझे विश्वास है कि यह कार्यक्रम अपने उद्देश्य में निश्चित रूप से सफल रहेगा। मैराथन में पहुंचे युवाओं ने खूब धूम मचाई व अपने उत्साह व जोश का परिचय दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैराथन में स्कूल-कालेजो के बड़ी संख्या में विद्यार्थी, युवा खिलाड़ियों के अलावा पुलिस के जवानों ने भी भाग लिया। मैराथन में भाग लेने वाले बुजुर्गों में भी जोश देखने को मिला। 60 साल की आयु पार कर चुके वरिष्ठ नागरिकों ने भी खूब दौड़ लगाई। उन्होंने स्वास्थ्य के प्रति नागरिकों की जागरूकता की भावना की सराहना करते हुए कहा कि यह बहुत ही हर्ष का विषय है कि आज पूरे पानीपत ने दौड़ लगाई है। ऐसी दौड़ जिसमें उत्साह, उमंग, खुशी और मिलकर चलने की प्रेरणा साफ नजर आई। उन्होंने इस मैराथन में नॉन स्टॉप हरियाणा-नॉन स्टॉप जुनून के साथ दौड़ने वाले युवाओं के उत्साह को सलाम किया।

# तीव्र गति से विकास की नई गति देने का होगा प्रयास: कृषि मंत्री

टीम एक्शन इंडिया
**चण्डीगढ़:** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सम्बंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि 17 प्रतिशत तक के नमी वाले धान के एक-एक दाने की खरीद होनी चाहिए और इस संबंध में यदि किसी की शिकायत मिलती है तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। हरियाणा राज्य की मंडियों में एमएसपी पर सरकारी खरीद जारी है व खरीद का पैसा सीधे किसानों के बैंक खाते में जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार किसान भाइयों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है, किसानों के हित में हरियाणा सरकार की एक और नेक पहल के अंतर्गत रबी फसल 2024-25 हेतु गेहूं के प्रमाणित बीजों पर 1,000 रुपये प्रति क्विंटल की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। श्याम सिंह राणा ने केन्द्र सरकार की प्रशंसा करते हुए बताया कि महिलाओं की स्थिति को सुधारने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरूआत हरियाणा से की थी, पिछले 10 वर्षों में महिलाओं के सम्मान में केंद्र व हरियाणा सरकार ने बड़ा कार्य किया है। महिलाओं को सशक्त करने के लिए नारी शक्ति वंदन बिल पास हुआ, सुकन्या समृद्धि योजना, निःशुल्क उज्जवला गैस, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मुद्रा योजना, जन धन आदि बहुत सी योजनाओं से महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है, सेल्फ हेल्प ग्रुप और ड्रोन दीदी के जरिए महिला सशक्तिकरण का कार्य जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान हरियाणा सरकार नॉन स्टॉप हरियाणा और बढ़ता हुआ हरियाणा को लेकर काम करेगी।

## न्यूज फ्लैश

### ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर सवार ग्रामीण की मौत

टीम एक्शन इंडिया
**झज्जर:** गुरुग्राम मार्ग पर गांव याकूबपुर के निकट हुई दुर्घटना में एक ट्रैक्टर सवार ग्रामीण की मौत हो गई। वह किसान खासतौर गांव सोंधी का निवासी था। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा कर मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया है। हादसे का कारण बने ट्रक के चालक की तलाश की जा रही है। गांव याकूबपुर के निकट गुरुग्राम की ओर जा रहे ट्रैक्टर में सामने से आ रहे ट्रक की टक्कर से भीषण हादसा हो गया। घटना में गांव सोंधी के निवासी बंटी की मौत हो गई। हादसे के तुरंत बाद ट्रक का चालक दोषी चालक अपने ट्रक को घटनास्थल पर ही छोड़कर फरार हो गया। कुछ ही देर में घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर सदर थाना झज्जर से पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल झज्जर पहुंचाया गया। जहां पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। बंटी एक और बेटी का पिता था। वह अपने भाई सोनू के साथ ट्रैक्टर पर सवार होकर किसी काम के लिए फरखनगर जा रहा था। सोनू ने पुलिस को हादसे की जानकारी दी। सदर थाना झज्जर से आए मामले के जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक युद्धवीर सिंह ने बताया की सोनू के बयान के आधार पर आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ प्राथमिक सूचना रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और उसकी तलाश आरंभ कर दी गई है। उम्मीद है कि आरोपी ट्रक चालक को जल्द ही काबू कर लिया जाएगा।

### स्वरोजगार के लिए एचएयू की पहल, मशरूम उत्पादन का दिया जाएगा प्रशिक्षण

टीम एक्शन इंडिया
**हिसार:** स्वरोजगार की दिशा में काम करने के इच्छुक नागरिकों के लिए हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान ने अनोखी पहल की है। इसके तहत उन्हें मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर 28 से 30 अक्टूबर तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण में देश व प्रदेश से किसी भी वर्ग, आयु के इच्छुक महिला व पुरुष भाग ले सकेंगे। सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान के सह-निदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. अशोक गोदारा ने रविवार को बताया कि इस प्रशिक्षण में सफेद बटन मशरूम, ओयस्टर मशरूम, दुधिया मशरूम, शीटाके मशरूम, कीड़ाजड़ी मशरूम इत्यादि पर संपूर्ण जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा मशरूम से मूल्य संवर्धित उत्पाद तैयार करना, मार्केटिंग एवं लाइसेंसिंग, मशरूम उत्पादन में मशीनीकरण, मशरूम का स्पान/बीज तैयार करना, मौसमी और वातानुकूलित नियंत्रण में विभिन्न मशरूम को उगाने, मशरूम की जैविक और अजैविक समस्याएं और उनके निदान पर पूर्ण जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण निशुल्क होगा। प्रतिभागियों को संस्थान की तरफ से प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे। इच्छुक युवक व युवतियां पंजीकरण के लिए सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में 28 अक्तूबर को ही सुबह 9 बजे आकर अपना पंजीकरण करवाकर प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण का समय सुबह 9 से दोपहर 4:30 बजे तक रहेगा। यह संस्थान विश्वविद्यालय के गेट नंबर-3, लुदास रोड पर स्थित है। प्रशिक्षण में प्रवेश पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा। पंजीकरण के लिए उम्मीदवारों को एक फोटो व आधार कार्ड की फोटोकॉपी साथ लेकर आनी होगी।

### गौमांस के शक में युवकों की धुनाई

टीम एक्शन इंडिया
**फरीदाबाद:** फरीदाबाद के नेशनल हाईवे नंबर 19 स्थित सोहना फ्लाई ओवर के पास एक ऑटो में कथित तौर पर गौ मांस होने की सूचना पर हंगामा हो गया। लोगों ने ऑटो ड्राइवर और उसके साथ बैठे सहयोगी को पकड़ लिया और इसके बाद चालक की जमकर पिटाई कर दी। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ऑटो, ड्राइवर व मांस को साथ ले गई। कहा जा रहा कि वे मांस की सप्लाई लेकर एक होटल जा रहे थे। पुलिस छानबीन कर रही है। मांस को जांच के लिए लैब भेजा जाएगा। बजरंग दल के सदस्य अनुज ने बताया कि उन्हें रविवार की सुबह जानकारी मिली थी कि एक ऑटो में दो युवक गौ मांस ले जा रहे हैं। लोगों ने उनको सोहना फ्लाई ओवर के पास पकड़ लिया है। जब वे मौके पर पहुंचे तो लोग उनको पीट रहे थे। उन दोनों युवकों को लोगों से छुड़ाया। मामले की सूचना स्थानीय बस अड्डा पुलिस चौकी को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया। दोनों युवकों से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि वह इस मांस को गांव फतेहपुर तगा से लेकर आए थे और बिस्मिल्लाह होटल पर उन्हें इसकी सप्लाई करनी थी। फिलहाल ऑटो में मिले मांस को भी पुलिस ने ऑटो सहित कब्जे में ले लिया है।

# झज्जर: हस्तशिल्प उत्सव में भारतीय और उज्बेकिस्तान की कलाओं का भी हो रहा दीदार

टीम एक्शन इंडिया
**झज्जर: बहादुरगढ़** में चल राष्ट्रीय हस्तशिल्प एवं सांस्कृतिक उत्सव हस्तशिल्प और दूसरी कलाओं के प्रेमियों के लिए खास अवसर बना हुआ है। यहाँ आने वालों को बड़े शिल्पियों से मिलने और उसकी कृतियाँ देखने और खरीदने का अवसर मिल रहा है। इतना ही नहीं, मेले में आए राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिल्पी मेले में आने वाले कला प्रेमियों को निशुल्क प्रशिक्षण दे रहे हैं। रविवार को छुट्टी के दिन लोगों की बहुत भीड़ रही। शाम को लोगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लिया। राजस्थान के जयपुर से पधारे नेशनल अवार्डी चित्रकार हनुमान सैनी अपने स्टाल में ही छात्र छात्राओं को मिनिएचर पेंटिंग सिखा रहे हैं। रविवार को भी काफी विद्यार्थियों ने इसका लाभ उठाया। कितने ही बच्चे इसमें सीख कर इस कला में पारंगत हो चुके हैं। हनुमान सैनी की सहृदयता देखिए, इन बच्चों के फोन आने पर ये उन्हें ऑन लाइन मार्गदर्शन भी दे देते हैं। वह लगातार कई वर्ष से इस मेले में आ रहे हैं। सैंकड़ों छात्र छात्राओं को इस कला में प्रवीण बना चुके हैं, इन बच्चों व इस कला के प्रेमियों को सैनी के आने की खूब इन्तजार रहती है। बहादुरगढ़ में यह सांस्कृतिक उत्सव 30 अक्टूबर तक चलेगा। उत्सव 30



अक्टूबर को रंगारंग कार्यक्रम के साथ समाप्त होगा। नाबार्ड के सहयोग से प्राचीन हस्तशिल्प कारीगर एसोसिएशन बहादुरगढ़ व रूरल एंड अर्बन डेवलपमेंट एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस 10 दिवसीय कार्यक्रम में देशभर से आए शिल्पकार व बुनकर आदि भाग ले रहे हैं। तमिलनाडु से दक्षिण भारतीय साड़ियां, असम का कपड़ा व शिल्प कला, गुजरात का हाथ से बना हुआ कपड़ा, जम्मू कश्मीर व हिमाचल का शॉल, उत्तराखंड का कपड़ा, पंजाब की जूती व फुलकारी सूट, बंगाल की ज्वेलरी, बंगाल का कपड़ा व जूट शिल्प कला, राजस्थान के सांगानेरी प्रिंट व

**मार्गदर्शन**

▶▶ हनुमान सैनी की सहृदयता देखिए, इन बच्चों के फोन आने पर ये उन्हें ऑन लाइन मार्गदर्शन भी दे देते हैं

शानदार मिनिएचर पेंटिंग, आदिवासी क्षेत्र से गोंड पेंटिंग, बनारसी साड़ी, लाख की चूड़ियां, उत्तर प्रदेश की पीतल की मूर्तियां, हरियाणा के रेवाड़ी में बने पीतल के बर्तन और हरियाणा व राजस्थान की लकड़ी पर नक्काशी लोगों को खूब लुभा रही है। महिलाओं के विभिन्न समूहों द्वारा शिल्पकला से बनाई हुई वस्तुएं, दिवाली के अवसर पर मिट्टी के दिये, गणेश लक्ष्मी की प्रतिमाएं व सजावटी सामान भी बिक रहा है। भारतीय किसानों के द्वारा तैयार ऑर्गेनिक उत्पादों को नाबार्ड के इस मेले में खासतौर पर प्रोत्साहन दिया जा रहा है। हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड व जम्मू कश्मीर के किसानों द्वारा ऑर्गेनिक खेती से पैदा किए गए उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं। हिमाचल के परंपरागत व्यंजनों में लोग रुचि दिखा रहे हैं। उज्बेकिस्तान के कपड़े, ज्वेलरी, चीनी मिट्टी से बने बर्तन और वहां की पारंपरिक वेशभूषा मुख्य आकर्षण का केंद्र बने हैं।

# मुश्किल दौर में जज की परीक्षा पास कर गौरव वर्मा ने रचा इतिहास

टीम एक्शन इंडिया
**फरीदाबाद:** 'मर हौसले हों बुलंद, तो आंधियों में भी जलते हैं चिराग' उक्त कहावत को तिगांव क्षेत्र के अशोका एंक्लेव निवासी गौरव वर्मा ने चरितार्थ करते हुए हरियाणा में हरियाणा सिविल सर्विसेज ज्यूडिशियल परीक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण करने में सफलता हासिल की है। गौरव वर्मा की इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार का नाम रोशन किया बल्कि समूचे तिगांव क्षेत्र का नाम भी देशभर में गौरवान्वित किया है। तिगांव क्षेत्र के पूर्व विधायक ललित नागर ने रविवार को अपने साथियों के साथ गौरव वर्मा

**सफलता**

▶▶ पूर्व विधायक ललित नागर ने अपने गौरव वर्मा के निवास पर पहुंचकर उन्हें जज बनने पर बुक्के भेंट कर बधाई दी

के निवास पर पहुंचकर उन्हें जज बनने पर फूलों का बुक्के भेंट कर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। पूर्व विधायक ललित नागर ने कहा कि इस युवा ने अपनी मेहनत और लग्न से यह साबित कर दिया कि अगर कोई भी काम मेहनत और शिद्दत से किया जाए तो मनुष्य को उसमें सफलता अवश्य मिलती है। नागर ने गौरव वर्मा के हौंसले को सलाम करते हुए कहा कि कोरोना महामारी में अपने दादा और पिता को खोने के बाद भी वह अपने लक्ष्य से नहीं भटके और निरंतर मेहनत की। इसी बीच उन्हें इंटरव्यू की कॉल आ गई और उनके भाई सडक दुर्घटना में बुरी तरह से जख्मी हो गए, लेकिन गौरव ने हौंसला नहीं खोया और जहां भाई का बेहतर इलाज करवाया वहीं इंटरव्यू देकर ज्यूडिशरी की परीक्षा उत्तीर्ण की।

# महिला से बाइक सवार तीन युवक बालियां छीनकर भागे

टीम एक्शन इंडिया
**फतेहाबाद: जिले के शहर टोहाना** में बाइक सवार तीन युवक एक महिला से सोने की बालियां छीनकर फरार हो गए। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और केस दर्ज कर युवकों की तलाश शुरू कर दी है। रविवार को पुलिस को दी शिकायत में तिलक नगर टोहाना निवासी कृष्णा देवी ने कहा है कि गत दिवस दोपहर को वह अपने प्लाट ईदगाह कालोनी, दमकौरा रोड टोहाना से वापस अपने घर जा रही थी।

# हरियाणा पुलिस में सेक्स रैकेट चलाने के आरोपों को जांच शुरू

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़: हरियाणा** में आई पी एस अफसर पर लगाए गए यौन शोषण के आरोपों की जांच शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने वायरल चिट्ठी पर संज्ञान लेते हुए डीजीपी शत्रुजीत कपूर को जांच के आदेश दिए। इसके बाद फतेहाबाद की एसपीआस्था मोदी को जांच सौंपी गई। आस्था मोदी ने कहा है कि इस मामले में अभी तक 19 पुलिस कर्मचारियों के बयान दर्ज किए गए हैं। पुलिस कर्मचारियों के शिकायत देने की बात अभी सामने नहीं आई है। यह षड्यंत्र है या नहीं, इसे लेकर कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। जांच अभी चल रही है। हरियाणा महिला आयोग ने भी मामले पर कड़ा संज्ञान लिया है। आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने हरियाणा के डीजीपी को मामले की निष्पक्ष जांच करने के लिए कहा है। मामले में अब तक की गई जांच की रिपोर्ट 24 घंटे के अंदर आयोग को भेजने के भी आदेश दिए हैं। इसके अलावा आदेश दिए हैं कि जींद के एसपी30 अक्टूबर को आयोग के समक्ष पेश हों। आयोग की अध्यक्ष ने कहा है कि आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा। चाहे वह कितने ही बड़े पद पर क्यों न हो बैठा हो। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को लिखी 7 महिला पुलिसकर्मियों के हस्ताक्षर वाली चिट्ठी वायरल हुई थी। चिट्ठी में आरोप लगाया गया था कि आई पी एस अफसर ने एक महिला पुलिस

**जांच के आदेश**

▶▶ मुख्यमंत्री नायब सैनी ने वायरल चिट्ठी पर संज्ञान लेते हुए डीजीपी शत्रुजीत कपूर को जांच के आदेश दिए

अधिकारी से मिलकर शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव बनाया। ऐसा नहीं करने पर वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट खराब करने की धमकी तक दी। महिला पुलिसकर्मियों ने घटना के बारे में महिला डीएसपी को भी बताया, लेकिन उन्होंने कहा कि आगे बढ़ना है तो यह सब करना पड़ेगा। महिला पुलिसकर्मियों ने कहा है कि अगर उनकी शिकायत पर गौर नहीं किया तो वह आत्महत्या के लिए मजबूर हो जाएंगी। आरोपों पर आई पी एस अधिकारी ने कहा है कि चिट्ठी में जिसके नाम हैं, वह सभी कह रहे हैं कि यह हमारी ओर से नहीं लिखा गया है। इसके लिए मैंने फिर भी जांच के लिए अनुरोध किया है। जांच होने के बाद सच्चाई सामने आ जाएगी। डीजीपी को मामले से अवगत करवा दिया गया है। आई पी एस ऑफिसर सुंदर महिलाओं पर नजर रखता है। मैं एक महिला पुलिसकर्मी हूं और अपना काम ईमानदारी से करती हूं। मेरे जिले में तैनात आई पी एस अधिकारी सुंदर महिला पुलिस कर्मचारियों पर गंदी नजर रखते हैं।

# दिवाली बाद होंगे एसपी और डीसी के तबादले !

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़: हरियाणा** विधानसभा चुनाव में कथित रूप से कांग्रेस की मदद करने वाले अधिकारियों पर सरकार जल्द ही कार्रवाई कर सकती है। शुरूआत जिलों के पुलिस अधीक्षक और उपायुक्तों के तबादलों से होगी। दिवाली के बाद यह कार्रवाई की जा सकती है। सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री नायब सैनी की निगरानी में ऐसे अधिकारियों की सूची तैयार की जा रही है। आने वाले 31 अक्टूबर को ही मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद रिटायर्ड हो रहे हैं। प्रसाद के जाने के बाद अफसरशाही में बदलाव होने की पूरी संभावना है। सूत्रों ने बताया है कि हरियाणा विधानसभा चुनाव



के दौरान सरकार को कई अफसरों व कर्मचारियों की ओर से कांग्रेस की मदद करने की सूचना मिली थी। इनमें कई जिलों के डीसी, एस पीऔर डीएसपी तक शामिल थे।सरकार के पास विधायकों व जिलाध्यक्षों के जरिए ऐसे अफसरों व कर्मचारियों की रिपोर्ट पहुंच चुकी है। इस रिपोर्ट के आधार पर ही अब तबादले की सूची तैयार की जा रही है। हाल में पंचायत और विकास मंत्री कृष्णलाल पंवार ने कहा था कि हरियाणा में 8 अक्टूबर को मतगणना से पहले ही अधिकारी पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा के पास माथा टेकने पहुंच गए थे। वहां भाजपा के खिलाफ रणनीति तक बनाई गई थी। पंवार ने दावा किया था कि यह मीटिंग दिन में नहीं, बल्कि रात के अंधेरे में हुई थी। साथ ही उन्होंने कहा था- इनके नाम अब सीएम नायब सैनी के पास पहुंच गए है। उन्होंने अधिकारियों को कहा था कि अधिकारी अब सामान्य अवस्था में आ जाएं। वह भी सरकार का हिस्सा हैं। वह निष्ठा से काम करें। अधिकारी दिमाग से यह बात निकाल दें कि भविष्य में कांग्रेस की सरकार आएगी।

**कार्रवाई**

▶▶ मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद रिटायर्ड हो रहे अफसरशाही में बदलाव होने की पूरी संभावना

# लॉटरी निकलने का झांसा देकर हड़पे ढाई लाख

टीम एक्शन इंडिया
**जींद:** जींद में साइबर क्राइम के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ईक्कस गांव निवासी जगमाल को 25 लाख रुपये की लॉटरी निकलने का झांसा देकर साइबर ठगों ने दो लाख 71 हजार रुपये हड़प लिए। पुलिस ने शनिवार देर रात मामला दर्ज किया है। साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में ईक्कस गांव निवासी जगमाल सिंह ने बताया कि 20 तारीख को उसके पास एक अनजान नंबर से मैसेज आया था। समें बताया कि उसकी 25 लाख रुपये की लॉटरी लगी है। उसे यकीन हो गया और जिस नंबर से मैसेज आया था, उस पर कॉल की।

**फर्जीवाड़ा**

▶▶ ईक्कस गांव निवासी जगमाल सिंह ने बताया कि 20 तारीख को उसके पास एक अनजान नंबर से मैसेज आया था

आरोपित ने बताया कि उसकी लॉटरी लगी है, जिसे प्राप्त करने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाना पड़ेगा। इसकी 8 हजार रुपये फीस लगेगी। उसे विश्वास हो गया, इसलिए उनके दिए नंबर पर आठ हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद आरोपित ने कहा कि रजिस्ट्रेशन हो गया है, अब 18 हजार 500 रुपये फाइल फीस देनी होगी। उसने आरोपित के दिए इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक खाते में 18500 रुपये ट्रांसफर कर दिए। कुछ देर बाद आरोपित का फोन आया कि लॉटरी की रकम पास हो गई है, जल्द ही उसके खाते में राशि आ जाएगी। कुछ देर बाद उसने फोन किया और कहा कि लॉटरी के प्रोसेसिंग चार्ज के तौर पर उसे 36800 रुपये और देने होंगे। उसने सोचा कि 25 लाख रुपये की लॉटरी लगी है, और यह राशि उसके खाते में आ ही जानी है, इसलिए 36 हजार 800 रुपये और आरोपितों के दिए गए बैंक खाते में भेज दिए।

# डेंगू-मलेरिया मरीजों का निशुल्क इलाज सुनिश्चित करे सरकार: सैलजा

## भाजपा सरकार की लापरवाही से बढ़ रहे डेंगू-मलेरिया के मामले, प्रदेश में न कहीं फॉगिंग करवाई, न ही मरीजों की देखभाल के उचित प्रबंध

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा से लोकसभा सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश में डेंगू व अन्य बुखार के केस बढने के लिए सीधे तौर पर भाजपा सरकार जिम्मेदार है। राज्य सरकार ने डेंगू की आहट को भांपते हुए कहीं पर भी एहतियात के तौर पर फॉगिंग नहीं करवाई, न ही लोगों के बीच जागरूकता फैलाने का प्रयास किया। महीने भर से प्रदेश में तेजी से डेंगू-मलेरिया के मामले बढने के कारण लोग इलाज के लिए निजी अस्पतालों का रूख कर रहे हैं। ऐसे में राज्य



सरकार को चाहिए कि वह डेंगू-मलेरिया व अन्य बुखार से पीड़ित मरीजों का समुचित इलाज निशुल्क कराने का इंतजाम करे। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा सरकार को प्रदेश की जनता के स्वास्थ्य की कोई फिक्र नहीं है। स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही के मामले औसतन हर सप्ताह प्रदेश के किसी न किसी कोने से आते रहते हैं। इसके बावजूद न तो स्वास्थ्य

**सरकार को घेरा**

▶▶ राज्य सरकार ने डेंगू की आहट को भांपते हुए कहीं पर भी एहतियात के तौर पर फॉगिंग नहीं करवाई

सेवाओं को दुरुस्त किया गया और न ही स्वास्थ्य विभाग की बिगड़ चुकी सेहत को सुधारने के लिए कोई कदम उठाया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जब डेंगू, मलेरिया व अन्य बुखार का सीजन हर साल आता है तो फिर भाजपा सरकार ने पहले से तैयारी क्यों नहीं की। शहरों व गांवों में न तो फॉगिंग करवाई गई और न ही मलेरिया व अन्य बुखार को देखते हुए संवेदनशील घोषित इलाकों में मच्छरदानी वितरित की गई। यही नहीं, सरकारी अस्पतालों में डेंगू मरीजों के समुचित इलाज के लिए भी पूरे इंतजाम नहीं किए गए। अब अन्य सालों के मुकाबले डेंगू-मलेरिया व अन्य बुखार के मरीजों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है, फिर भी भाजपा सरकार चुप्पी साधे हुए है। कुमारी सैलजा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में लैब, पैरा मेडिकल स्टाफ, डॉक्टर और स्पेशलिस्ट डॉक्टर के हजारों पद खाली पड़े हैं।

# विधानसभा के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी को निष्क्षता के साथ निभाऊँगा: कल्याण

## पुष्पगुच्छ, आतिशबाजी, ढ़ोल नगाड़ों व फूल मालाओं से जगह-जगह किया गया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने के बाद रविवार को भाजपा कार्यालय कर्ण कमल पहुंचे, जहां पर असंध के विधायक योगेन्द्र राणा, करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, नीलोखेड़ी के विधायक भगवान दास कबीरपंथी, कार्यकारी जिला अध्यक्ष बृज गुप्ता, पूर्व मंत्री शशीपाल मेहता ,पूर्व मेयर रेनू बाला गुप्ता , पूर्व ओएसडी संजय बठला, भाजपा नेता अशोक सुखीजा, अशोक भंडारी, निर्मल बैरागी, पूर्व विधायक कश्यप, जिला महामंत्री सुनील गोयल व जयभगवान सिकरी, उपाध्यक्ष राजबीर शर्मा व प्रवीन लाठर,



सोहन सिंह राणा, धीरज खरकारी, मेहर सिंह, जिला मीडिया प्रभारी डा. अशोक तथा मेघा भंडारी, मदन गुजर, कर्मबीर कल्याण सहित भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता ने हरविंद्र कल्याण का पुष्पगुच्छ, आतिशबाजी, ढ़ोल नगाड़ो व फूल मालाओ से स्वागत व गर्मजोशी से अभिनंदन किया तथा एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण के स्वागत का यह कार्यक्रम रविवार को कुरुक्षेत्र जिला से शुरू हो गया था। रास्ते में नीलोखेड़ी विधानसभा के क्षेत्र में प्रवेश करने पर विधायक भगवानदास कबीरपंथी के नेतृत्व में राष्ट्रीय राजमार्ग पर माता काली

**अभिनंदन**

**▶▶ कल्याण ने भी कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए अभिनंदन को सहर्ष और हाथ जोडकर अभिवादन स्वीकार किया**

मंदिर, तरावड़ी, झिझाड़ी स्वागत किया गया। इसके बाद ओसियस कर्ण लेक, बलडी बाईपास चौक, बसंत विहार चौक, आईटीआई चौक, कर्ण कमल कार्यालय, सेक्टर-6 चौक, ताऊ देवीलाल चौक, कम्बोपुरा, पक्का पुल उंचा समाना तथा कल्याण फॉर्म हाउस पर सैकड़ों कार्यकताओं ने सहित भारी संख्या में लोगों ने पुष्पगुच्छ, आतिशबाजी, ढ़ोल नगाड़ो व फूल मालाओं से स्वागत किया। विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने भी कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए अभिनंदन को सहर्ष और हाथ जोडकर अभिवादन स्वीकार किया। कार्यकताओं ने जगह-जगह लड्डू बांटकर खुशी जाहिर की और कार्यकर्ता बीच-बीच में सेल्फी लेते नजर आए। हरविंद्र कल्याण ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि विधानसभा के पक्ष व विपक्ष के सभी सदस्यों ने मुझे हरियाणा विधानसभा का अध्यक्ष निर्विरोध चुना हैं, इसके लिए मैं सभी का धन्यवाद करता हूं। मुझे बतौर विधानसभा अध्यक्ष की जो जिम्मेवारी मिली है, मैं उसे निष्पक्षता व पूरी ईमानदारी से निभाते हुए सदन को सुचारू रूप से चलाने का पूरा प्रयास करूंगा।

# विधायक ने विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के कार्यक्रम में की शिरकत

**माथा टेका**

**▶▶ प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित समागम में श्री दरबार साहिब जी के समक्ष माथा टेका**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने रविवार को शहर में विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के कार्यक्रम में शिरकत की। इसके साथ-साथ उन्होंने रक्तदान शिविर में भी रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया और उन्हें सर्टिफिकेट वितरित किए। विधायक जगमोहन आनंद ने कलंदरी गेट स्थित डेरा कार सेवा में गुरु श्री रामदास जी के प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित समागम में श्री दरबार साहिब जी के समक्ष माथा टेका और सर्व समाज की भलाई के लिए कामना की। इस मौके पर सिख संगत द्वारा लगाए गए रक्तदान शिविर में पहुंचकर रक्तदाताओं की हौसला अफजाई कर उन्हें प्रशस्ति पत्र भी वितरित किये। इस अवसर पर लंगर प्रसाद भी ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि गुरु श्री रामदास जी के प्रकाश उत्सव पर रक्तदान शिविर का आयोजन बेहद सराहनीय है। इससे जरूरतमंद लोगों की मदद होती है, जिन्हें खून की आवश्यकता होती है। हमारे शरीर के बहुत से अंग वैज्ञानिकों द्वारा कृत्रिम तरीके से बनाए जा सकते हैं, लेकिन खून हमें मानव शरीर से ही लेना पड़ता है। ऐसे में रक्तदान महादान है।

विधायक जगमोहन आनंद ने सेक्टर-9 स्थित ब्रह्माकुमारीज आश्रम में पहुंचकर बीके निर्मल दीदी जी एवं बीके उर्मिल दीदी जी का आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारी आश्रम का योगदान सामाजिक और आध्यात्मिक क्षेत्र में अमूल्य है। आपके विचारों से समाज समृद्ध होता है और हमें भी लोक कल्याण की प्रेरणा मिलती है। यदि व्यक्ति के विचार शुद्ध होते हैं तो उसका आचरण भी अच्छा होता है।

# युवक की हथियार से हत्या कर शव को खाली प्लॉट में फेंका



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** करनाल में एक युवक की हत्या कर शव को सेक्टर 32-33 स्थित फैक्ट्री के पीछे खाली प्लॉट में फेंक दिया गया। यह घटना तब सामने आई, जब आज दोपहर कुछ लोग वहां से गुजर रहे थे और उन्होंने प्लॉट में युवक का शव पड़ा देखा। उन्होंने तुरंत इसकी पुलिस को सूचना दी। इसके बाद सेक्टर 32-33 थाना के एसएचओ, डीएसपी और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाने में लग गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम हाउस में भिजवा दिया। मृतक की उम्र करीब 20 से 22 साल बताई जा रही है, लेकिन अब तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस का कहना है कि हत्या रात के समय की गई है। मृतक के चेहरे और सिर पर तेजधार हथियार या भारी पत्थर से प्रहार करने के

**तफ्तीश जारी**

**▶▶ एसएचओ, डीएसपी एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाने में लग गई**

निशान होने की आंशका है। मृतक युवक ने ब्लैक रंग की शर्ट, ब्लू रंग की पैंट और काले जूते पहने हुए हैं। उसके हाथ में एक कड़ा है, जिस पर राधे राधे लिखा हुआ है। पुलिस आसपास की कॉलोनियों में पूछताछ कर रही है, ताकि मृतक की पहचान हो सके, लेकिन अब तक कोई सफलता नहीं मिली है। थाना प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है। फुटेज के जरिए आरोपियों का सुराग मिलने की संभावना है।

# गुरु रामदास जी का प्रकाश पर्व मनाया गया

**कारसेवा**

**▶▶ कार सेवा के प्रमुख पंथ प्रचारक बाबा सुक्खा सिंह के मार्गदर्शन में मनाया गया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** सिख परंपरा के अंतर्गत चौथी पातशाही श्री गुरु राम दास जी महाराज का प्रकाश पर्व परपंरा कारसेवा में आज डेरा कार सेवा के प्रमुख पंथ प्रचारक बाबा सुक्खा सिंह के मार्गदर्शन में मनाया गया। इस अवसर पर दीवान सजाया गया। दिनभर गुरु का अटूट लंगर बरताया गया। सुबह से धमार्लु गुरु साहेब के आगे मत्था टेकने के लिए पहेंचे। आज गुरु का गुणगान दूर-दराज से आए रागी ढाडी जत्थों ने किया। मंजी साहेब गुरूद्वारा कमेटी तथा एचजीपीसी के सदस्य रतन सिंह, गुरु नानक सेवक जत्थे के राजेंद्र मिड्ढा, प्रतिपाल सिंह, सतेंद्र सिंह, अमन मिड्ढा, प्रीत मिड्ढा, मंजीत, सतिंदर सिंह, तेजेन्द्र सिंह, गुरजीत बजाज, मोंटू आहुजा, कंवलजीत सिंह ने बताया कि डेरा कारसेवा में सुबह नौ बजे से प्रकाश उत्सव पर गुरुमत समागम कार्यक्रम चलता रहा। गुरुमत समागम में भाई सर्वजीत सिंह पटना साहेब वाले, भाई मेहताब सिंह ने गुरु की महिमा का गान किया।

इस अवसर पर निफा के सहयोग से रक्तदान कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। गुरमत समागम में गुरु के आगे मत्था टेकने के लिए विधायक जगमोहन आनंद और स्टाफ सर्विस सिलेक्शन कमीशन के सदस्य कपिल अत्रेजा भी पहुंचे।

अतिथियों को गुरनानक सेवा जत्थे तथा एचएसजीपीसी के सदस्य रतन सिंहगुरु पर्व प्रबंधक कमेटी के प्रधान वरिंदर सिंह और महासचिव इंद्रपाल सिंह ने सिरोपा भेंटकर सम्मानित किया। गुरु का अटूट लंगर बरता जाएगा।

# फसल अवशेष जलाने पर 3 किसानों के खिलाफ मामले दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** प्रदेश में फसल अवशेष जलाने पर प्रतिबंध के बावजूद किसान अपने खेतों में फसल अवशेषों को आग के हवाले कर रहे है। फसल अवशेषों में आग लगाने वाले तीन किसानों के खिलाफ कृषि विभाग ने पुलिस में केस दर्ज करवाया है। चोरी छिपे आगजनी की घटना हरसेक सेटेलाइट के रडार पर आ गई, जिसके बाद कृषि विभाग की टीम ने मौके का मुआयना किया और प्रतिबंध के बावजूद अवशेषों में आग लगाए जाने पर पुलिस को शिकायत दी। इसके आधार पर पुलिस ने आरोपी किसान के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

धान के अवशेष जलाने की घटनाओं को देखते हुए डीसी करनाल ने ग्राम स्तर पर संयुक्त निगरानी टीमों का गठन किया है। इन टीमों में कृषि विभाग के अधिकारी, पटवारी और ग्राम सचिव शामिल हैं, जो खेतों का निरीक्षण कर रहे हैं।


जांच के दौरान पाया गया कि असंध, फैजलीपुर माजरा और प्योंत गांव के किसानों ने फसल अवशेष जलाकर जिला प्रशासन के आदेशों की अवहेलना की है।

# कहासुनी में दोस्त की चाकू घोंपकर हत्या, दूसरा घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जुंडला गेट क्षेत्र में बीती रात शराब पीने के दौरान चार दोस्तों में कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि एक युवक ने अपने ही दो दोस्तों पर चाकू से हमला कर दिया। इसमें एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान 30 वर्षीय रवि के रूप में हुई है।

घायल दीपक ने बताया कि कोट मोहल्ले में हम 4 लोग अपने ही घर पर बैठकर ड्रिंक कर रहे थे। रात करीब डेढ़-पौने 2 बजे हम



घर से बाहर कुछ सामान लाने के लिए निकले। इसी दौरान हमारी आपस में बहस हो गई। बहस खूनी संघर्ष में बदल गई। रजत ने चाकू निकाला और रवि पर हमला कर दिया। मैंने बीच बचाव करने की कोशिश की तो रजत ने मुझ पर भी वार कर दिया। मेरे पेट में थोड़ा सा चाकू लगा। रवि गंभीर रूप से घायल हो चुका था। इसके बाद रजत वहां से फरार हो गया। रवि भी वहां से निकल गया, लेकिन 10 कदम दूर जाकर गिर गया और बेसुध हो गया। उसे तुरंत कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

जांच अधिकारी सुल्तान सिंह ने बताया कि दो युवकों की कहासुनी हुई थी। हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एक युवक का

# विद्यार्थियों और शिक्षकों ने हर्षोल्लास के साथ मैराथन में हिस्सा लिया

**जागरूक किया**

**▶▶ श्याम जांगड़ा ने बताया कि मैराथन का एकमात्र उद्देश्य योग के प्रति सभी को जागरूकता करना है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**

जौरीसी रोड, समालखा स्थित गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने पानीपत में हुई मैराथन में बड़े हर्षोल्लास के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया । मैराथन में हिस्सा लेने के लिए विद्यार्थियों में एक अलग ही जोश था। विद्यार्थियों के साथ डी०पी० राहुल और अन्य अध्यापकगण विद्यार्थियों के साथ स्कूल से रवाना हुए ।स्कूल की मुख्यध्यापिका डा० अभिलाषा कादियान ने बच्चों को बताया कि मैराथन का उद्देश्य सबको फिटनेस के प्रति जागरूक करना है। इसके अलावा, मैराथन का अनुभव समुदाय की एक मजबूत भावना को बढ़ावा देता है क्योंकि धावक समान लक्ष्यों वाले अन्य लोगों के साथ यात्रा साझा करते हैं। मैराथन प्रशिक्षण की शारीरिक और मानसिक चुनौतियाँ भी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य लाभ प्रदान करती हैं, जिससे हृदय संबंधी फिटनेस और मानसिक लचीलापन बेहतर होता है। इस अवसर पर प्रबंधक राधे श्याम जांगड़ा ने बताया कि मैराथन का एकमात्र उद्देश्य योग के प्रति सभी को जागरूकता करना है। उन्होंने बताया की यह सभी के लिए यह एक संदेश है की अपने रोजाना के जीवन से कुछ पल निकाल कर अपनी सेहत को भी देने जरूरी है। ताकि स्वस्थ रह कर जीवन को सफल बनाया जा सके। मैराथन में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों का प्रबंधक महोदय ने स्कूल में स्वागत किया।

# सरकार पराली समस्या का समाधान निकाले: सांसद दीपेंद्र हुड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि किसान गेंहू की बिजाई के लिये जरुरी डीएपी खाद के लिये दर-दर भटक रहा है। किसान को मंडियों में धान का उचित मूल्य भी नहीं मिल रहा है बल्कि डीएपी खाद किसी कीमत पर भी नहीं मिल रही है। सरकार ने कहा था कि धान खरीद 3100 रुपये में होगी। लेकिन सरकार ने कभी किसानों के हित का संज्ञान नहीं लिया। किसानों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। सरकार को तुरंत ध्यान देना चाहिए। पराली प्रदूषण के मुद्दे पर सरकार को किसान विरोधी बताते हुए दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि



किसानों पर 2 साल तक मंडियों में फसल बेचने का प्रतिबंध, ऋक्रफ़ उचित नहीं है जबकि फैक्ट्रियों से निकलने वाला प्रदूषण पराली से कहीं ज्यादा होता है तो क्या सरकार फैक्ट्रियों पर भी 2 साल तक बिक्री का प्रतिबंध लगा देगी। ये सही नहीं है, सरकार को पराली की समस्या का समाधान निकालना चाहिए। किसानों को इन्सेंटिव देकर इस समस्या को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि सांसद दीपेंद्र हुड्डा आज कई सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल हुए। वे सोनीपत के गांव कथूरा में एआईसीसी सचिव प्रदीप नरवाल के चाचाजी के निधन पर उनसे मिलकर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे। दीपेंद्र हुड्डा ने शोकाकुल परिवार से मिल कर उन्हें ढांढस बंधाया और सांत्वना दी। इसके बाद उन्होंने लिटिल पैंथर स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में भी शिरकत की और छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान सोनीपत सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, विधायक इंदुराज नरवाल, पूर्व विधायक जगबीर मलिक, पूर्व विधायक बलबीर बाल्मीकि, अक्ळउ सचिव प्रदीप नरवाल वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं समेत बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**मांग**

**▶▶ गेंहू की बिजाई के लिये जरुरी डीएपी के लिये दर दर भटक रहा है किसान - दीपेंद्र हुड्डा**

**▶▶ न तो किसान को धान का उचित मूल्य मिल रहा न तो डीएपी खाद किसी कीमत पर मिल रही - दीपेंद्र हुड्डा**

# दांडिया के साथ गीतों भरी शाम का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मनिंदर बब्बू कैरोके क्लब द्वारा देर रात दांडिया नाइट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सदस्यों ने सदाबहार गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का आगाज दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। अरुण राजपाल ने उपस्थित जनों को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मनिंदर बब्बू ने किया। इस अवसर पर विनय छाबड़ा, अनिरुद्ध कालड़ा, पुष्पा कालड़ा, अरुण राजपाल, योगिंदर सिसोदिया, अनुपमा, अंजली शर्मा, रंजीत गिल, जगमोहन सिंह, पूनम राकेश बंसल, अनीता गुप्ता, अनिल गिरधर, नीलम छाबड़ा, हरीश वधावन, अमरजीत सिंह, अरुण थापर, रश्मि थापर, विनोद भाटिया, विजय शर्मा मौजूद रहे।

# भूपेंद्र हुड्डा को 20 साल आजमा लिया, पार्टी को घटाने का काम किया: शमशेर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता और असंध से पूर्व विधायक शमशेर सिंह गोगी ने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा को 20 साल तक आजमा लिया है। साल 2005 में कांग्रेस की सरकार आई थी तो 67 विधायक बने थे। इसके बाद भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में 3 इलेक्शन लड़े गए। उन्होंने पार्टी को घटाने का काम किया। पार्टी कभी उनके नेतृत्व में नहीं जीती। कांग्रेस को किसी दूसरे नेता को आजमाकर देखना चाहिए।

पत्रकारों से बातचीत में शमशेर



सिंह गोगी ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस, कांग्रेस से लड़ रही है। उसकी भाजपा से लड़ाई ही नहीं है। भाजपा के लोग समाज को बांट रहे हैं। संविधान के खिलाफ बात करने वाले मुख्यमंत्री के खिलाफ मामला दर्ज होना चाहिए। मुझे नायब सैनी के सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है। सीएम नायब सैनी आपके बयानों को लेकर काफी ठहाके लगाते हुए तंज कसते हैं। चाहे आप हो, राहुल गांधी, या फिर कांग्रेस हो, इस सवाल के जवाब में शमशेर सिंह गोगी ने कहा कि नायब सैनी चीफ मिनिस्टर बन गए हैं, वह एक अलग बात है। नायब सिंह सैनी मुझे जानते नहीं हैं। मुझे सारी जनता जानती है। इस तरह के आदमियों से मुझे सर्टिफिकेट की भी जरूरत नहीं है। मैं इसके बारे में कुछ कहना नहीं चाहता। एक कहावत है-जो चोर होता है, उसे सारी दुनिया चोर ही नजर आती है।

# सहकारिता विभाग के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाएंगे: शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोहाना:** सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा है कि प्रदेश की युवा शक्ति को बेहतर दिशा देने के लिए सहकारिता विभाग युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रणनीति बना रहा है। उन्होंने कहा कि बिना पर्ची-बिना खर्ची के तकरीबन 25 हजार नौकरी देकर हजारों परिवारों को मुख्यमंत्री नायब सैनी ने दीवाली का तोहफा देने का काम किया है और अब प्रदेश में 2 लाख पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया होंगी, जिसके लिए हमारे युवाओं को मेहनत करनी चाहिए। रविवार को गोहाना सिंचाई विश्राम गृह में कार्यकर्ता बैठक में पहुंचने पर कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा का कार्यकताओं और क्षेत्रवासियों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।



सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश के युवाओं को 2 लाख सरकारी नौकरी देने के वायदे पर सरकार काम कर रही है। युवा शक्ति का बेहतर इस्तेमाल करने और उन्हें सकारात्मक दिशा देने के लिए सहकारिता विभाग द्वारा सोसायटी बनाकर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की रणनीति बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को इस दिशा में काम करने के निर्देश दे दिए गए हैं। हम हर युवा पर ध्यान देंगे और उसे मेहनत करने के लिए प्रेरित करेंगे, ताकि बिना सिफारिश भी वह केवल अपनी योग्यता पर नौकरी पा सके। उन्होंने कहा कि आज 25 हजार नौकरी युवाओं को बिना पर्ची-खर्ची मिली हैं, क्या कांग्रेस शासन में 25 युवाओं को भी इस प्रकार नौकरी मिलना सम्भव था? कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि गोहाना विधानसभा में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं रहेगी। हर गांव, हर वार्ड में विकास कार्यों को करवाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि हलके के गांवों में विभिन्न विकास कार्यों के लिए साढ़े 16 करोड़ रुपए की राशि मंजूर की जा चुकी है और इन विकास कार्यों को जल्द शुरू करवाया जाएगा। सहकारिता, जेल व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा आमजन द्वारा उनके सामने रखी जाने वाली समस्याओं के समाधान के लिए वह काम करेंगे और उनके हर कागज की पूरी कद्र की जाएगी। उन्होंने कहा कि उनके ऊपर अब पूरे प्रदेश की जिम्मेदारी है, इसलिए गोहाना हलके में दो दिन तय कर दिए जाएंगे, जिसमें वह केवल उनकी समस्याओं व मांगों का निदान करेंगे। डॉ अरविंद शर्मा ने स्पष्ट किया कि वो हर वर्ग, हर समुदाय को साथ लेकर चलेंगे, ताकि समान भावना के साथ विकास कार्यों को रफ्तार दी जा सके।

**स्वावलंबी**

**▶▶ 25 हजार नौकरी देकर हजारों परिवारों को मुख्यमंत्री ने दीवाली का तोहफा देने का काम किया है**

संपादकीय

# दीपशिखा भारत का मन है

**तीन दिन बाद** भारत में दीपपर्व है। वातावरण मधुवाता है। कुछ दिन पहले गर्म हवाओं के झोंके थे। संप्रति वातायन में न शीत है और न ही उमस ताप। वर्षा रानी भी गरज बरस कर चली गईं। धन का पर्व धनतेरस है। भारत ने अपनी करेन्सी को रूपया कहा। मुद्रा का रूपया नाम और भी दिलचस्प। रूप-या संस्कृत से आया है। रूप-या का अर्थ हुआ-जो रूप है। रूपया बड़ा मजेदार है। आकर्षण भी है। रूप में यह कागज है। इस रूप के भीतर समस्त भौतिक वस्तुए छुपी हैं। यहाँ रूपया दो, जो पसंद है वह लो। रूपया बड़ा शक्तिशाली है। ऋग्वेद में उचित ही मुद्रा को देवताओं जैसा शक्तिशाली बताया गया है। तरह-तरह के रूप धारण करना। रूपया बहुरूपया है। धनतेरस और दीपावली लक्ष्मी आराधना की मुहूर्त है। लक्ष्मी मनुष्य को धनार्जन शुभ लाभ देती हैं। अर्थशास्त्र में उद्यमी को साहसी बताया गया है। वह साहस करता है, कारखाना वगैरह लगाता है। साहस का प्रतिफल पाता है। शुभ लाभ भारतीय चिन्तन का विकास है। लाभ में श्रमिकों का शोषण, टैक्सचोरी और भ्रष्टाचार भी शामिल है। शुभ लाभ ईमानदार उद्यमी का हिस्सा है। पर्व त्योहार दिक और काल के भीतर हैं। देव प्रकाशवाची हैं। जहां-जहां ज्योतिर्गमय प्रकाश, वहा वहां दिव्यता और वहां-वहां देवता। हम भा-रत हैं। भा अर्थात प्रकाश, रत यानी संलग्न। माना जाता है कि प्रकाश और अंधकार का संघर्ष सनातन है। लेकिन यह सही नहीं है। अंधकार और प्रकाश दो नहीं हैं। प्रकाश का शून्य हो जाना अंधकार है। इसी तरह अंधकार शून्य होना प्रकाश है। सूर्य प्रकाश पुंज है। उन्हें नमस्कार हमारी संस्कृति है। हम चन्द्र को अर्घ्य देकर पूंजते हैं। चन्द्र ब्रह्माण्ड का मन है। पूर्णिमा का प्रकाश उपास्य है। दूसरे ही दिन से चांद घटने लगता है और अमावस तक रोजाना घटता है। अमावस परिपूर्ण अंधकार रात्रि है। अगले दिन से अंधकार पिटता है, प्रकाश बढ़ता है, 15 दिन बाद पूर्णिमा आती है। पूनो (पूर्णिमा) का चन्द्र अपनी पूरी आभा, प्रभा दीप्ति और प्रीति के साथ खिलता है। भारत ने प्रत्येक पूर्णिमा को उत्सव बनाया। अषाढ़ पूर्णिमा का चन्द्र बादलों से भी ढकता है। लेकिन उन्मुक्त चमकता है सो इस रात गुरू पूर्णिमा। श्रावण की पूर्णिमा रक्षाबंधन होती है लेकिन शरद् चन्द्र का क्या कहना? बहुत दूर आसमान में बैठा शरद् चन्द्र धरती की प्रीति में अमृतघट उलीचता है, भारत ने शरद् पूनो के चन्द्र को बहुत प्यार किया है। वैदिक ऋषि सौ शरद् जीने के अभिलाषी थे-जीवेम शरदं शतं। सौ शरद् देखना भी चाहते थे-पश्येम शरदं शतं।

शरद पूनो की दीप्ति प्रीति ज्यादा गाढ़ी है ठीक वैसे ही 15 दिन बाद आने वाली कार्तिक अमावस्या का अंधकार बाकी अमावसों से ज्यादा गाढ़ा और गहरा जान पड़ता है। भारत ने प्रगाढ़ अंधकार वाली इस रात्रि को दीपोत्सव बनाया। शरद् पूर्णिमा की रात रस, गंध, दीप्ति, प्रीति, मधु, ऋत और मधुआनंद तो इसके ठीक बाद झमाझम दीपमालिका। कार्तिकी अमावस का अंधकार प्रकाश की अनुपस्थिति ही नहीं होता। माना जाता है कि यह अस्तित्वगत होता है, अनुभूति प्रगाढ़ हो तो पकड़ में आता है। जहां जहां तमस् वहां वहां प्रकाश-दीप। प्राचीन पूर्वजों की कर्मशक्ति का रचा गढ़ा तेजोमय प्रकाश है। प्रकाश ज्ञानदायी और समृद्धिदायी भी है। भारत दीप पर्व की रात रात केवल भूगोल नहीं होता। भारत इस रात दिव्य दीपशिखा हो जाता है।

# एक प्रत्याशी के दो निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ना लोकहित में नहीं



डॉ प्रदीप उपाध्याय

"चुनाव का अधिकार ही वह अधिकार है, जो लोकतंत्र और तानाशाही में भेद करता है। पहले भारतीय निर्वाचन व्यवस्था में किसी एक प्रत्याशी को कई सीटों से चुनाव लड़ने की छूट दी गई थी , लेकिन चुनाव आयोग द्वारा इस प्रकार की व्यवस्था को खत्म करने की पहल काफी पहले की जा चुकी थी। साथ ही किसी भी प्रत्याशी के एक से अधिक सीट से चुनाव लड़ने के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में दायर याचिका पर अपना पक्ष रखते हुए चुनाव आयोग ने एक उम्मीदवार-एक सीट पर चुनाव लड़ने का समर्थन भी किया था. एक मामले में याचिकाकर्ता एडवोकेट अश्वनी उपाध्याय ने जनहित याचिका दाखिल कर जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 33(7) को चुनौती देते हुए अपील की थी कि संसद या विधानसभा सहित सभी स्तरों पर प्रत्याशी केवल एक ही सीट से चुनाव लड़े"

**हाल ही** में हुए जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में दो विधानसभा क्षेत्रों बडगाम और गांदरबल से चुनाव लडकर जीत हासिल करने वाले जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बडगाम सीट से इस्तीफा दे दिया .उन्होंने गांदरबल विधानसभा सीट बरकरार रखी.इसी तरह से लोकसभा चुनाव में रायबरेली और वायनाड से विजयश्री हासिल करने वाले लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी वायनाड लोकसभा सीट से इस्तीफा दे दिया और रायबरेली सीट बरकरार रखी . अब वायनाड लोकसभा सीट के उपचुनाव हो रहे हैं जिसमें कांग्रेस पार्टी की ओर से प्रियंका गांधी ने नामांकन पत्र दाखिल किया है.यहां व्यक्ति विशेष की बात नहीं की जा रही है.क्योंकि दो नर्वाचन क्षेत्र से एक प्रत्याशी द्वारा चुनाव लड़ना विधिक रूप से अनुमत्य है तथापि विधिक प्रावधान अनुसार किसी एक क्षेत्र से ही प्रतिनिधित्व की बाध्यता है. अतः एक से अधिक सीट से चुनाव जीतने पर अन्य दूसरी सीट पसंद एवं सुविधा अनुसार त्यागना पड़ती है. अब सवाल यही है कि दो क्षेत्रों से चुनाव लड़ा ही क्यों जाए जब एक क्षेत्र का प्रतिनिधित्व छोड़ना कानूनी रूप से बाध्यकारी है.पहले भी इस तरह से दो लोकसभा या विधानसभा क्षेत्रों से चुनाव लड़ने और जीतने के बाद सीट छोड़ने के बहुतेरे उदाहरण रहे हैं.कई बड़े दिग्गज नेता एक बार में दो जगह से चुनाव लड़ते आए हैं। वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी 2014 के आम चुनाव में वाराणसी और वडोदरा से लोकसभा चुनाव लड़ा था। उन्होंने दोनों सीट पर विजयश्री हासिल की थी किन्तु वाराणसी सीट को अपने पास रखा एवं वड़ोदरा सीट से त्यागपत्र दे दिया था। इनसे पूर्व तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी मेडक एवं रायबरेली से एकसाथ चुनाव लड़ा था.उनके सहित कई बड़े नेता दो जगहों से चुनाव लड़ चुके हैं। प्रायः देखा यही गया है कि वही नेता दो सीटों पर चुनाव लड़ते हैं, जो मुख?यमंत्री या प्रधानमंत्री जैसे बड़े पद के दावेदार होते हैं अथवा जिन्हें चुनाव में किसी सीट पर जीतने में थोड़ा-बहुत भी संशय रहता है. एकाधिक सीट से चुनाव लड़ने और जीत उपरांत एक सीट से त्यागपत्र के परिणामस्वरुप रिक्त सीट के उपचुनाव देश-प्रदेश को झेलना पड़ते हैं और मुसीबत उठाती है वहाँ की जनता. इसमें




प्रशासन को आचार संहिता के दौरान विकास कार्य स्थगित रखकर चुनावी प्रक्रिया में जुटना पड़ता है. चुनावी व्ययभार अंततः आम जनता को ही भुगतना पड़ता है. यह भी स्मरणीय तथ्य है कि मार्च 2015 में विधि आयोग ने चुनाव सुधारों पर अपनी 211 पृष्ठों की 255 वीं रिपोर्ट सरकार को सौंपते समय चुनाव सुधार के अनेक उपाय सुझाए थे। जिसमें विधि आयोग ने उम्मीदवारों को एक से अधिक सीटों से चुनाव लड़ने से रोकने और निर्दलीय उम्मीदवारों की उम्मीदवारी प्रतिबंधित करने का सुझाव दिया था। इसके लिये जन प्रतिनिधित्व कानून की धारा 33 (7) को संशोधित करने की बात कही गई थी।

उल्लेखनीय है कि चुनाव का अधिकार ही वह अधिकार है, जो लोकतंत्र और तानाशाही में भेद करता है। पहले भारतीय निर्वाचन व्यवस्था में किसी एक प्रत्याशी को कई सीटों से चुनाव लड़ने की छूट दी गई थी , लेकिन चुनाव आयोग द्वारा इस प्रकार की व्यवस्था को खत्म करने की पहल काफी पहले की जा चुकी थी। साथ ही किसी भी प्रत्याशी के एक से अधिक सीट से चुनाव लड़ने के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में दायर याचिका पर अपना पक्ष रखते हुए चुनाव आयोग ने एक उम्मीदवार-एक सीट पर चुनाव लड़ने का समर्थन भी किया था. एक मामले में याचिकाकर्त्ता एडवोकेट अश्वनी उपाध्याय ने जनहित याचिका दाखिल कर जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 33(7) को चुनौती देते हुए अपील की थी कि संसद या विधानसभा सहित सभी स्तरों पर प्रत्याशी केवल एक ही सीट से चुनाव लड़े। जबकि धारा 33(7) में यह व्यवस्था की गई है कि कोई व्यक्ति दो सीटों से आम चुनाव अथवा कई उपचुनाव अथवा द्विवार्षिक चुनाव लड़ सकता है।1996 से पूर्व यह प्रावधान था कि कोई प्रत्याशी कितनी भी सीटों से चुनाव लड़ सकता था। पश्चातवर्ती समय में जनप्रतिनिधित्व कानून में संशोधन के परिणामस्वरूप यह प्रावधान किया गया कि वर्तमान में कोई भी प्रत्याशी लोकसभा तथा विधानसभा के लिये दो सीटों से चुनाव लड़ सकता है और दोनों जगह से जीतने पर एक सीट उसे छोड़नी पड़ती है। निश्चित ही यह व्यवस्था लोकतांत्रिक व्यवहार के अनुकूल नहीं कही जा सकती.इस मामले में तीन विकल्पों पर विचार किया जा सकता है पहला,यदि कोई प्रत्याशी दो स्थानों से चुनाव लड़ता है और जीत हासिल करता है तो उसका प्रतिनिधित्व दोनों सीट से मान्य किया जाए किन्तु सदन में उसका एक ही वोट मान्य किया जाए.यह विकल्प भी राजनीतिक दलों को अधिक स्वीकारणीय नहीं होगा क्योंकि कई बार सरकारें एक वोट के अंतर से गिर जाया करती है. दूसरा,यदि कोई प्रत्याशी दो स्थान से चुनाव लड़कर एक स्थान से त्यागपत्र देकर स्थान रिक्त करता है तो उस स्थान के लिए होने वाले चुनावी व्यय का समस्त भार उसी से वसूला जाए.लेकिन यह विकल्प ज्यादा व्यवहारिक नहीं होगा और संभवतः इसके लिए कोई भी राजनीतिक दल सहमत नहीं होगा. तीसरा और अंतिम विकल्प यह हो सकता है कि राजनीतिक दल स्वैच्छया इस बात को स्वीकार लें और एक सीट पर एक प्रत्याशी के फामूर्ले को स्वीकार लें.किंतु इसकी संभावना भी कम ही है. अतः बेहतर यही है कि एकाधिक सीट पर चुनाव लड़ने पर कानूनन रोक लगाई जाए.हालांकि चुनाव सुधार की प्रक्रिया में चुनाव आयोग ने कानून मंत्रालय को अपनी सिफारिश में कहा भी था कि एक प्रत्याशी को दो सीटों से चुनाव लड़ने की छूट नहीं होनी चाहिये। एक उम्मीदवार के दो सीटों से चुनाव लड़ने का प्रावधान समाप्त किया जाए। दो सीटों पर चुनाव लड़ने से संसाधन की बबादी होती है क्योंकि 6 महीने के अंदर एक सीट रिक्त करनी ही होती है। हमें इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि हमने संसदीय शासन व्यवस्था की सरकार की ब्रिटिश प्रणाली को अपनाया है। हमारे जन प्रतिनिधित्व कानून में वर्तमान में यह अधिकार जरूर दिया गया है कि कोई व्यक्ति लोकसभा चुनाव, विधानसभा चुनाव या फिर उपचुनाव में एक साथ दो सीटों पर चुनाव लड़ सकता है। 1996 से पहले दो से अधिक स्थानों पर चुनाव उम्मीदवारी की छूट थी और कोई व्यक्ति कितनी भी सीटों से चुनाव लड़ सकता था। इससे होने वाली दुश्वारियों को दूर करने और इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के मकसद से ही वर्ष 1996 में जन प्रतिनिधित्व कानून में संशोधन करके अधिकतम दो सीटों से चुनाव लड़ने का नियम बनाया गया था। किन्तु यह स्थिति भी हतोत्साहित नहीं हो पाई और चुनाव आयोग को रिक्त हुई सीटों पर पुनः चुनाव कराने के लिये विवश होना पड़ता है। इस स्थिति में दोबारा वही प्रक्रिया शुरू करनी पड़ती है, अनावश्यक व्यय भार और समय की बबार्दी होती है !प्रशासन को रोजमर्रा के अपने तय कामकाज रोक कर चुनाव प्रक्रिया में भाग-दौड़ करनी पड़ती है। आम जनता भी इससे परेशान होती है. अतः इस नियम में बदलाव कर एक उम्मीदवार-एक सीट का सिद्धांत लागू किया जाना समय की मांग है।

राजनीतिज्ञों द्वारा अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिये दो स्थानों से चुनाव लड़ना और जीत जाने के बाद मनमर्जी से किसी एक स्थान से इस्तीफा दे देना हमारी चुनाव प्रक्रिया की बहुत बड़ी कमी है, जिस पर रोक लगाने से ही लोकतंत्र मजबूत होगा। इस दिशा में त्वरित निर्णय लिया जाना चाहिए।

कविता

## ए चिरई काहें एतना गुमान करेलू

भूलि के दुनिया तू नभ में उड़ान भरेलू

ए चिरई काहें एतना गुमान करेलू

केतनो ऊपरी तूं उड़बू आवे के परी नीचे

मोह-माया के डोरी तोहरा के नीचे खींचे

क्षणिक सुख पे तूं सीना उतान करेलू

ए चिरई काहे एतना गुमान करेलू

चार दिन के जिनगी में केकर कवन ठेकाना बा

सबसे प्यार से बोलि बतियाल के आपन बेगाना बा

हइ सोना जइसन देहियां एक दिन बनि जाई लसिया

बात कहें सांचे सुनील चौरसिया

सुनील चौरसिया

## साम्प्रदायिकता की आग में झोंकने का प्रयास?

तनवीर जाफरी

**राजनैतिक** यात्राओं से बिहार का गहरा नाता रहा है। भारतीय जनता पार्टी नेता लालकृष्ण आडवाणी ने जब सोमनाथ से अयोध्या तक की रथ यात्रा निकाली थी उस दौरान अयोध्या पहुँचने से पहले ही बिहार के समस्तीपुर में 22 अक्टूबर 1990 को तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव द्वारा उन्हें गिरफ़्तार कर लिया गया था। उस समय विश्वनाथ प्रताप सिंह भारत के प्रधानमंत्री थे। केंद्र में नेशनल फ्रंट की भाजपा के समर्थन से चलने वाली सरकार थी। अडवाणी की रथ यात्रा जहाँ जहाँ से गुजर रही थी वहाँ सांप्रदायिक माहौल खराब हो रहा था। कई जगह साम्प्रदायिक दंगे भी भड़क उठे थे। एक तरफ अडवाणी समर्थक पूरी यात्रा के दौरान जय श्रीराम और सौगंध राम की खाते हैं, मंदिर वहीं बनाएंगे जैसे नारे लगा रहे थे वहीं दूसरी तरफ लालू यादव का मत था की इसतरह की यात्रा से देश में साम्प्रदायिक तनाव बढ़ रहा है। इस यात्रा का देश की राजनीति पर दूरगामी प्रभाव पड़ा। भाजपा ने आडवाणी की गिरफ़्तारी के विरोध स्वरूप विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार से समर्थन वापस ले लिया। दूसरी तरफ इस आंदोलन ने भाजपा में एक नई जान फूँक दी। उसके बाद जनवरी 2024 में कांग्रेस नेता राहुल गांधी जिस समय मणिपुर से मुंबई तक देश के 15 राज्यों के 110 जिलों की यात्रा पर थे उस दौरान उन्होंने भी बिहार में चार दिनों में 425 किलोमीटर की दूरी किशनगंज, पूर्णिया ,कटिहार व अररिया जैसे जिलों में की थी। इस यात्रा का नाम था भारत जोड़ो न्याय यात्रा। इस यात्रा में राहुल समाज के सभी वर्गों को जोड़ने तथा समाज के शोषित वर्ग को न्याय दिलाने की बात किया करते थे। इसके अतिरिक्त भी बिहार की जो यात्रायें चर्चित रहीं उनमें विकासशील इंसान पार्टी (वी आई पी ) प्रमुख मुकेश सहनी की निषाद संकल्प यात्रा , प्रशांत किशोर की जन सुराज यात्रा तथा सीपीआई-एमएल की न्याय यात्रा व तेजस्वी यादव की कार्यकर्त्ता संवाद यात्रा उल्लेखनीय है। परन्तु गत 18 अक्टूबर को केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह द्वारा जो हिंदू स्वाभिमान यात्रा शुरू की गयी थी उसके तेवर,मकसद व नीयत सब कुछ विवादित था। यही वजह थी कि न केवल बीजेपी ने गिरिराज सिंह की इस यात्रा से खुद को अलग रखा बल्कि बिहार में बीजेपी की सत्ता सहयोगी जनता दाल यूनाइटेड ने भी इस यात्रा का विरोध किया। जिसके चलते गिरिराज सिंह को यह यात्रा 20 अक्टूबर को ही रोकनी पड़ी। परन्तु इस बीच भागलपुर से शुरू हुई उनकी यात्रा किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया होते हुये अररिया पहुँच चुकी थी।

यह जिले सीमांचल क्षेत्र के जिले कहे जाते हैं। जहाँ मुसलमानों की घनी आबादी है। यह वही इलाके हैं जिनमें कई सीटों पर असदुद्दीन ओवैसी भी बड़ी उम्मीदें लेकर अपने उम्मीदवार तो जरूर खड़ा करते हैं परन्तु क्षेत्र के लोग उनके झांसे में भी नहीं आते।

विचार

## दीप-माला से अज्ञानता के गहन अंधकार को मिटाए

संजीव

**दीपावली आ**शाओं के दीप जलाकर निराशा के अंधियारे को मिटाने का अवसर है। सकारात्मक सोच और अच्छे परिणाम की आशाओं को को लेकर कठिन परिश्रम और मनोबल के साथ जीवन में उत्तरोत्तर प्रगति करना ही दीपावली मनाने का सत्यार्थ प्रयोजन है। दीपावली का हर दीपक आशाओं का आकांक्षाओं का और महत्वाकांक्षाओं के निहितार्थ होता है। श्रम से अपने सभी प्रयास सफल कर हर उस आकांक्षा को फलिभूत करना होगा जिसकी हमने परिकल्पना की थी। आओ हम सब मिलकर आशाओं के दीप जलाएं खुशियों की दीपावली को द्विगुणित करें। पौराणिक कथाओं के अनुसार दीपावली भगवान रामचंद्र जी 14 वर्षों के वनवास के बाद समस्त बुराइयों के प्रतीक रावण के वध के पश्चात अयोध्या लौटने पर इनका अयोध्या वासियों द्वारा घी की दीपमालाओं को नगर में कतार में लगाकर स्वागत किया गया था। राजा रामचंद्र जी सद्गुणों,अच्छाइयों, धैर्य,संयम और देव तुल्य सद्गुणों के न सिर्फ प्रतीक माने जाते हैं बल्कि स्वयं सिद्ध देवता भी हैं, जिन्होंने संपूर्ण जगत को रावण जैसी अनंत बुराइयों से मुक्त कराया था। आज उसी परंपरा पारीपाटी को शिरोधार्य करते हुए मेहनतकश कुम्हारों और मां धरती की मिट्टी से बने पवित्र दीपों से उद्दीप्त करके समस्त सद्गुणों को द्विगुणित करने के लिए यह त्यौहार समस्त ऊर्जा और उत्साह से मनाते हैं। जगत वासी एक दूसरे से मिलकर बुराइयों के प्रतीकों को नष्ट करने का संकल्प लेकर एक दूसरे का मुंह मीठा भी कराते हैं, एवं औपचारिक तौर पर एक-दूसरे को उपहार देने का उपक्रम भी किया जाता है।

गहन तमस पर उजाले की जीत का पर्व ही दीपावली है। सही मायने में दीपावली में हमें अपने घरों को माटी के दीपों से उज्जवल इत कर अपने व्यक्तित्व को ज्ञान के दीप से उद्दीप्त करना चाहिए। ऋषि मुनि ऐसा कह गए हैं कि शरीर को एक दिन इसी माटी में मिल जाना है और व्यक्तित्व तथा मस्तिष्क के ज्ञान की जो अविरल धारा आपके जीवन में बहेगी वह अनवरत कई पीढ़ियों तक सुदीप्त होती रहेगी, मनुष्य का जीवन अत्यंत अनमोल है इसी तरह जीवन में प्रकाश भी चाहे वह दीपों से हो या ज्ञान से हो जीवन को प्रकाशमान करते रहना होगा। दीपावली मूलतः प्रकाश का त्यौहार है। पौराणिक कथाओं के अनुसार धन, समृद्धि, विघ्न हरण एवं ऐश्वर्य के प्रतीक भगवान गणेश एवं माता लक्ष्मी की श्रद्धा पूर्वक पूजा करते हैं एवं दीपावली के एक दिन पूर्व धनत्रयोदशी या धनतेरस अति शुभ माना जाता है। इस दिन लोग स्वर्ण अथवा रजत के आभूषण खरीदना अत्यंत शुभ लक्षण मानते हैं। इसके पीछे भी एक पौराणिक कथा है माना जाता है कि समुद्र मंथन के पश्चात लक्ष्मी जी की इसी दिन से उत्पत्ति हुई थी, इसीलिए इस दिन माता लक्ष्मी की पूजा धूमधाम से की जाती है। समुद्र मंथन से ही धनवंतरी जिन्हें औषधि विज्ञान का अविष्कारक माना जाता है की उत्पत्ति कार्तिक मास की त्रयोदशी मुहूर्त में हुई थी, इसीलिए धनवंतरी के नाम पर धनतेरस पर्व रखा गया है। पश्चिम बंगाल के लोग दीपावली को काली पूजा के रूप में मानते हैं वहां बड़े-बड़े एवं भव्य पंडालों के भीतर मां काली की प्रतिमा स्थापित की जाती है काली की पूजा के बाद वहां लक्ष्मी जी की पूजा की जाती है। सही मायने में दीपावली का अपना धार्मिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व है।

किंतु दीपावली के इस परंपरागत पवित्र त्यौहार में कुछ लोग अपने ऐश्वर्या का प्रदर्शन करने के लिए हजारों, लाखों रुपए के पटाखे छोड़कर वायु को प्रदूषित करते हैं, जो वायुमंडल के लिए अत्यंत खतरनाक होती है। इस त्यौहार की सबसे बड़ी कमी इस बात की होती है कि लोग इस दिन जुआ खेलते हैं जो एक सामाजिक बुराई भी है। दीपावली का त्यौहार अंधकार पर प्रकाश की विजय के अपने संदेश को सार्थक करता नजर आता है। आज हमें अपनी व्यक्तित्व से और सामाजिक से बुराइयों को दूर कर अच्छाइयों को साथ लेकर चलने से यह दीपोत्सव का पर्व सचमुच सार्थक हो जाएगा। दीपावली की पुनः शुभकामनाएं।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



*वैधानिक सूचना*

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


व्यंग्य

## पवित्रता की कथा

डॉ. सुरेश कुमार

**गांव में एक च**तुर व्यक्ति था, जिसका नाम था रामु। रामु की खासियत थी कि वह पवित्रता की बड़ी-बड़ी बातें करता था, लेकिन उसकी पवित्रता के नाम पर केवल ढोंग होता था। वह रोज सुबह उठकर स्नान करने के बाद गंगाजल छिड़कता और खुद को सबसे पवित्र व्यक्ति मानता। उसके इस पवित्रता के अहंकार ने गांव वालों को हंसने पर मजबूर कर दिया था। गांव के चौराहे पर एक बड़ का पेड़ था, जिसके नीचे हमेशा कुछ न कुछ चर्चा होती रहती थी। एक दिन रामु वहां पहुंचा और बोला, "भाइयों, आज से हम सबको अपनी पवित्रता का ध्यान रखना चाहिए। पवित्रता ऐसी कायर चीज है कि सबसे डरती है। अगर हम पवित्र होंगे, तो कोई भी हमारी तरफ आंख उठाकर नहीं देखेगा।" उसके इस वाक्य पर गांव वाले जोर से हंस पड़े। किसी ने कहा, "अरे रामु, क्या तुमने कभी पवित्रता को अपने बगीचे में देखा है? वो तो हमेशा भगा देती है, जैसे कोई बकरा बगीचे में घुस आए तो भगा देता है।" एक और व्यक्ति ने कहा, "सच कहता है भाई, पवित्रता का डर ऐसा है कि बच्चे भी खेलते समय ध्यान रखते हैं कि कहीं उनकी गेंद उस दिशा में न चली जाए जहां रामु भटकता हो।" रामु का मुंह तो जैसे सूख गया था। उसने सोचा, "मेरी पवित्रता का कोई महत्व नहीं है क्या?" लेकिन उसे यह मानने की आदत नहीं थी। उसने सोचा कि अगर वह लोगों को डराएगा, तो उसकी पवित्रता को मान्यता मिलेगी। वह अपने एक दोस्त कांतू के पास गया, जो एक दूध वाले का बेटा था।

"कांतू, तुम मेरी पवित्रता का प्रचार करो। सबको बताओ कि मैं कितना पवित्र हूं," रामु ने कहा। कांतू ने कहा, "ठीक है, लेकिन पवित्रता की ताकत का प्रचार कैसे करेंगे?" रामु ने तुरंत एक योजना बनाई। वह गांव के बच्चों को एकत्र कर उन्हें अपनी पवित्रता का अहसास कराना चाहता था। उसी दिन, रामु ने एक बड़े से मटका में गंगाजल भरकर उसे चौराहे पर रखा। उसने बच्चों को बुलाया और कहा, "यह मटका देखो! यह पवित्रता का प्रतीक है। जो इसे छूएगा, उसे पवित्रता का साक्षात्कार होगा।" बच्चों ने उसकी बात पर ध्यान नहीं दिया और खेलने में लगे रहे।

## हे महाशक्तिशाली गड्ढा देव!

डॉ. सुरेश

**हे देवाधिदेव!** आप सड़क सज्जनों के परम संरक्षक हो। आपके दर्शन मात्र से राहगीरों के मन में एक अलौकिक भय और थरथराहट का संचार होता है। आप कीचड़, धूल, और गहरे पानी के साम्राज्य के रचयिता हो, अतएव आपको प्रणाम है। हे अपार क्षमतावान! आपकी गहराई का अनुमान कोई मानव मस्तिष्क नहीं लगा सकता। दुपहिया वाहन हों या चार चक्का गाड़ी, सब आपके सामने सिर झुकाते हैं, और नतमस्तक होकर खुद को आपकी गोद में समर्पित कर देते हैं। हे महाप्रभु! आपको शत-शत नमन है। हे अपराजित व खतरनाक! जब नगर परिषद के अधिकारी आपको हटाने का प्रयास करते हैं, तो आप किसी शूरवीर की भांति अपने स्थान पर अडिग रहते हैं। इस दृढ़ता से आप सभी को प्रेरणा देते हैं कि संघर्ष में कभी हार नहीं माननी चाहिए। इसके लि आपको कोटि-कोटि प्रणाम है। हे गड्ढा महाप्रभु! वर्षा ऋतु में जब पूरी सड़क जलमग्न होती है, तब आप तालाब रूप में अपनी भव्यता दिखाते हो। बच्चों के खेल-कूद का स्थान हो, या ट्रैक्टर का फिसलन भरा स्वप्न, सबके लिये आप आनंद के अविरल स्रोत हो। अतः आपको नमन। हे वाहनों के महाशत्रु! आपका ऐसा आतंक है कि वाहन चालक आपके बारे में सोचने भर से थरथराने लगते हैं। आपकी कृपा से हममें सहनशक्ति और सतर्कता का भाव बढ़ता है और यही कारण है कि आपको ससम्मान नमन करते हैं। हे युग-युगांतर के अस्तित्वधारी! आप तो न जाने कितने प्रशासनिक कालों से सड़क की शोभा बने हुए हो। सड़क का रूप और रंग चाहे बदल जाए, परंतु आप सदा अनंतकाल तक अपनी गहराई और भव्यता में कायम रहते हो। इसलिए हे महागड्ढा प्रभु, आप वंदनीय हो। हे स्वतंत्र आत्मा! कोई आपको नहीं रोक सकता। कहीं आप सड़क के बीचों-बीच विराजमान हैं, तो कहीं किनारे रहकर संतों की तरह मार्गदर्शन कर रहे हैं। आपकी इस स्वतंत्रता से प्रेरित होकर हम आपको साष्टांग प्रणाम करते हैं। हे सफाई और मरम्मत के यज्ञ में अजय रहस्य! सड़क की मरम्मत होती है, पर आप पुनः अवतरित हो जाते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### दीपावली पर दीपकों के साथ-साथ आत्मा के दीपक को भी जलाएं




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** ब्रह्माकुमारी आश्रम, 16 कांच घर अंबाला शहर में दीपावली के शुभ अवसर पर शुभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमें संगीत,नृत्य,चैतन्य देवी दर्शन जैसी सुंदर प्रस्तुतियों से कार्यक्रम का शुभ आगाज हुआ। राजयोगिनी भावना दीदी जी ने दीपावली का रहस्य बताते हुए समझाया कि जिस प्रकार दिवाली पर हम घर के कोने-कोने की सफाई करते हैं उसी प्रकार हमें अपने मन के भी कोने-कोने की सफाई करनी होगी। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते हुए कुमारी अन्वी कुमारी ऋषिका कुमारी युविका ने अपने सुंदर नृत्य द्वारा सभी दर्शकों को उमंग उत्साह दिलाया, साथ ही साथ कुमार सारांश एवं कुमारी हर्षिता ने एक सुंदर प्रस्तुति से समझाया की दीपावली पर स्थूल दीपकों के साथ-साथ आत्मा के दीपक को भी जलाएं एवं सभी को दिल की दुआओं का गिफ्ट दें। राजयोगिनी शिवानी दीदी जी ने कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए दुआओं भरे शब्दों से सभी का मन खुश करते हुए समझाया की ये मन बहुत सुंदर है बस अगर हम अपने मन को दुआओं की रोशनी से भर दे तो मन का कोना कोना चमक जाएगा और तभी मन सकेगी सच्ची-सच्ची दिवाली। ब्रह्माकुमारीज परिवार के किसी भी कार्यक्रम में उपस्थित होना अपना परम सौभाग्य लगता है एवं इस दीपावली पर हम अपने खट्टे मीठे रिश्तों को कैसे मिठास से भर सकते हैं तथा माँ लक्ष्मी जी की पावन मधुर आरती द्वारा इस प्रकार कार्यक्रम की शोभा को शोभनिक बनाते हुए मुख्य अतिथियों ने अपना विशेष योगदान दिया। एकता दीदी संजना दीदी जी ने मंच संचालन का कार्यभार संभालते हुए कार्यक्रम को शोभनिक बनाया एवं बीच बीच में कुछ दिलचस्प एक्टिविटीज कराते हुए कार्यक्रम को और भी सुंदर बनाया।

### एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज ने हरियाणा स्टीलर्स के साथ साझेदारी की

**रोहतक ।** प्रमुख एनबीएफसी एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (एचडीबीएफएस) ने प्रो कबड्डी लीग में हरियाणा स्टीलर्स के साथ साझेदारी की घोषणा की है। व्यक्तियों की योग्यता के अनुसार क्षमता को सामने लाने व उन्हें सशक्त बनाने के एक साझा दृष्टिकोण के साथ, सहयोगात्मक प्रयास लाखों भारतीयों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्षम करेगा, जो ह्लकर हासिलह्व की भावना को दशार्ता है। हरियाणा में 52 शाखाओं के एक मजबूत नेटवर्क के साथ, एचडीबीएफएस लोगों को उनके सपनों को पूरा करने में मदद करने के लिए वित्तीय समाधान सुलभ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। एचडीबीएफएस उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुएं, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, दोपहिया वाहन, वाणिज्यिक वाहन, निर्माण उपकरण, माइक्रो फाइनेंस, संपत्ति पर ऋण, व्यवसाय और व्यक्तिगत ऋण के साथ ही गोल लोन जैसे उत्पादों की एक श्रृंखला प्रदान करता है, जो आकांक्षाओं को वास्तविकता में बदलने के लिए डिजाइन किए गए हैं। एचडीबीएफएस के एमडी और सीईओ श्री जी. रमेश ने कहा, ह्लहरियाणा स्टीलर्स के साथ यह साझेदारी आकांक्षी भारत को बड़े सपने देखने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करने की हमारी साझा प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करती है। इस साझेदारी के माध्यम से हमारा उद्देश्य व्यक्तियों को 'कर हासिल' के लिए प्रेरित करना है – हमारे वित्तीय समाधानों के साथ अपने सपनों को साकार करना और इस दौरान उनकी जीत का जश्न मनाना।"

यह साझेदारी एक रोमांचक समय पर हुई है, जब एचडीबीएफएस कमर्शियल व्हीकल और ट्रैक्टर लोन पर विशेष त्योहारी ऑफर्स पेश कर रहा है। इस त्योहारी सीजन में, ग्राहक रु 50,000* तक के सुनिश्चित वाउचर प्राप्त कर सकते हैं और रोमांचक उपहार जीतने का मौका पा सकते हैं। यह ऑफर 31 दिसंबर, 2024 तक वैध है। पूछताछ और ग्राहक सहायता के लिए, ग्राहक 08046912142 पर एक मिस्ड कॉल दे सकते हैं।

HDB FINANCIAL SERVICES
REIMAGINING OPPORTUNITIES

# गांव बाड़ा में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

### आयुर्वेद दिवस में होने वाली श्रृंखला में रक्त व यूरिन टेस्टिंग के साथ-साथ बीपी, शुगर इत्आदि जांच हेतू विशेष कैम्प लगाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अंबाला:** एमडी आयुर्वेद, इंचार्ज आयुष्मान आरोग्य मंदिर बाड़ा अंबाला डॉ समिधा शर्मा व जिला आयुर्वेद अधिकारी अंबाला डॉ शशिकांत शर्मा के दिशा-निदेर्शानुसार आयुष विभाग के आयुष्मान आरोग्य मंदिर बाडा की ओर से धावन्तरि जयंती / आयुर्वेद दिवस में होने वाली श्रृंखला में रक्त व यूरिन टेस्टिंग के साथ-साथ बीपी, शुगर इत्आदि जांच हेतू विशेष कैम्प लगाया गया। इस शिविर में डॉ समिधा शर्मा ने आयुर्वेदिक भोजन विधि, दिनचर्या और ऋतुचर्या के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विशेष वृद्धावस्था में हल्के भोजन, तेल मालिश, हल्का व्यायाम व योगासनों के माध्यम से कैसे स्वस्थ रहे, इस बारे भी जानकारी दी।




इसके बाद मेडिकल कैम्प में आए लोगों में 56 बुजुर्गों व ग्रामीणों का बीपी, शुगर, एचपी, टाइफाइड, मलेरिया इत्यादि की जांच की गई और उन्हें निःशुल्क औषधियाँ वितरित भी की गई ।

उन्होंने बताया कि कैम्प में आए मरीजों को योगा अभ्यास व रोग अनुसार योगाआसन करवाएं गए। इस दौरान कैम्प में आए मरीजों में अधिकतर लोगों में मधुमेह, हाई ब्लड प्रेशर, जोड़ों की तकलीफ, पेट की समस्या व कमजोरी की शिकायत पाई गई। सभी ने आयुष विभाग अंबाला व आयुष्मान आरोग्य मंदिर की इस पहल का सराहना की। ग्रामवासी ज्योति, जागीरों, बनतो, प्रेम कौर, किरण आदि ने आयुष विभाग के इस कैम्प की सफलतापूर्वक आयोजन की बधाई दी और डॉ समिधा शर्मा व उनके स्टॉफ की सराहना की और उनका धन्यवाद किया।

डॉ समिधा ने जानकारी देते हुए यह भी बताया कि 28 अक्तूबर को उनके सेंटर की और से जीएमएस बाडा में आयुर्वेद के विषय पर एक पोस्टर कम्पटीशन करवाया जाएगा और आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में सेल्फी डे मनाया जायेगा। जिसमे सभी अपनी सेल्फी लेके सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर डालेंगे। इसके अतिरिक्त 29 अक्तूबर को आयुर्वेद दिवस को आयुष्मान आरोग्य मंदिर बाडा में आयुर्वेद के लिए स्कूल के बच्चों द्वारा पूरे बाडा में रैली व पोस्टर कम्पटीशन करवाया जाएगा।

## आईएमटी उद्योग वेलफेयर एसो. ने धूमधाम से मनाया दिवाली



**टीम एक्शन इंडिया**

**रोहतक:** आईएमटी उद्योग वेलफेयर एसोसिएशन के सभी उद्योगपतियों ने अपने परिवार सहित दिवाली मिलन समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया। जिसकी अध्यक्षता जोगिन्द्र नांदल ने की। इस अवसर पर सभी ने प्रदूषण रहित दिवाली मनाने का संकल्प लिया ताकि वातावरण को शुद्ध रखा जा सके, साथ ही सभी ने एक दूसरे को दिवाली व विश्वकर्मा दिवस की शुभकामनाएं दी। आईएमटी उद्योग वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष जोगिन्द्र नांदल ने इस अवसर पर उद्योगपतियों की समस्याओं के बारे चर्चा की जैसे कि बिजली, पानी, हस्पताल, अगिन शामक दल, पुलिस विभाग, पार्कों के सौन्दर्यकरण व प्रोपर्टी टैक्स आदि से संबंधित कई समस्याओं का समय पर निपटारा ना होने के कारण उद्योगपतियों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आईएमटी से प्रतिदिन निर्माण सामग्री व लोहे की चोरी हो रही है जिसके कारण पुराने उद्योगपतियों को भी दिक्कत हो रही है साथ ही नई लगने वाली फैक्टरियों में भी इन कमियों को लेकर विराम सा लग गया है।

## गौमांस के शक में युवकों की धुनाई

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के नेशनल हाईवे नंबर 19 स्थित सोहना फ्लाई ओवर के पास एक ऑटो में कथित तौर पर गौ मांस होने की सूचना पर हंगामा हो गया। लोगों ने ऑटो ड्राइवर और उसके साथ बैठे सहयोगी को पकड़ लिया और इसके बाद चालक की जमकर पिटाई कर दी। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ऑटो, ड्राइवर व मांस को साथ ले गई। कहा जा रहा कि वे मांस की सप्लाई लेकर एक होटल जा रहे थे। पुलिस छानबीन कर रही है। मांस को जांच के लिए लैब भेजा जाएगा। बजरंग दल के सदस्य अनुज ने बताया कि उन्हें रविवार की सुबह जानकारी मिली थी कि एक ऑटो में दो युवक गौ मांस ले जा रहे हैं।

## 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस पर राज्यस्तरीय कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त राजेश जोगपाल ने कहा कि लोहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस के उपलक्ष में 31 अक्टूबर को राज्य स्तरीय राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन स्थानीय द्रोणाचार्य स्टेडियम में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। उपायुक्त कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर रविवार को स्थानीय द्रोणाचार्य स्टेडियम में सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। उपायुक्त राजेश जोगपाल ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस के उपलक्ष में 31 अक्टूबर को प्रातः 7 से 8 बजे तक



राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक प्रतिभागी शामिल होकर कार्यक्रम की भव्यता को बढ़ाएं इसके लिए सम्बन्धित विभाग के साथ-साथ सामाजिक संस्थाएं इसमें बढ़चढ़ कर भाग ले। उन्होंने कार्यक्रम के सफलतापर्वूक आयोजन को लेकर पुलिस विभाग से आए अधिकारियों को सुरक्षा की दृष्टिद्द से किए जाने वाले प्रबंध, रुट प्लान तैयार करने वाले, जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पेयजल व्यवस्था बारे, जीएम रोडवेज को बसों की व्यवस्था करने बारे, लोक निर्माण एवं सडके विभाग के अधिकारियों को स्टेज की रूप रेखा तैयार करते हुए उसे बनवाने बारे,ईओ नगरपरिषद द्वारा कार्यक्रम स्थल के साथ-साथ अन्य जगहों पर सफाई व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

**समन्वय**

▶▶ कार्यक्रम के दृष्टिगत अतिरिक्त उपायुक्त कुरुक्षेत्र को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है

उन्होंने कहा कि सभी बेहतर समन्वय बनाकर समय रहते अपने विभाग से सम्बन्धित कार्यों को करवाना सुनिश्चित करे ताकि कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन करवाया जा सके। उपायुक्त राजेश जोगपाल ने यह भी कहा कि कार्यक्रम के दृष्टिगत अतिरिक्त उपायुक्त कुरुक्षेत्र को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर सवार ग्रामीण की मौत

**झज्जर।** गुरुग्राम मार्ग पर गांव याकूबपुर के निकट हुई दुर्घटना में एक ट्रैक्टर सवार ग्रामीण की मौत हो गई। वह निकटवर्ती गांव सोंधी का निवासी था। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा कर मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया है। हादसे का कारण बने ट्रक के चालक की तलाश की जा रही है।

गांव याकूबपुर के निकट गुरुग्राम की ओर जा रहे ट्रैक्टर में सामने से आ रहे ट्रक की टक्कर से भीषण हादसा हो गया। घटना में गांव सोंधी के निवासी बंटी की मौत हो गई। हादसे के तुरंत बाद ट्रक का चालक दोषी चालक अपने ट्रक को घटनास्थल पर ही छोड़कर फरार हो गया। कुछ ही देर में घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर सदर थाना झज्जर से पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल झज्जर पहुंचाया गया। जहां पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। बंटी एक बेटे और एक बेटी का पिता था। वह अपने भाई सोनू के साथ ट्रैक्टर पर सवार होकर किसी काम के लिए फरखनगर जा रहा था। सोनू ने पुलिस को हादसे की जानकारी दी। सदर थाना झज्जर से आए मामले के जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक युद्धवीर सिंह ने बताया की सोनू के बयान के आधार पर आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ प्राथमिक सूचना रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## प्रॉपर्टी डीलर ने भाऊ गैंग पर लगाया तीन करोड़ की रंगदारी मांगने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सिविल** लाइन थाना क्षेत्र के मॉडल टाउन में रहने वाले प्रॉपर्टी डीलर से तीन करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने रंगदारी का आरोप हिमांशु भाऊ व साहिल रिटौली पर लगाया है। आरोप है कि इंटरनेट नंबर से कॉल कर फरवरी माह में रंगदारी मांगी गई थी। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव नैना ततारपुर हाल मॉडल टाउन निवासी रविकांत ने बताया कि वह प्रॉपर्टी डीलर का काम करते है। उनका आरोप है कि 8 फरवरी को उनके पास 11 अंक के इंटरनेट नंबर से मैसेज आया था कि वह हिमांशु भाऊ बोल रहा हूं, कॉल कर लेना। जब उन्होंने पूछा कि कौन है। फिर 11 अंक के नंबर से ही कॉल आई। कॉल करने वाले कहा कि वह हिमांशु भाऊ का भाई साहिल रिटौली बोल रहा हूं। तीन करोड़ रुपये रंगदारी चाहिए, नहीं तो जल्द ही जान से हाथ धो बैठेगा। हिमांशु भाउ गैंग के बारे में सुना ही होगा। पीड़ित का कहना है कि जब उन्होंने रुपये देने में असमर्थता जताई तो बोला जल्द ही दिवाली देखेगा। उसके बाद कई बार धमकियों भरे संदेश आते रहे। बाद में 10 मार्च को उनके पास इसी नंबर से दो कॉल आई। उन्होंने डरकर कॉल नहीं उठाई। तब उनके पास वाइस मैसेज आया है कि एक का तो काम कर दिया तेरा भी जल्द ही काम बंधवा दूंगा। उसे 50 गोलियां मारी है और तेरे को सौ गोलियां मरवा दूंगा। उसके बाद वह बुरी तरह से डर गए। उन्होंने मामले से किसी को अवगत नहीं कराया। पीड़ित का कहना है कि अब वह हिम्मत कर पुलिस के पास आए हैं। उन्होंने पुलिस को मोबाइल पर आए मैसेज का स्क्रीन शॉट भी दिया। पीड़ित ने मामले में कार्रवाई की मांग की है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी प्रदीप सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द कॉलर की तलाश कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

**विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज**

▶▶ मूलरूप से गांव नैना ततारपुर हॉल माडल टाउन निवासी प्रॉपर्टी डीलर का आरोप 8 फरवरी को किया था कॉल

▶▶ कॉल करने वाले ने कहा हिमांशु भाऊ बोल रहा हूं, बाद में अन्य ने कॉल कर खुद को हिमांशु भाऊ का भाई

## विशाल हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र में मुफ्त मेडिकल चेकअप कैंप का किया आयोजन

**जांच**

▶▶ चेकअप कैंप का आयोजन विशाल हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र में किया गया जिसमें 84 मरीजों की जाँच की गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जन सहयोग कुरुक्षेत्र संस्था के सार्थक प्रयासों से पारस हॉस्पिटल पंचकूला की टीम के द्वारा मुफ्त मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन विशाल हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र



में किया गया जिसमें 84 मरीजों की जाँच की गई। बदलते मौसम को देखते हए कैंप में आए लोगों को बेहतरीन स्वास्थ्य के लिए टिप्स दिए। डॉक्टरों ने सभी से अनुरोध किया कि प्रकृति के साथ तालमेल बनाकर के चले ताकि हम सबका स्वास्थ्य अच्छा रहे।डॉ मनीष शर्मा,डॉ विशाल शर्मा मैनेजर, गौरव राणा, मास्टर जितेंद्र, अशोक गर्ग,राधा गर्ग, सुनीता देवी आदि सदस्यों ने कार्यक्रम में अहम भूमिका निभाई।

## दो खिलाड़ियों ने इंटर कॉलेज बैडमिंटन चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

**हिसार।** शटल मास्टर्स बैडमिंटन अकादमी के दो खिलाड़ियों मिलन व आयुष ने इंटर कॉलेज बैडमिंटन चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर अपने साथ-साथ माता-पिता व अकादमी का नाम रोशन किया है।

अकादमी के कोच साहिल थरेजा ने रविवार को बताया कि इंटर कॉलेज बैडमिंटन चैम्पियनशिप गत दिवस गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय में हुई थी जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने गोल्ड मैडल जीत लिया। उनकी इस उपलब्धि पर दोनों खिलाड़ियों का इंटर स्टेट यूनिवर्सिटी टूनामेंट के लिये चयन किया गया है।

## रत्नावली ने हरियाणवी पगड़ी को विश्व में पहचान दिलाई: महासिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** पगड़ी हरियाणा की लोक सांस्कृतिक परम्परा का महत्वपूर्ण हिस्सा रही है। इसका इतिहास सदियों पुराना है। पगड़ी को लोकजीवन में पग, पाग, पग्गड़, पगड़ी, पगमंडासा, साफा, पेचा, फेंटा, खण्डवा, खण्डका, आदि नामों से जाना जाता है। जबकि साहित्य में पगड़ी को रूमालियो, परणा, शीशकाय, जालक, मुरैठा, मुकुट, कनटोपा, मदील, मोलिया और चिंदी आदि नामों से जाना जाता है। पगड़ी की परम्परा धीरे-धीरे समाप्ति की ओर अग्रसर है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग ने पगड़ी की परम्परा को बनाये रखने एवं इसे



जीवंत करने के लिए सन् 2014 में पगड़ी बांधने की प्रतियोगिता रत्नावली में शुरू की। आज हरियाणवी पगड़ी बांधने की प्रतियोगिता में अनेक युवा एवं युवतियां भाग लेती हैं। युवाओं में पगड़ी बांधने के प्रति विशेष उत्साह है। यह जानकारी लोक संपर्क विभाग के निदेशक डॉ. महासिंह पूनिया ने दी। उन्होंने कहा कि आज अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट मेला, अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव तथा हरियाणा के सभी उत्सवों में पगड़ी का उत्साह देखने को मिलता है। यह उत्साह युवक एवं युवतियों में विशेष रूप से देखने को मिलता है। उन्होंने बताया कि प्राचीन काल में सिर को सुरक्षित ढंग से रखने के लिए पगड़ी का प्रयोग किया जाने लगा। पगड़ी को सिर पर धारण किया जाता है। इसलिए इस परिधान को सभी परिधानों में सर्वोच्च स्थान मिला। वास्तव में पगड़ी का मूल ध्येय शरीर के ऊपरी भाग (सिर) को सर्दी, गर्मी, धूप, लू, वर्षा आदि विपदाओं से सुरक्षित रखना रहा है, किंतु धीरे-धीरे इसे सामाजिक मान्यता के माध्यम से मान और सम्मान के प्रतीक के साथ जोड़ दिया गया, क्योंकि पगड़ी सिरोधार्य है। यदि पगड़ी के अतीत के इतिहास में झांक कर देखें, तो अनादिकाल से ही पगड़ी को धारण करने की परम्परा रही है।

## कौशल और संस्कृति का मिश्रण है रत्नावली: भारत भूषण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में श्रीमद्भगवद्गीता सदन में 25 से 28 अक्टूबर तक चार दिनों तक चलने वाले चार दिवसीय राज्य स्तरीय हरियाणा दिवस रत्नावली समारोह के तीसरे दिन पहले सत्र में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व अध्यक्ष भारत भूषण ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष रत्नावली महोत्सव का आयोजन बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ करता है। रत्नावली महोत्सव कौशल और हरियाणवी संस्कृति का मिश्रण है। उन्होंने डॉ.




बी.आर. अंबेडकर के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि जीवन में सफल होने के लिए सबसे पहला कदम शिक्षा है। जीवन में एक शिक्षा स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय से मिलती है जिसे अक्षर ज्ञान कहते हैं। दूसरी शिक्षा व्यवहारिक शिक्षा है जो कि हमें अपने माता-पिता, दादा-दादी, नाना-नानी से मिलती है। इससे पहले विश्वविद्यालय में पहुंचने पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा व कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा ने भारत भूषण भारती व आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. करतार सिंह धीमान का स्वागत व अभिनंदन किया। उन्होंने ऑडिटोरियम हॉल के प्रांगण में लगे क्राफ्ट मेले का अवलोकन किया और मेले में लगे हरियाणवी व्यंजनों का स्वाद चखा।

सभागार में युवा कलाकारों को सम्बोधित करते हुए भारत भूषण भारती ने कहा कि विश्वविद्यालय में चल रहे रत्नावली महोत्सव युवा छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया जा रहा है।

क्राफ्ट मेले में जिस प्रकार से छात्रों ने स्टाल लगाए हैं उसे देखकर लगता है कि रत्नावली महोत्सव कौशल और संस्कृति का संगम है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा है कि संकल्प का कोई विकल्प नहीं होता इसलिए हरियाणा में जब भाजपा की सरकार बनी थी तब संकल्प लिया गया था कि युवाओं को उनकी मेहनत का फल दिया जाएगा और पूरे प्रांत में बिना भेदभाव व बिना खर्ची पर्ची के नौकरियां दी गई।

आज हरियाणा प्रांत में मिशन मेरिट चल रहा है। युवा विश्वविद्यालय में अपने गुरुजनों के आशीर्वाद से अच्छी शिक्षा ग्रहण कर नौकरियां प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की भी खुले मन से प्रशंसा की।

**संस्कृति का संगम**

▶▶ छात्रों ने स्टाल लगाए हैं उसे देखकर लगता है कि रत्नावली महोत्सव कौशल और संस्कृति का संगम है

## किशोरी से दुष्कर्म करने दोषी को 20 साल कैद की सजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** गोहाना शहर में किशोरी से दुष्कर्म करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र की अदालत ने दोषी को 20 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 56 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। जुमार्ना राशि में से 50 हजार रुपये पीड़िता को देने के आदेश किए गए है। मूलरूप से जींद व घटना के समय गोहाना शहर की रहने वाली किशोरी ने 13 अप्रैल, 2023 को महिला थाना गोहाना पुलिस को शिकायत दी थी कि उसके साथ गढ़ी सराय नामदार खां के राहुल ने षड्यंत्र रचकर दुष्कर्म किया था। उसने बताया था कि वह अपनी सहेली के घर शादी में गई थी। वहां पर सहेली का परिचित राहुल उसे मिला था। राहुल ने उसका मोबाइल नंबर लेकर बातचीत शुरू कर दी थी। बाद में आरोपित ने उसे एक स्थान पर ले जाकर उसके साथ गलत काम किया था। उसके परिजनों को बताने की धमकी देने पर आरोपित ने कहा था कि वह उससे शादी कर लेगा। उसे शादी का झांसा देकर फिर से दुष्कर्म किया। आरोपित उसे होटल में भी ले गया था। जहां उसका फर्जी तरीके से बनवाया आधार कार्ड देकर कमरा लेने के बाद दुष्कर्म किया था। वह हर बार शादी का झांसा देता था। फिर कहने लगा कि बालिग होने के बाद उसके साथ शादी कर लेगा। बालिग होने पर आरोपित ने फर्जी तरीके से उसके साथ एक चेंबर में शादी की थी।

**सजा का ऐलान**

▶▶ बालिग होने पर आरोपित ने फर्जी तरीके से उसके साथ एक चेंबर में शादी की थी

## न्यूज फ्लैश

### अपराधियों के खिलाफ स्पेशल कार्रवाई; ऑपरेशन आक्रमण

**पानीपत, (कमाल हुसैन ):** पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत कपूर आईपीएस के आदेशानुसार अपराधों पर अंकुश लगा आरोपियों की धरपकड़ के लिए रविवार 27 अक्तूबर को सुबह छह बजे से दोपहर 12 बजे तक चलाए गए ऑपरेशन आक्रमण के तहत पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस की अगुवाई में पानीपत पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ स्पेशल कार्रवाई की। इस दौरान जिला पुलिस की टीमों ने अलग-अलग स्थान पर दबिश देकर लड़ाई झगड़े, एक्साइज व गेम्बलिग एक्ट के मामलों में संलिप्त 5 आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने ह्रऑपरेशन आक्रमणह्व के तहत जिला में अपराधियों की धरपकड़ के लिए पुलिस की 56 टीमें बनाकर जिसमे कुल 211 जवानों को शामिल कर सभी को विशेष रूप से दिशा निर्देश दिए थे। सभी टीमें सुबह छह बजे से ही अपने-अपने क्षेत्र में अपराधियों की धरपकड़ में सक्रिय हो गई थी। अभियान के तहत 1 आरोपी को अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर कब्जे से 30 बोतल देसी शराब बरामद की गई। जुआ सट्टा खाइवाली में दाव पर लगी 2270 रुपए की नगदी सहित 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के खिलाफ संबंधित थाना में एक्साइज एक्ट व गेम्बलिग एक्ट का एक-एक अभियोग दर्ज कर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई। इसके अतिरिक्त पुराने आपराधिक मामलें के एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। हाईवे पर लेन ड्राइविंग के नियमों की उल्लंघना करते पाए जाने पर 102 भारी वाहनों के चालान किए। अपराधियों की धरपकड़ के लिए समय-समय पर इस प्रकार के अभियान जारी रहेंगे; पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने कहा कि अपराधों पर अंकुश लगाने व आरोपियों की धरपकड़ के लिये जिले में समय-समय पर ऑपरेशन आक्रमण जैसे अभियान आगे भी इसी प्रकार जारी रहेंगे। अपराध और अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए आम नागरिकों का सहयोग जरूरी है। अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में सूचना नजदीकी पुलिस थाना, अपराध शाखा, चौकी, पुलिस कंट्रोल रूम या डायल 112 को दे। सूचना देने वाले की पहचान पूर्ण रूप से गुप्त रखी जाएगी, वही आरोपियों के खिलाफ त्वरित कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### अमेरिका भेजने के नाम पर महिला से 30 लाख की ठगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** कस्बा असंध से एक महिला को विदेश भेजने के नाम पर 30 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़िता अपने भाई और बेटे को विदेश भेजना चाहती थी। एजेंट ने दोनों को 70 लाख रुपये में विदेश भेजने का वादा किया था, जिसमें से उसने अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए 30 लाख रुपये ले लिए। आरोपी एजेंट अमेरिका चला गया। पीड़िता ने जब आरोपी के परिजनों से बात की तो उसे झूठा आश्वासन दिया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। असंध निवासी अमनदीप कौर ने पुलिस को बताया है कि उसके बेटे और भाई को अमेरिका भेजने के नाम पर एजेंट नरेन्द्र कुमार उर्फ मोनु और उसके भाई सोनु ने उनसे 30 लाख रुपए ठग लिए। अमनदीप ने बताया कि उन्होंने फरवरी 2021 तक आरोपी के खाते में 20 लाख रुपए आरटीजीएस के माध्यम से जमा किए और 10 लाख रुपए नकद एजेंट की पत्नी और मां को दिए, लेकिन आज तक न ही उन्हें विदेश भेजा गया और न ही राशि लौटाई गई। अमनदीप का कहना है कि आरोपी नरेंद्र कुमार अब खुद अमेरिका जा चुका है और उसका परिवार उसे लगातार आश्वासन देने के बावजूद पैसे लौटाने से इनकार कर रहा है। उनका कहना है कि यह धोखाधड़ी 2021 से चल रही है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

# संस्कृत माह के प्रतिभागी विजेता छात्रों का किया सम्मान

## राष्ट्र के उत्थान एवं समाज के लिए परिषद कर रही है कार्य : योगेश कौशिक

**अभिनंदन**

▶▶ परिषद के सचिव अंकित त्यागी ने विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षकों का परिचय करवाया



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर:** भारत विकास परिषद द्वारा जैन गर्ल्स कॉलेज में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कॉलेज के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार व परिषद के पदाधिकारी ने प्रांतीय अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता और रिटायर्ड कर्नल राजवीर शर्मा , तरुण प्रताप त्यागी, योगेश कौशिक ने परिषद के अध्यक्ष राजेंद्र कौशिक नहीं पुष्प कुछ देकर स्वागत किया। उपाध्यक्ष संस्कार निशा कौशिक ,कार्यक्रम संयोजिका नेहा त्यागी, महिला संयोजिका मनीषा जैन ,राजकुमार अग्रवाल ,राकेश जैन ,दीपिका शर्मा ,आरती शर्मा और दीपिका जिंदल सह संयोजिका संस्कृति माह ने दीप प्रज्वलन व वन्दे मातरम के साथ कार्यक्रम आरंभ किया। परिषद के सचिव अंकित त्यागी ने सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षको का परिचय करवाते हुए स्वागत , अभिनंदन किया। मुख्य वक्ता तरुण प्रताप त्यागी ने भारतीय गौरव इतिहास के बारे में भी जानकारी दी और राष्ट्रीय टीम सदस्य योगेश कौशिक ने रिटायर्ड कर्नल राजवीर शर्मा एवं भारत विकास परिषद का परिचय करवाते हुए बताया कि 10 जुलाई 1963 को भारतीय विकास परिषद की स्थापना दिल्ली में डॉक्टर सूरज प्रकाश एवं लाला हंसराज ने एक छोटी सी शाखा से शुरू कर की। पूरे देश में भारत विकास परिषद की 1600 के करीब शाखाएं राष्ट्र के उत्थान एवं समाज के लिए कार्य कर रही है। निरंतर गन्नौर शाखा समाज के उत्थान के लिए बच्चों के आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। कर्नल राजवीर शर्मा ने बच्चों का हौसला बढ़ाया और उन्हें आगे जीवन में और अच्छी तैयारी करने के लिए कहा। संदीप सिंघल उपाध्यक्ष सेवा ने कार्यक्रम अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता प्रांतीय , प्रांतीय अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता ने भारत विकास परिषद का समाज में महत्व बताया।

मांगेराम वशिष्ठ और सुमित त्यागी ने छात्र, छात्राओं, प्रधानाचार्य को स्मृति चिन्ह दिए। कार्यक्रम में 26 विद्यालयों के प्रधानाचार्य और छात्र, छात्राओं ने भाग लिया। इस मौके पर जिला संघ चालक डॉ मनोज राय, डॉ राय श्रीमती आभा गर्ग, स्वाति चौहान , दीपिका कौशिक श्रीमती रुचिका बत्रा श्रीमती डिंपल शर्मा डॉक्टर प्रीति शर्मा, कृष्णा जिंदल, समुंदर सिंह मलिक, प्रयास स्कूल के डायरेक्टर एवं भारत विकास परिषद के सदस्य अमित बत्रा मौजूद थे।

# आर्य कॉलेज ताइक्वांडो में बना ओवरऑल चैंपियन



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में आयोजित ताइक्वांडो अंतर महाविद्यालय चैंपियनशिप में आर्य कॉलेज खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेल की बदौलत लगातार दूसरी बार ओवरऑल चैंपियन बनकर इतिहास रच दिया। कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान सुरेंद्र शिंगला व महासचिव सीए कमल किशोर व कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता, उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह समेत सभी प्राध्यापकों ने बधाई दी।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में आयोजित ताइक्वांडो अंतर महाविद्यालय चैंपियनशिप का आयोजन 25-26 अक्तूबर को विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में करवाया गया। प्रतियोगिता में आर्य कॉलेज के आशु कुमार,सुमित,प्रीतम पटनायक व कुमारी मुस्कान ने स्वर्ण पदक अपने नाम किए। वहीं ताईक्वांडो की पूमसे की व्यक्तिगत विधा में आर्य कॉलेज की मुस्कान को रजत पदक हासिल किया साथ ही पूमसे की टीम विधा में युवराज चौहान और हर्षिता की जोड़ी को रजत पदक जीता। इसके साथ ही युवराज,हिमांशु,परमजीत वंदना,आरती व भावना ने कांस्य पदक जीता। डॉ. गुप्ता यह भी बताया की गत दिनों आर्य कॉलेज के खिलाड़ियों ने कॉलेज के सम्मान में चार चाँद लागते हुए पुरुष व महिला वालीबॉल टीम ने इंटरजोनल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता वहीं इंटर जोनल फेंसिंग प्रतियोगिता में भी आर्य कॉलेज के खिलाड़ियों स्वर्ण पदक जीते। कॉलेज प्राचार्य ने कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक डॉ. राजेश तूर्ण, राजेंद्र देशवाल, राजा तोमर, सुनील पहल व प्राध्यापिका रजनी को इस शानदार जीत के लिए बधाई दी।

# पानीपत की लड़की की करनाल में हत्या की कोशिश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** पानीपत शहर की रहने वाली एक महिला ने 8 माह पहले करनाल के असंध के रहने वाले एक युवक के साथ लव मैरिज की थी, लेकिन शादी के 10 दिन बाद से ही पति ने दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। दो बार उसकी हत्या करने की कोशिश की गई। यहां तक कि पति के किसी दूसरी महिला के साथ भी अवैध संबंध है, जिसका विरोध करने पर भी उसे मारा-पीटा गया। महिला किसी तरह अपने घर लौटी और मामले की शिकायत पुलिस को दी गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। चांदनी बाग थाना पुलिस को दी शिकायत में एक महिला ने बताया कि वह साईं कॉलोनी की रहने वाली है। उसने फरवरी 2024 में रमन निवासी असंध, करनाल के साथ लव मैरिज की थी। शादी के 10 दिन बाद ही पति ने उसकी गला घोंट कर हत्या करने का प्रयास किया। महिला ने बताया कि होली के बाद वह दोनों गुजरात चले गए। जहां जाने के बाद पता लगा कि उसके पति के एक महिला के साथ अवैध संबंध है। विरोध करने पर गुजरात में भी उसके साथ खूब मारपीट की गई। कुछ समय बाद वे वापस लौट आए। यहां आने के बाद पति ने दहेज के लिए मारपीट करनी शुरू कर दी। महिला का आरोप है कि जेठ जबरन अपने अंडर गॉरमेंट्स धुलवाता था। करवा चौथ के अगले दिन ससुराल वालों ने साजिश के तहत जूस में नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ खूब मारपीट की। 24 अक्टूबर को फिर उसे खूब मारा पीटा गया।

# 40 से अधिक साधक उठा रहे भारतीय योग संस्थान के निशुल्क रोग निवारण शिविर का लाभ

**अभ्यास**

▶▶ गायत्री मन्त्र, योगासन, प्राणायाम एवम् ध्यान साधना का अभ्यास बड़ी तन्मयता से कर रहे हैं



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** भारतीय योग संस्थान पंजीकृत की हरियाणा प्रांत इकाई के अंतर्गत कुरुक्षेत्र के अर्जुन योग जिला द्वारा 22 अक्टूबर से शहीद भगत सिंह पार्क, मोहन नगर में संचालित योग द्वारा निशुल्क रोग निवारण शिविर में जहाँ 40 से अधिक साधक साधिकाएं अपने विभिन्न रोगों का योग द्वारा निवारण करवाने के लिए प्रतिदिन योग साधना करने आ रहे हैं। वहीं बहुत से साधक अपने आप को और अधिक स्वस्थ रखने के लिए भी योग साधना करने आ रहे हैं। साधक शिविर के निश्चित समय सायं 4:30 बजे से 5-10 मिनट पहले योग साधना केंद्र पर पहुँच कर समापन समय 6:00 बजे तक सूक्ष्म क्रियाएँ, ओम ध्वनि, गायत्री मन्त्र, योगासन, प्राणायाम एवम् ध्यान साधना का अभ्यास बड़ी तन्मयता से कर रहे हैं । शिविर के तीसरे व चौथे दिन योग शिक्षकों भीम राज सैनी, एम एस मलिक, प्रेमलता, संत राम सैनी व जिला प्रधान मनी राम सैनी इत्यादि ने योगाभ्यास करवाया । प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर ने प्राणायामों का अभ्यास करवाया । शिक्षक कमलजीत शर्मा ने सुन्दर ध्यान साधना करवाई । शिविर के पांचवें दिन भी योग शिक्षकों भीम राज सैनी, एम एस मलिक, प्रेमलता, कमलजीत शर्मा व जिला प्रधान मनी राम सैनी इत्यादि ने योगाभ्यास, प्राणायाम व ध्यान साधना का अभ्यास करवाया । नगर के प्रतिष्ठित आयुर्वेदिक चिकित्सक एवं भारतीय योग संस्थान के वरिष्ठ अधिकारी समाजसेवी डॉ राम किशोर पारीख ने योग द्वारा रोग निवारण विषय पर सुन्दर, सार गर्भित एवम् अत्यंत उपयोगी वार्ता प्रस्तुत की । ओम ध्वनि, वैदिक प्रार्थना एवम् शांति पाठ के साथ शिविर के पांचवें दिन का समय पर समापन हुआ । बहुत से साधक साधिकाओं ने इच्छा प्रकट की है कि वे शिविर के पश्चात भी नियमित रूप से योग साधना के लिए शहीद भगत सिंह पार्क में आते रहा करेंगे।

# पिता को मां के साथ मिलकर पीट-पीटकर किया था घायल

**काबू किया**

▶▶ बुजुर्ग की मौत मामले में पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपित पत्नी को गिरफ्तार कर लिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: मोहाना** थाना क्षेत्र के गांव जुआं में बुजुर्ग की मौत मामले में पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपित पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित महिला मीना निवासी जुआं की है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। वहीं पुलिस ने मृतक के बेटे को भी हिरासत में लिया है। जिसे रविवार को अदालत में पेश किया जायेगा। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मोहाना थाना प्रभारी अरुण कुमार ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि गांव जुआं निवासी संजय की मौत संदिग्ध हालत में हुई है। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जहां परिजन व ग्रामीण संजय के शव को श्मशान घाट में दाह संस्कार करने के लिए लेकर जा रहे थे। मृतक की पत्नी मीना ने बताया कि उसका पति दो दिन से घर से गया हुआ था। सुबह करीब चार बजे घर पर पहुंचा। उसके बाद चारपाई पर लेट गया। उसके पति की छाती में दर्द हुआ। वह कहने लगा कि उसे बाथरूम में जाना है। वह उसे बाथरूम में लेकर चली गई। उसके बाद वापिस चारपाई पर लेटा दिया। उसके पति की छाती में अचानक दर्द हो गया। जिसके चलते उसकी मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल की टीम को बुलाया। उसके बाद शव पर चोट के निशान मिले। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां फॉरेंसिक चिकित्सक न होने के कारण शव को महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रेफर कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया। जिसमें खुलासा हुआ कि मृतक के शरीर पर चोट के अंदरूनी निशान है। पुलिस ने विसरा सैंपल लेकर लैब में भेजे है। पुलिस ने आरोपित मीना को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसने खुलासा किया कि उसका पति उसके साथ मारपीट करता रहता था। उसके बेटे व बेटी को भी गाली-गलौज करता था।

# इतिहास में शुमार हो गई पानीपत की मैराथन: उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार

**भाग लिया**

▶▶ पूरे शहर में एक ही नाम की गूंज सुनाई दे रही थी। वो नाम था एक दौड़ जीत के नाम यानि की मैराथन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

ऐतिहासिक नगरी पानीपत के लिए आज का दिन अन्य दिनों की तुलना में बेहतर था। पूरे शहर में एक ही नाम की गुंज सुनाई दे रही थी। वो नाम था एक दौड़ जीत के नाम यानि की मैराथन। इस मैराथन में अन्य प्रांतों के धावकों ने भी भाग लिया। प्रशासन व सामाजिक , धार्मिक संस्थाओं की और से आगंतुकों को अच्छी सौगाते व्यंजनों के रूप में दी गई। लोगों ने रस गुलले, जुस, कढी चावल, आलु पूरी, बिस्केट , फल- फ्रुट का आन्नंद लिया। स्थानीय बैंकों , स्कूलों, कॉलेजो व विभिन्न संगठनों की भी इस सफल आयोजन में अहम योगदान रहा। उपायुक्नत डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने इस सफल आयोजन के लिए सभी संगठनों , प्रशासनिक अधिकारियों को बधाई दी व उनका आभार प्रकट किया।

उपायुक्त ने बताया की इस प्रकार के आयोजन लोगों में चेतना को जागरूक करने का कार्य करते हैं व समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। इस प्रकार के आयोजन से खास तौर पर युवाओं को एक नया मार्ग मिलता है जो उनके जीवन का मार्ग दर्शन करता है। इस आयोजन को सफल बनाने में समय तो जरूर लगा लेने लोगों के सहयोग से यह मैराथन कार्यक्रम जैसा सोचा था उससे भी ज्यादा बेहतरीन साबित हुआ। उपायुक्नत ने बताया की लोगों में कार्यक्रम को लेकर भारी उत्साह सेवरे ही दिखाई पडने लगा था जो कार्यक्रम के सम्पन्न होने तक महसुस किया गया।

# 7 लाख 98 हजार 997 मीट्रिक टन धान की हुई आवक: उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि जिला में धान की खरीद का कार्य जारी है। गत दिवस तक जिले की मंडियों में 7 लाख 98 हजार 997 मीट्रिक टन धान की खरीद सरकारी एजेंसी द्वारा की गई। खरीदी गई धान का उठान तुरंत करवाने के आदेश खरीद एजेंसी को दिए गए हैं। उपायुक्त ने बताया कि धान की खरीद का कार्य जिले में 15 मंडी/परचेज सेंटरों पर किया जा रहा है। अब तक 7 लाख 98 हजार 997 मीट्रिक टन धान मंडियों में आई, जिसे सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदा गया।

# नशे का आदी युवा परिवार के साथ समाज पर भी बोझ बन जाता है

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई :** गांव जखोली के राजकीय कॉलेज में नशा मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम हुआ। इसमें 'विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र' की थीम पर व्याख्यान एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि भाजपा के जिला उपाध्यक्ष व निगम पार्षद पुनीत राई व गांव के सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र चौहान ने शिरकत की । कॉलेज की प्राचार्य किरण चौहान ने स्कूल पहुंचने पर स्वागत किया । युवा भाजपा नेता पुनीत राई ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है, जो हमारे सम्पूर्ण जीवन को नष्ट कर देती है। नशे की लत से पीड़ित व्यक्ति



परिवार के साथ समाज पर भी बोझ बन जाता है। युवा पीढ़ी सबसे अधिक नशे की लत से पीड़ित है। नशे के रूप में लोग शराब, स्मैक आदि मादक पदार्थों का सेवन करते हैं, जो स्वास्थ्य के साथ-साथ सामाजिक और आर्थिक दृष्टिकोण से भी हानिकारक हैं। नशा मुक्ति के उपायों में शिक्षा, सशक्तिकरण और चिकित्सा सहायता शामिल होती है। सरपंच प्रतिनिधि ने नशे और नशे जैसी सभी आदतों से दूर रहने, अपने गुरुजनों व माता-पिता का आदर सम्मान करने के लिए और अपने राष्ट्र को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संजीव त्यागी, राकेश त्यागी, प्रवेश शर्मा, नरेश पांचाल, प्रतिक आदि गणमान्य लोग मौजूद थे ।

**सामाजिक**

▶▶ अपने गुरुजनों व माता-पिता का आदर सम्मान करने के लिए और अपने राष्ट्र को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया

# ओम शांति रिट्रीट सेंटर में बड़े हर्षोल्लास से मना दीपों का पावन पर्व

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम: ब्रह्माकुमारीज** के ओम शांति रिट्रीट सेंटर में दीपों का पावन पर्व दीपावली बड़े हर्षोल्लास से मनाया। दादी प्रकाशमणी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में संस्था के सैकड़ों सदस्यों ने दीप जलाकर सभी को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में कलाकारों ने गीत एवं नृत्य के माध्यम से भी दीपोत्सव की शुभकामनाएं व्यक्त की। सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक पण्डित बृजेश मिश्रा एवं बीके रीना ने ईश्वरीय स्मृति के गीतों से सभी को प्रभु स्नेह से भर दिया।

इस विशेष अवसर पर संस्था के उच्च पदाधिकारियों ने अपने भावपूर्ण शब्दों से शुभकामनाएं प्रदान की। साथ ही सभी को



जीवन में श्रेष्ठ परिवर्तन की प्रेरणाएं दी। संस्था के महासचिव राजयोगी बीके बृजमोहन ने कहा कि दीवाली पर सभी लोग नई वस्तुएं खरीदते हैं। एक-दूसरे के लिए मंगल कामनाएं करते हैं। लेकिन असली मंगल तो जीवन में तभी आता है, जब हम अपने संस्कारों में नवीनता अर्थात दिव्यता एवं श्रेष्ठता लाते हैं।

ओआरसी की निदेशिका राजयोगिनी आशा दीदी ने कहा कि दीवाली का दिन ब्रह्माकुमारीज संस्थान के लिए बहुत खास है। क्योंकि दीपावली के दिन ही सन् 1937 को ब्रह्माकुमारीज संस्था के ट्रस्ट की स्थापना हुई। उन्होंने कहा कि दीवाली को हम संस्था के स्थापना दिवस के रूप में भी मनाते हैं।

संस्था के दिल्ली हरीनगर से सम्बन्धित सेवाकेंद्रों की निदेशिका राजयोगिनी बीके शुक्ला दीदी ने कहा कि दीवाली वास्तव में अज्ञानता के अंधकार को समाप्त कर ज्ञानदीप जगाने का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि दीपराज परमात्मा शिव कलयुग के अंत में आकर आत्माओं का ज्ञानदीप जगाकर उन्हें अज्ञान अंधकार से मुक्त करते हैं। इस अवसर पर जिला पार्षद अंजू शर्मा भी उपस्थित थी। शक्ति नगर सेवाकेंद्र निदेशिका राजयोगिनी चक्रधारी दीदी, दिल्ली, करोल बाग की निदेशिका राजयोगिनी पुष्पा दीदी, संस्था के जापान स्थित सेवाकेंद्रों की निदेशिका राजयोगिनी रजनी दीदी एवं ओआरसी की वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका राजयोगिनी विजय दीदी ने भी दिवाली की शुभकामनाएं व्यक्त की। अनेक ज्ञानयुक्त एक्टिविटीज के द्वारा भी सभी का मनोरंजन हुआ। बीके सुनैना एवं बीके संदीप ने मंच संचालन किया।

**प्रभु स्नेह**

▶▶ सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक पण्डित बृजेश मिश्रा एवं बीके रीना ने ईश्वरीय स्मृति के गीतों से सभी को प्रभु स्नेह से भर दिया

# मैराथन दौड़ में धावकों का स्वागत कर रिफरेशमेंट दी

**मैराथन**

▶▶ युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों में रूचि लेने के मकसद से यह आयोजन किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**सैक्टर** 13-17 ग्राउंड में आयोजित की गई मैराथन में अंसल स्थित दा ओरलव होटल द्वारा अंसल के बाहर धावकों का स्वागत कर उनको रिफरेशमेंट दी गई और धावकों पर फूल बरसाते गए। इस दौरान राज



कालड़ा ने बताया कि प्रशासन व सरकार का सहयोग करने तथा युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों में रूचि लेने के मकसद से यह आयोजन किया गया। राज कालड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने शामिल होकर धावकों का हौसला व उन्हें पुरस्कृत किए जाने से कार्यक्रम को चार चांद लग गए। आज की दौड़ में जहां विद्यार्थी, युवा खिलाड़ी, पुलिस के जवानों भी दौड़े। वहीं बुजुर्गों में भी जोश देखने को मिला।

# छावनी बस स्टैंड के ढांचागत में होगा सुधार, यात्रियों को मिलेगा लाभ: विज

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** हरियाणा के परिवहन, ऊर्जा एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने परिवहन विभाग संभालते ही अम्बाला छावनी बस स्टैंड के ढांचागत में सुधार लाने की कवायद प्रारंभ कर दी है। परिवहन मंत्री अनिल विज के प्रयासों से अम्बाला छावनी बस स्टैंड की स्पेशल रिपेयर के लिए सरकार ने 92.37 लाख रुपए की प्रशासनिक मंजूरी प्रदान कर दी है। इस संबंध में परिवहन मंत्री अनिल विज ने बताया कि सरकार ने 92.37 लाख रुपए की प्रशासनिक मंजूरी प्रदान कर दी है और बहुत जल्द



अम्बाला छावनी बस स्टैंड की रिपेयर के लिए कार्य प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बस स्टैंड के ढांचागत को पहले से भी अधिक बेहतर बनाया जाएगा ताकि यहां आने वाले यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि अंबाला छावनी बस स्टैंड जीटी रोड पर सबसे महत्वपूर्ण बस स्टैंड है और रोजाना यहां से हजारों यात्री अलग-अलग राज्यों में आने-जाने के लिए बसों से उतरते व चढ़ते हैं। उन्होंने बताया कि 92.37 लाख रुपए की प्रशासनिक

**मंजूरी**

**बहुत जल्द अम्बाला छावनी बस स्टैंड की रिपेयर के लिए कार्य प्रारंभ किया जाएगा: अनिल विज**

मंजूरी मिल चुकी है और जल्द ही यहां पर विभिन्न ढांचागत की मरम्मत कराई जाएगी। गत दिनों परिवहन मंत्रालय की जिम्मेदारी संभालने के कुछ घंटे के भीतर ही परिवहन मंत्री अनिल विज ने अम्बाला छावनी बस स्टैंड पर व्यवस्थाओं को जानने के लिए औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान कई खामियां उन्हें मिली थी और उन्होंने मौके पर ही बस स्टैंड इंचार्ज (एसएस) को निलंबित करने के निर्देश दिए थे। हालांकि परिवहन मंत्री अनिल विज के निरीक्षण के चौबीस घंटे के भीतर ही परिवहन विभाग ने बताई गई विभिन्न खामियों को ठीक किया था ताकि यात्रियों को समस्याओं का सामना न करना पड़े। गत दिनों ही परिवहन मंत्री अनिल विज अम्बाला छावनी बस स्टैंड से दिल्ली तक बस में सफर किया था और इस दौरान उन्होंने यात्रियों से बातचीत करते हुए समस्याओं को भी जाना था।

# प्लास्टिक से बनी वस्तुओं को करे रीयूज: दिलबाग

**अभियान**

**सरदार पटेल पार्क पर स्वच्छता अभियान चलाया तथा सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया**




टीम एक्शन इंडिया

**युवा** कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा चलाये गये स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के अंतर्गत संस्थाओं सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा सरदार पटेल पार्क पर स्वच्छता अभियान चलाया तथा सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया। संस्था से सुरेश शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर 25 सफाई कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि सफाई कर्मी अपनी जान की भी परवाह ना करते हुए प्रतिदिन सफाई का कार्य कर हमें स्वच्छ वातावरण उपलब्ध करवा रहे है। कोरोना महामारी के दौरान इन सभी ने अप्रतीम कार्य किया था। संस्था से दिलबाग सिंह ने बताया कि सभी ने मिलकर 30 किलो प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया। उन्होंने बताया कि खुले स्थानों पर प्लास्टिक फेंकने से अस्वास्थ्यकर स्थिति पैदा होती है, क्योंकि यह कीड़ों और मच्छरों के लिए प्रजनन स्थल का काम करता है, जो मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियों का कारण बनते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से गुजारिश करते हुए कहा कि जितना हो सके प्लास्टिक से बनी हुई चीजों को रियूज करे। उन्होंने संस्था की को स्पान्सर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से इम्युनिटी बूस्टर किट भी भेंट की।

## न्यूज फ्लैश

### गुरुकुल के गन्ने को देख हैरान हुए उत्तर प्रदेश के किसान



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** उत्तर प्रदेश का मेरठ, बागपत क्षेत्र एशिया में ह्यचीनी का कटोराह्व नाम से प्रसिद्ध है, इसका कारण यह है कि यहां पर सबसे ज्यादा गन्ना उत्पादन होता है और उत्तर प्रदेश के इसी एरिया में सबसे अधिक चीनी की मीलें है। आज उत्तर प्रदेश के मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि उपनिदेशक बागपत के निर्देश पर रवि कुमार के नेतृत्व में 30 कृषि विशेषज्ञों का एक दल गुरुकुल कुरुक्षेत्र के प्राकृतिक कृषि फार्म पर पहुंचा और यहां पर जहरमुक्त प्राकृतिक खेती से लहलहाती फसलों का अवलोकन किया। फार्म पर राजेश कुमार ने आए हुए सभी अतिथियों को प्राकृतिक खेती से उत्पादित घीया, तौरी, छप्पन कद्दू, जुगनी, लहसुन, बंदगोभी, पत्तागोभी, ब्रोकली, पालक, सरसो, गाजर, मूली, शलजम और चुकन्दर आदि सब्जियों की फसलों के बारे में विस्तृत जानकारी दी वहीं फार्म पर खड़ी गन्ना सीओजी-85, सीओ-239, पीबी-95 की किस्म की फसलों को देख उत्तर प्रदेश के कृषि विभाग के अधिकारी भी हैरत में पड़ गये क्योंकि ये गन्ने की वो किस्में है जिन्हें वर्तमान में किसानों ने बोना छोड़ दिया है क्योंकि इनमें नुकसान बहुत अधिक होता था मगर गुरुकुल के फार्म पर गन्ने की फसलें मजबूती के साथ खड़ी है और इन पर न कोई बीमारी आई और न ही किसी प्रकार का अन्य नुकसान हुआ। पैदावार की बात करें तो रासायनिक खेती से लगभग डेढ़ गुणा उत्पादन गन्ने की फसल में होता है। इसी प्रकार धान की सुगंधित तथा गैर सुगंधित किस्मों की फसलों की गुणवत्ता देखकर भी ये अतिथि बड़े प्रसन्न हुए। गुरुकुल में पहुंचने पर व्यवस्थापक रामनिवास आर्य ने सभी अधिकारियों का जोरदार स्वागत किया। उत्तर प्रदेश से पधारे दल में रवि कुमार के अलावा बृजेश कुमार, रविन्द्र, अशोक कुमार, अमित, कुलदीप सचिन, योगेन्द्र, यशपाल, नरेन्द्र, विनीत, रमन, अरिहंत, अमित, उदित तोमर, सुरेशपाल पंवार, हरनाम सिंह, शौकीन, मोहनलाल, सतीश, मनोज, शैलेन्द्र, विपिन तोमर, अनिल कुमार, अंकित, कुशलवीर धामा, शहजाद और खुरशैद आदि शामिल रहे। सभी ने प्राकृतिक खेती के आचार्यश्री के मिशन की मुक्तकंठ से सराहना की और कहा कि उत्तर प्रदेश में भी वे प्रयास करेंगे कि किसान प्राकृतिक खेती को अपनाकर अपनी आय बढाएं।

### ग्रेप के तहत नगर निगम की टीम शहर में स्मॉग गन से करवा रही है पानी का छिड़काव

**सोनीपत।** शहरों में प्रदूषण के प्रभाव को करने के लिए ग्रेप के तहत नगर निगम की टीम शहर में स्मॉग गन व अन्य साधनों से पानी का छिडकाव करवा रही है ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। नगर निगम सोनीपत आयुक्त विश्राम मीणा ने आमजन का आह्वान करते हुए कहा कि वायु प्रदूषण नियंत्रण करने में सक्रिय रूप से भागीदार बनें। ऐसा कोई कार्य न करें जिससे धूल व धुंआ वायुमंडल में न फैले। ऐसा करना एनजीटी की गाइडलाइन की अवहेलना है और दंडनीय भी है। उन्होंने कहा कि सांस लेने के लिए शुद्ध हवा हमारी सबकी पहली जरूरत है। इसलिए सभी नागरिकों का दायित्व बनता है वायु प्रदूषण को कंट्रोल करने में शासन-प्रशासन के साथ सक्रिय रूप भागीदारी निभाएं। निगमायुक्त ने बताया कि जिले का एक्यूआई (एयर क्वालिटी इंडेक्स) बढ? से रोकने के लिए हमें वायु प्रदूषण नियंत्रण से जुड़ी गतिविधियों को प्राथमिकता देनी होगी। आमजन पब्लिक ट्रांसपोर्ट का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करें। वहीं निमार्णाधीन कार्यों पर लगातार पानी का छिडकाव जरूरी है ताकि धूल न पैदा हो। खुले में कूड़ा या अन्य तरह की आग लगाना जिससे धुआं उत्पन्न होता है पर प्रतिबंद है। डस्ट या निर्माण सामग्री वाले वाहन चालक निमार्ण सामग्री को ढककर आवागमन करेंगे। शहरी क्षेत्रों में यातायात जाम न लगे इसलिए जरूरी है कि सडक मार्गो पर अतिक्रमण हटाने के निर्देश पहले संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए गए हैं।




# भगवान परशुराम मंदिर में हुआ हवन यज्ञ

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** भगवान परशुराम मंदिर पीपली बाजार अंबाला शहर में महीने के अन्तिम रविवार को हवन यज्ञ किया गया। जिसे पंडित पंकज डिमरी ने सम्पन्न करवाया। इसके पश्चात अम्बाला जिला ब्राह्मण सभा की मासिक मीटिंग आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रधान सतीश बक्शी ने की। उन्होंने कहा कि हवन यज्ञ का न केवल आध्यात्मिक महत्त्व है, बल्कि इसे वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी बहुत ही महत्त्वपूर्ण माना जाता है क्योंकि शोधकताओं ने यह पाया है कि हवन में प्रयोग होने वाले घी या गुड के जलने से ऑक्सीजन का निर्माण होता है।



वहीं हवन का धुंआ वायुमंडल को शुद्ध बनाता है क्योंकि इसके धुंए से हानिकारक जीवाणु नष्ट हो जाते हैं। सभा के चेयरमैन देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि वैज्ञानिकों का कहना है कि आम की लकड़ी से फार्मिक एल्डिहाइड नामक गैस उत्पन्न होती है, जिससे खतरनाक जीवाणु वातावरण से नष्ट हो जाते हैं। हवन से निकलने वाले धुएं से वातावरण में मौजूद कई प्रकार के विषाणु नष्ट हो जाते हैं। और वातावरण में

**शुद्धता**

**अंबाला शहर में महीने के अन्तिम रविवार को हवन यज्ञ किया गया। पंडित पंकज डिमरी ने सम्पन्न करवाया**

शुद्धता बनी रहती है। मीटिंग के दौरान ब्राह्मण सभा द्वारा दीपावली पर्व मनाने बारे भी चर्चा की गई। हवन के बाद सभी को चाय प्रसाद वितरित किया गया।

इस अवसर पर महेश दत्त वशिष्ठ, सोमनाथ शर्मा, जुगल किशोर शर्मा, अविनाश चंद पुरी, सुमित शर्मा इत्यादि अन्य भक्तजन मौजूद रहे।

# धोखाधड़ी कर सोने की चेन चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत: सेक्टर-27** शहर थाना पुलिस ने ज्वैलरी शोरूम से धोखाधड़ी करके सोने की चेन चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। गिरफ्तार आरोपित बाबू निवासी बिजनौर यूपी का है। जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पानीपत किराएदार नवीन ने गत 5 सितंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसने ब्लू स्टोन लाइफ प्राइवेट कंपनी ज्वैलरी के शोरूम में स्टोर मैनेजर के रूप में काम करता है। वह चार सितंबर को शोरूम पर नहीं था। उसके पीछे से हिमांशु निवासी न्यू चिन्नोट कॉलोनी रोहतक व नितिन घोघा दिल्ली काम कर रहे थे। उनके शोरूम पर एक महिला ओर एक व्यक्ति आते है। दोनों सोने की चेन दिखाने के लिए बोलते है। उसके बाद प्रथम तल पर ले जाकर दोनों ग्राहक आपस में बात करते-करते उलझा कर उससे दूसरी चेन देखने के लिए कहा गया। उसी दौरान एक सोने की चेन उन्होंने छुपा ली। उसके बाद बाइक पर बैठकर दोनों बस स्टैंड की तरफ चले गए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# कार चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत: सेक्टर-27** शहर थाना सोनीपत पुलिस ने कार चोरी की वारदात में शामिल आरोपित को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। गिरफ्तार आरोपित अरबाज उर्फ बिट्टू निवासी गाजियाबाद यूपी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। दिलशाद गार्डन दिल्ली हाल में सेक्टर-12 निवासी नवीन ने गत 21 जुलाई को वह अपनी गाड़ी को किराए के मकान के सामने खाली प्लॉट में खड़ा किया था। सुबह उठकर देखा तो गाड़ी गायब मिली। अपने स्तर पर गाड़ी

**मांग**

**पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया**

की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में सिपाही सुशील की टीम ने आरोपित को पहले गिरफ्तार कर लिया था। वारदात में शामिल दूसरे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

# गरीब का हक गरीब तक पहुंचाना भाजपा सरकार का पहला काम: मोहन

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत:** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने रविवार को सेक्टर-15 स्थित अपने कार्यालय पर लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने तुरंत उनके समाधान के लिए अधिकारियों को फोन कर निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अंत्योदय की भावना के साथ हर वर्ग के उत्थान के साथ प्रत्येक पात्र गरीब व्यक्ति तक उसका हक पहुंचाने का कार्य कर रही है। इसका उद्देश्य है कि किसी भी सरकारी योजना से पात्र व्यक्ति वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार पर लगाम लगाते हुए 500



से अधिक योजनाओं को ऑनलाईन किया। इसका परिणाम ये रहा कि आज हर पात्र व्यक्ति तक योजना का शत प्रतिशत लाभ प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने हरियाणा में परिवार पहचान पत्र योजना की शुरूआत की। परिवार पहचान पत्र में परिवार के सभी व्यक्तियों को डाटा अपलोड किया गया है, जिसकी मदद से पात्र होने पर परिवार को घर बैठे सरकारी योजनाओं का फायदा मिल रहा है।

# दो-पहिया वाहन चोरी की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत : सदर** थाना सोनीपत पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित दीपक निवासी फाजिलपुर सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। जनता कॉलोनी निवासी गौरव ने बताया कि उसने गत 31 अगस्त को अपनी बाइक को दुकान के नीचे खड़ा किया था। सुबह उठकर देखा तो उसकी बाइक गायब मिली। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया।

# विद्यार्थियों की दोस्त की तरह काउंसलिंग करे : सेवा ट्रस्ट

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मिजार्पुर में बच्चों को नशे के प्रति जागरूकता को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 400 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रिंसिपल रामकुमार मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने सभी को बताया कि नशे से हमारे मानसिक संतुलन तथा व्यवहार में विपरीत बदलाव आता है। हमारे अंदर सही गलत में फर्क.करने की क्षमता कमजोर हों जाती है और हम गलत काम करने लगते है। परिणामस्वरूप हमारी पढ़ाई पर भी नुकसान होता है और



दूसरे बच्चों से हर प्लेटफार्म पर पीछे रह जाते है इसलिए सभी को नशे से दूर रहना चाहिए। सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के थानेसर खंड के कोआर्डिनेटर राजेश सैन ने बताया कि सेवा ट्रस्ट जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल के नेतृत्व में बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूकता अभियान चलाये हुए हैं उन्होंने बताया की अध्यापकों को विद्यार्थियों के व्यवहार पर नजर रखनी चाहिए। अगर किसी के व्यवहार में बदलाव आता है तो उसकी दोस्त की तरह काउंसलिंग करे। सभी विद्यार्थियों की खेल कूद, योगा आदि अतिरिक्त गतिविधियों में भागीदारी सुनिश्चित करे। योग विधार्थियो को नशे से दूर रखता है। इसे विद्यार्थियों की दिनचर्या का हिस्सा बनाये। विद्यालय की हिन्दी प्राध्यापिका अनीता भारत ने सेवा ट्रस्ट से आए सभी वॉलंटियर का विद्यालय आने पर धन्यवाद किया उन्होंने ने भी योग करने वह उनके लाभ के बारे में बताया वह सभी को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई। सेवा ट्रस्ट के जिला मीडिया प्रभारी विजय पंघाल वह सुमन्त सैनी ने सभी को संस्था की को स्पान्सर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से इम्युनिटी बूस्टर किट भेंट की। इस अवसर पर प्राध्यापक रामकुमार, सविता, नीतू, पूजा, शिल्पा, निशा, रेखा, मुकेश, सुभाष वह विद्यालय के सभी छात्र मौजूद रहे।

# प्लॉट के बाहर खड़ी बाइक चोरी, मुकदमा दर्ज

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र में प्लॉट के बाहर से दो-पहिया वाहन के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मनौली निवासी अरविंद ने बताया कि वह अपने साले वीर सिंह के नाम से है। वह बाइक को अपने कृषि के कार्यो में काम करता है। गत 24 अक्टूबर को वह करीब दस बजे अपनी बाइक के लेकर प्लॉट में पहुंचा। जहां उसे बाहर खड़ी करके अंदर काम के लिए

**केस दर्ज**

**पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है**

चला गया। रात करीब एक बजे वापस निकला। उसकी बाइक नहीं मिली। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण का हुआ जोरदार स्वागत

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि पिछले 10 वर्षो में कुरूक्षेत्र का विकास की दृष्टि से रुतबा बढ़ा हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में हरियाणा की 90 विधानसभा क्षेत्रों में समान रूप से आगे विकास कार्यो को करवाते हुए हरियाणा उन्नति के पथ की ओर अग्रसर होगा।

विधानसभा अध्यक्ष रविवार को पैराकीट पहुंचे थे और यहां पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। यहां पहुंचने पर विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण का पूर्व शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा, इन्द्री विधायक राम



कुमार कश्यप के साथ-साथ भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकताओं व सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ देकर व फुल मालाएं पहनाकर भव्य अभिनंदन किया।

विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने इस मौके पर बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और कहा कि विधानसभा अध्यक्ष का जो दायित्व उन्हें सौंपा है उसके लिए वे उनका धन्यवाद करते हैं। जो जिम्मेवारी उन्हें सौंपी गई हैं वे उसका बखूबी निर्वहन करेंगे। इसके साथ-साथ उन्होंने सर्वसम्मति से माननीय अध्यक्ष का चुनाव करवाने के लिए विधानसभा सदस्यों व विधायकों का भी

**अभिनंदन**

**समान रूप से आगे विकास कार्यो को करवाते हुए हरियाणा उन्नति के पथ की ओर अग्रसर होगा**

धन्यवाद किया हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं व आम जन के आशीर्वाद से भाजपा की हरियाणा में तीसरी बार सरकार बनी हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किए जाएगें।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि आने वाले समय को देखते हुए और समय की जरूरत के अनुसार जब परसीमन लागू हो जाता है तो विधायकों व सांसदों की संख्या बढ़ जाती हैं। केन्द्र ने इस नाते नए संसद भवन को बनाने का काम किया हैं। इसी तर्ज पर हरियाणा में भी नए विधानसभा भवन बनाने की आवश्यकता हैं। इस कार्य के दृष्टिगत प्रक्रिया चल रही है, नया विधानसभा भवन (परिसर) बने यह मेरी प्राथमिकता भी हैं। युवा वर्ग व महिला जनप्रतिनिधियों का अधिक चुना जाना समाज के लिए एक अच्छी शुरूआत हैं। सार्थक दिशा में देश व प्रदेश आगे बढेगा। हमारा देश युवा देश है और इनके प्रतिनिधित्व का सभी को लाभ भी होगा।

# तेज रफ्तार कार ने दो-पहिया वाहन चालक को चपेट में लिया, मौत

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत :** मोहाना थाना क्षेत्र के गांव बड़वासनी-चिटाना सड़क मार्ग पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार कार ने दो-पहिया वाहन चालक को चपेट में ले लिया। हादसे में वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए उसे अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को

**रफ्तार का कहर**

**मोहाना थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया**

सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव चिटाना निवासी जितेंद्र ने बताया कि उसका भाई मुकेश कुमार (44) ठेकेदारी का काम करता है। वह अपनी बाइक पर सवार होकर रात करीब नौ बजे गांव हुल्हेड़ी से गांव चिटाना आ रहा था। उसका भाई आगे-आगे चल रहा था। वह चिटाना पुल के पास पहुंचा। उसी दौरान एक तेज रफ्तार कार ने उसे चपेट में ले लिया। हादसे में उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। कार चालक हादसे के बाद फरार हो गया। उसके बाद उपचार के लिए उसे अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची मोहाना थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

# बरसों से बुराड़ी में उठ रही शौचालयों की माँग

**लापरवाही...**

**चुनावों में शौचालयों का मुद्दा उठाया जाता रहा है, लेकिन शौचालयों का निर्माण आज तक नहीं हो पाया।**





**टीम एक्शन इंडिया/महेंद्र सिंह**

**नई दिल्ली:** जहां एक ओर तो देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्य सरकारें लाखों करोड़ों रूपए पानी की तरह बहाकर स्वच्छता अभियान चला रही है।

वहीं दूसरी ओर राजधानी दिल्ली की एक विधानसभा क्षेत्र ऐसा भी है जहां की जनता बरसों से सिर्फ एक शौचालय के लिए जन प्रतिनिधियों से मांग कर रही है, लेकिन आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि के कानों तले जूं तक नहीं रेंगी।

**चुनावों में भुनाया जाता रहा शौचालय का मुद्दा:** क्षेत्र के लोगों ने बताया कि लगभग तीस साल से बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में एक भी शौचालय मौजूद नहीं है, जिसके चलते खासा परेशानी होती है। तो वहीं लोगों ने कहा कि हर बार के विधानसभा व निकाए चुनावों में शौचालयों का मुद्दा उठाया जाता रहा है, लेकिन शौचालयों का निर्माण आज तक नहीं हो पाया।

**खुले में जाते है शौच:** दस लाख से ज्यादा की आबादी बुराड़ी में जहां एक तो पुराना गांव बसा हुआ है तो वहीं संत नगर जैसी भीड़-भाड़ व व्यस्ता रहने वाली मार्किट भी है, जहां से रोजाना हज़ारों लोगों का आना-जाना भी रहता है। तो वहीं छोटी मोटी दुकाने भी है जिनमें शौचालय नहीं बना हुआ है जिसके चलते उन लोगों को खाली पड़े प्लॉटों में जाना पड़ता है, जिसके चलते गंदगी भी फैल रही है।

**सरकार बदली लेकिन नहीं बदले हालात:** क्षेत्रीय लोगों की मानें तो बुराड़ी विधानसभा के लोग बरसों से तमाम तरह की असुविधाओं से त्रस्त है, कहने को तो यह देश की राजधानी में रहते है, लेकिन क्षेत्र के हालात किसी पिछड़े हुए गांव देहात से कम नहीं है। लोगों ने सरकार के प्रति रोष जताते हुए कहा कि दिल्ली में कांग्रेस की सरकार पंद्रह साल तक रही और केजरीवाल सरकार को भी दस साल होने को है सरकार तो बदली लेकिन बुराड़ी की तस्वीर नहीं बदली बल्कि हालात अब बद से बदत्तर हो चुके है।

**विधायक से नाराज़ क्षेत्र की जनता:** क्षेत्र के लोगों से जब उनको रोजमर्रा की होने वाली समस्याओं के बारे में पूछा तो क्षेत्र के लोगों का गुस्सा विधायक के प्रति फूट पड़ा। लोगों ने बताया कि पिछले पंद्रह साल से बुराड़ी क्षेत्र से विधायक संजीव झा हैं, जिन्होंने हर चुनाव में क्षेत्र के विकास को लेकर बड़े-बडे वादे भी किए थे, तो वहीं संजीव झा के हर चुनावी मुद्दे में क्षेत्र में सरकारी शौचालय का निर्माण करने का भी मुद्दा उठाया और जैसे ही विधायक साहब चुनाव जीत गए तो शौचालय का मुद्दा ठंडे बस्ते में डालकर पूरे पांच साल तक क्षेत्र से गायब ही रहे तो वहीं अब चुनाव आया तो फिर से नज़र आने लगे हैं।




**दीपक गुप्ता (दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष जेडीयू, प्रभारी बुराड़ी विधानसभा)** ने कहा कि बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में सरकारी शौचालय बनाने के लिए लिए खाली जमीन की कोई कमी नहीं है, डीडीए की जगह खाली पड़ी है तो वहीं दिल्ली नगर निगम की भी लैंड के साथ ही फ्लड विभाग की भी जगह पड़ी तों वहीं ग्राम सभा की जमीनें भी खाली जहां पर प्रस्तावित कर शौचालय का निर्माण करवाया जा सकता है।



**डा.देवेंद्र चौधरी, (प्रधान, तोमर कॉलोनी)** ने कहा कि बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में एक भी सरकारी शौचालय का न होनें यह दिल्ली सरकार व क्षेत्रीय विधायक संजीव झा की फेलियर को दर्शाती है। जो विधायक पंद्रह साल तक क्षेत्र में एक भी सरकारी शौचालय तक न बनवा पाया हो उससे क्षेत्र के विकास की क्या कोई उम्मीद लगाई जा सकती है। विकास न होने की वजह से जनता को परेशान होना पड़ रहा है।



**राम सिंह (स्थानीय दुकानदार)** बुराड़ी विधानसभा में शौचालय की समस्या लगभग 30 साल से लगातार बनी हुई है, जिसके चलते लोगों को शौचालय के लिए खाली प्लॉट तलाशना पड़ता है, जिससे कि क्षेत्र में गंदगी तो फेल ही रही है इसके साथ ही रोड से महिलाओं का भी आना-जाना रहता है जो कि अपने आप में सुरक्षित महसूस करती है और शर्मिंदगी भी महसूस करनी पड़ती है।



**ज्ञान सिंह (स्थानीय दुकानदार)** मैं बुराड़ी क्षेत्र में लगभग 35 साल से रह रहा हूं जब से लेकर आज तक मैने नहीं देखा कि बुराड़ी में सरकार की ओर से एक भी सरकारी शौचालय बनाया गया हों। विधायक संजीव झा लगातार तीन बार से यहां के विधायक रहे हैं और उन्होंने आज तक शौचलय बनवाने को लेकर जहमत तक नहीं उठाई कि स्थानीय दुकानदारों को एक शौचालय भी बनवा कर दें सके।



**कल्याण सिंह (स्थानीय दुकानदार)** बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में काफी सालों से कोई भी सरकारी शौचालय नहीं बनाया गया है। जिसकी वजह से स्थानीय दुकानदार शौच के लिए दूर-दूर तक जाना पड़ता है, तो कुछ दुकानदार अपनी दुकानें बंद करके अपने घर जाते हैं। विधायक संजीव झा पिछले 15 साल से विधायक हैं उन्होंने आज तक शौचालय बनवाने के लिए एक कदम तक नहीं बढ़ाया।

## बुराड़ी: मन की बात कार्यक्रम का हुआ आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के बिग डेडी बैंक्वट हाल में भाजपा के मनोनित निगम पार्षद संजय त्यागी द्वारा मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संत नगर वार्ड नंबर-9 से मंडल अध्यक्ष कृष्ण पाल सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहें।

इस मौके पर मंडल अध्यक्ष कृष्ण पाल ने कहा कि यह पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 115वां एपिसोड था।

**डिजिटल अरेस्ट पर पीएम मोदी ने किया आगाह:** इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस बार के एपिसोड़ में साइबर क्राईम को लेकर पीएम मोदी ने देश को जागरूक किया। पीएम मोदी ने मन की बात में कहा कि डायल अरेस्ट के शिकार होने वालों में हर वर्ग, हर उम्र के लोग हैं। लोगों ने डर की वजह से अपनी मेहनत से कमाए हुए लाखों रुपए गवां दिए हैं। कभी भी आपको इस तरह का कोई कॉल आए तो आपको डरना नहीं है। आप को पता होना चाहिए कोई भी जांच एजेंसी, फोन कॉल या वीडियो कॉल पर इस तरह पूछताछ कभी भी नहीं करती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 115वें एपिसोड को किया संबोधित।

कुवैत में रामायण-महाभारत का अरबी अनुवाद करने पर अब्दुल्ला अल-बारुन के प्रयासों की सराहना की। तो वहीं गेमिंग और एनिमेशन के क्षेत्र में भारत के तेजी से होते विस्तार की भी तारीफ की।

इस मौके पर संजय त्यागी ने कहा कि पीएम मोदी से देश की जनता खुश है तो वहीं पूरे देश में खुशी और विकास की ब्यार चल रही है।

## लाल बाग: दीपावली मिलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र स्थित मोहल्ला समिति लालबाग रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा लालबाग के रामलीला मैदान में दीपावली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके समिति के प्रधान राजेंद्र ने बताया कि कार्यक्रम में क्षेत्र के सैंकड़ों लोग भी मौजूद रहे। इस दौरान विभिन्न देवी-देवताओं की मनमोहक झांकियां भी निकाली गई। इसके साथ ही लोगों ने दीप जलाकर एक दूसरे के गले लगकर दीवाली की बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान चांदनी चौक विधानसभा क्षेत्र से संयोजक हरीश असड़ी ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर असड़ी ने कहा की हमारे सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार व हमारी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए मोहल्ला समिति लालबाग रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन निरंतर प्रयासरत रहती है तथा समय-समय पर ऐसे ही धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करती रहती है। मैं समिति को दीवाली की बधाई देता हूं तथा इस कार्यक्रम में मुझे निमंत्रण देने के लिए उनका आभार व्यक्त करता हूं। इस मौके पर प्रधान राजेंद्र, मंत्री मदन, राजवीर, रंजना सहित समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## इंटक के अध्यक्ष चौधरी जिले सिंह ने की संजीव रेड्डी से मुलाकात



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश इंटक के अध्यक्ष चौधरी जिले सिंह ने ऋषि पाल, सत्यव्रत पुनिया और महामंत्री दिल्ली प्रदेश (इंटक) गंगाराम के साथ दिल्ली के श्रमिक नेता डी संजीव रेड्डी से 4, भाई वीर सिंह मार्ग, नई दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान तीन अक्टूबर 2024 को दिल्ली प्रदेश में किए गए बदलाव करने के मामले को लेकर उनसे बातचीत की।

## जीटी करनाल रोड़ की हालत खस्ता, चोटिल हो रहे लोग





**टीम एक्शन इंडिया**

**दिल्ली** स्थित आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के संजय नगर के पास जीटी करनाल रोड़ की हालात काफी ज्यादा खस्ता होती जा रही है, जगह-जगह गढड़े होने की वजह से यहां से गुजरने वाले लोगों को खासी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इस संदर्भ में सराय पीपल थला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भारत सिंह राघव ने बताया कि आम आदमी पार्टी के राज में दिल्ली की हालात काफी ज्यादा खराब हो चुकी है। दिल्ली के निवासियों को आप राज में कई समस्याओ से जूझना पड़ रहा है, जहां एक ओर दिल्ली की जनता गंदे पानी की समस्या से जूझ रही है, वहीं दिल्ली के रोड़ो की हालात खस्ता होती जा रही है। भारत सिंह राघव ने आगे बताया कि जीटी करनाल रोड़ संजय नगर, महेन्द्रा पार्क के पास रोड़ में जगह-जगह गड्ढे हो गये है, जिस कारण से यहां पर अकसर कर दो पहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो जाते है। उन्होंने संबंधित विभाग से मांग की है, इस रोड़ पर हुए गड्ढे को भरा जाये, जिससे की यहां पर दुघर्टनाएं होना बंद हो और लोगों को परेशान न होना पड़े।

## पीएम मोदी के कार्यों से खुश है देश के लोग: विशाल कपाही



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भाजपा नेता विशाल कपाही ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। यही कारण है कि देश की जनता भाजपा के कार्यों से खुश है और भाजपा द्वारा चलाये गये सदस्यता अभियान से अधिक से अधिक जुड़ रही है। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी ने देश में विकास ही विकास करके दिखाया है। तभी तो देश के लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों की सराहना कर रहे है।

## बादली: जहांगीरपुरी निवासी आप सरकार के कुशासन के बारे में शिकायत कर रहे हैं: देवेन्द्र यादव







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने पिछले 10 वर्षों में दिल्ली सहित बादली विधानसभा की बदहाली से परेशान लोगों की समस्याओं को सुनने और अपने विधानसभा क्षेत्र में चुनावों की तैयारी के सिलसिले में रविवार को वार्ड नम्बर 18 जहांगीरपुरी में दिन भर मैराथन कार्नर बैठकें करके क्षेत्रवासियों के संवाद किया। बीते दिन श्री यादव ने वार्ड नम्बर 19 सरुप नगर में लगभग 9 जगहों पर बूथ कमेटियों के सदस्यों के साथ क्षेत्रवासियों के मुलाकात की तथा राजीव गांधी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर जनता के लिए ऑनलाइन सेवाओं का जायजा भी लिया।

प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव आज बादली विधानसभा के वार्ड 18 में सुबह 8 बजे से देर शाम तक राजीव गांधी भलस्वा डेयरी, ए ब्लाक संडे बाजार, राजीव नगर 40 फुटा रोड़, त्यागी टैंट वाली गली, गुर्जर चौक, श्रद्धानंद कालोनी, गली नम्बर 9 जी ब्लाक, गली नम्बर 10, डी ब्लाक, श्रद्धानंद कॉलोनी, तंदूर वाली गली, कलंदर कॉलोनी कवाड़ी वाली गली, विश्वनाथ पुरी, कलंदर कॉलोनी और सीडी ब्लाक गली नः 8, राजीव नगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील की कि वो क्षेत्र की जनता समस्याओं को निपटाने में भरपूर सहयोग करें, क्योंकि पिछले 10 वर्षों में आम आदमी पार्टी के विधायक जीतने के बाद यहां का रास्ता ही भूल गए है। क्षेत्रीय निवासियों ने टूटी सड़के, गलियां, नालिया, जल भराव, बढ़े हुए बिजली बिल, बर्बाद हो चुकी मौलिक सुविधाऐं और बुनियादी ढ़ांचा, वायु और जल प्रदूषण, कूड़े के ढेर और खुले में गंदगी की शिकायते की। देवेन्द्र यादव ने क्षेत्रीय दौरे में लोगों से कहा कि अरविन्द केजरीवाल कल बादली आए थे, उनके साथ गिने चुने लोग थे और उनके कार्यकर्ता भी पूरी तरह केजरीवाल के साथ नहीं होना, क्षेत्रीय विधायक और आम आदमी पार्टी के खिलाफ लोगों का रोष साफ दिखाई दिया। अरविन्द केजरीवाल की दिल्ली के प्रति अनदेखी और भ्रष्टाचार के कारण गिरता उनका ग्राफ जनता के बीच पदयात्राओं में साफ दिख रहा है। किराए के लोगों को छोड़ दे तो दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी को बाहर का रास्ता दिखाने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि बूथ वार बैठकों में लोगों के साथ चर्चा पर कल लोगों ने खुद चर्चा की कि अब बस बहुत हुआ, केजरीवाल नहीं चाहिए हमें।

## भारत के खिलाफ शेष वनडे मैचों से बाहर हुई अमेलिया केर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड की महिला ऑलराउंडर अमेलिया केर अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में सीरीज के पहले मैच में अपनी बायीं क्वाड्रिसेप की मांसपेशी में चोट लगने के कारण भारत के खिलाफ शेष वनडे मैचों से बाहर हो गई हैं। उस मैच में, अमेलिया को 4-42 के अपने स्पेल के दौरान चोट लगी थी और वह नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरीं थीं, जहां वह 25 रन बनाकर नाबाद रहीं, जबकि न्यूजीलैंड की टीम 227 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 40.4 ओवर में 168 रन पर आउट हो गई थी न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने एक बयान में कहा कि 24 अक्टूबर को हुए मैच के बाद सुबह अमेलिया को स्कैन के लिए ले जाया गया था। स्कैन में ग्रेड वन क्वाड्रिसेप टियर का पता चला, जिसके ठीक होने में लगभग तीन सप्ताह लगेंगे। हेड कोच बेन सॉयर ने कहा, हम मेली के लिए वाकई बहुत दुखी हैं। चोट लगना हमेशा ही किसी खिलाड़ी के लिए चुनौतीपूर्ण समय होता है और हम जानते हैं कि वह इन खेलों में नहीं खेल पाने से कितनी निराश है। हर कोई जानता है कि मेली इस टीम का कितना अहम हिस्सा है, इसलिए हम निश्चित रूप से उसे मिस करेंगे, लेकिन हम उसके जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं। न्यूजीलैंड द्वारा यूएई में 2024 महिला टी20 विश्व कप जीतने के बाद करियर की ऊंचाई हासिल करने के बाद अमेलिया भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में उतरी थीं।

## पंजाब किंग्स ने हैडिन और जोशी को बरकरार रखा; सपोर्ट स्टाफ में शामिल हो सकते हैं होप्स

**नई दिल्ली।** रिकी पोंटिंग ने पंजाब किंग्स के सपोर्ट स्टाफ की टीम बनाने में पहला बड़ा कदम उठाया है, जिसमें उन्होंने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर जेम्स होप्स को शामिल किया है, जिन्होंने दिल्ली कैपिटल्स में अपने कार्यकाल के दौरान उनके साथ काम किया था। होप्स 2008 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के उद्घाटन सत्र में एक खिलाड़ी के रूप में फ्रैंचाइज़ी का हिस्सा भी थे। 46 वर्षीय पोंटिंग के अनुबंध को दिल्ली कैपिटल्स ने नवीनीकृत नहीं किए जाने के बाद विस्तार की पेशकश की थी। हालांकि, होप्स, जिन्होंने 84 वनडे और 12 टी20आई में अपने देश का प्रतिनिधित्व किया, ने अपने पूर्व कप्तान पोंटिंग के साथ काम करना जारी रखने का फैसला किया, जिन्होंने फ्रैंचाइज़ी के साथ चार साल का अनुबंध किया है। होप्स के हस्ताक्षर से दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज चार्ल लैंगवेल्ट के बाहर होने का संकेत मिलता है, जिन्होंने 2023 और 2024 सीज़न के लिए ट्रेवर बेलिस के तहत टीम के तेज़-गेंदबाजी कोच के रूप में काम किया था। इससे पहले, दक्षिण अफ्रीकी ने 2020 सीज़न के दौरान फ्रैंचाइज़ी के लिए गेंदबाजी कोच की भूमिका भी निभाई थी।

## दक्षिण अफ्रीका टेस्ट के बाद बांग्लादेश की कप्तानी छोड़ सकते हैं नजमुल

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के सभी प्रारूपों के कप्तान नजमुल हुसैन के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर चल रही टेस्ट श्रृंखला के समापन के बाद कप्तानी करने की संभावना नहीं है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने फरवरी 2024 में नजमुल को एक साल के लिए सभी प्रारूपों का कप्तान नियुक्त किया था और उम्मीद थी कि वह अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी में टीम की अगुआई करेंगे। हालांकि, नजमुल ने बोर्ड को अपने पद से इस्तीफा देने की सूचना दे दी है और अब बोर्ड अध्यक्ष फारूक अहमद की मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं, जो फिलहाल विदेश में हैं और जल्द ही उनके आने की उम्मीद है। क्रिकबज के अनुसार, बीसीबी के एक शीर्ष अधिकारी ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा, हां, उन्होंने हमें बताया कि वह दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला के बाद टीम की कप्तानी करने के लिए तैयार नहीं हैं। बीसीबी के एक शीर्ष निदेशक उन्हें अपना फैसला बदलने के लिए मनाने की कोशिश कर रहे हैं, जो इस समय संभव नहीं लगता। पता चला है कि 2024 टी20 विश्व कप के बाद नजमुल ने टी20 कप्तानी छोड़ने का फैसला किया था, लेकिन बाद में उन्होंने अपना मन बदल लिया और तीनों प्रारूपों से इस्तीफा देना चाहते थे। पिछले कुछ समय से नजमुल की कप्तानी लंबे समय से खराब फॉर्म में चल रही है, जिसके बाद कई लोगों ने उनकी आलोचना की है।

## छात्राओं ने कबड्डी प्रतियोगिता में दिखाया दम

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू)में अंतर संकाय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साह के साथ भागीदारी की। प्रतियोगिता में पहला मैच सामाजिक विज्ञान संकाय और कृषि विज्ञान संस्थान के बीच खेला गया। जिसमें सामाजिक विज्ञान संस्थान ने जीत हासिल की। दूसरा मैच महिला महाविद्यालय और बसंत महिला महाविद्यालय के बीच खेला गया। जिसमें महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने जीत हासिल की। वहीं, तीसरा मैच सामाजिक विज्ञान संकाय और कला संकाय के बीच खेला गया। जिसमें कला संकाय विजेता बना। चौथा मैच महिला महाविद्यालय और आर्य महिला स्नातकोत्तर विद्यालय के बीच खेला गया। जिसमें आर्य महिला पीजी कालेज विजेता बना। इसके पहले प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि संयुक्त कुलसचिव (वित्त) डॉ संजय कुमार, विशिष्ट अतिथि सहायक कुलसचिव अभिषेक सेठ ने किया। आयोजन सचिव डॉक्टर खुर्शीद अहमद ने खिलाड़ियों से परिचय कराया। मुख्य अतिथि डॉ संजय कुमार ने प्रतिभागियों को मैच की सफलता की शुभकामनाएं दी। उन्होंने खेल को खेल की भावना से खेलने का मंत्र दिया और खेल को व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली कुंजी बताया।

# नोमान, साजिद की फिरकी पर नाचे अंग्रेज,टेस्ट सीरीज 2-1 से पाक के नाम

एजेंसी

**रावलपिंडी।** नोमान अली और साजिद खान की स्पिन जोड़ी की बदौलत पाकिस्तान ने तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच में इंग्लैंड को नौ विकेट से हराकर श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली।

पाकिस्तान की इस स्पिन जोड़ी ने मुल्तान में भी शानदार प्रदर्शन किया था जिसे रावलपिंडी में भी जारी रखा गया। फरवरी 2021 के बाद पाकिस्तान की यह पहली घरेलू श्रृंखला जीत है। नवंबर 2015 के बाद इंग्लैंड पहली बार पाकिस्तान से टेस्ट श्रृंखला हारा है। पहले टेस्ट में पारी और 47 रन की बड़ी हार के बाद मेजबान टीम को लगातार दूसरी बार जीत हासिल हुई है, जिससे पाकिस्तान आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025 तालिका में एक स्थान ऊपर उठ कर सातवें स्थान पर पहुंच गया है जबकि इंग्लैंड के ठीक नीचे छठे नंबर पर है। साजिद खान ने 128 रन देकर छह विकेट चटकाये जबकि नोमान अली ने तीन विकेट 88 रन देकर झटके।




टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड पहली पारी में केवल 267 रन ही बना सका। निचले क्रम में जेमी स्मिथ (89) और गस एटकिंसन (39) की अर्धशतकीय साझेदारी के अलावा मेहमान टीम के किसी और खिलाड़ी में रन की भूख दिखायी नहीं दी। जवाब में, पाकिस्तान के सऊद शकील (134) के शानदार शतक से मेजबान टीम को पहली पारी में 77 रनों की आसान बढ़त मिल गई।

इसके बाद नोमान और साजिद ने मिलकर इंग्लैंड की दूसरी पारी को पटरी से उतार दिया। कोई भी बल्लेबाज टिक नहीं सका जिसके चलते दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड तीन विकेट खो चुका था। अगली सुबह वह केवल 88 रन और जोड़ सका और इंग्लैंड 112 रन पर आउट हो गया, जो टेस्ट में पाकिस्तान के खिलाफ उसका दूसरा सबसे कम स्कोर है, मेजबान स्पिनरों ने एक बार फिर पिछले मैच की तरह सभी 20 विकेट लिए। पिछले दो टेस्ट मैचों में इन दोनों ने 40 में से 39 विकेट लिए हैं।

यह भी पहली बार था जब पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों ने किसी टेस्ट में एक भी गेंद नहीं फेंकी।

**संक्षिप्त स्कोरः**
इंग्लैंड- 267 (68.2) 112 (37.2)
**पाकिस्तानः** 344 (96.4) 37/1 (3.1)

## पढ़ाई, ट्रेनिंग के साथ खेल प्रतियोगिताओं में अवश्य प्रतिभाग करना चाहिए : निदेशक



एजेंसी

**मुरादाबाद।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर उप्र पुलिस अकादमी के घुड़सवारी मैदान पर आयोजित 26वीं उप्र पुलिस वार्षिक अश्वारोहण प्रतियोगिता के तीसरे दिन विभिन्न प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अपर पुलिस अधीक्षक महेन्द्र कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अकादमी के निदेशक व अपर पुलिस महानिदेशक राजीव सभरवाल द्वारा किया गया। शुभारम्भ के अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जोनों से आयी टीम क्रमशः आगरा, लखनऊ, कानपुर, अलीगढ़, मेरठ, बरेली, प्रशिक्षण जोन मुरादाबाद के टीमों के खिलाड़ियों ने अपने हुनर का परिचय दिया। प्रतियोगिता में विभिन्न जोनों के 48 घोड़े व घुडसवार भाग ले रहे हैं। निदेशक ने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में प्रतिभागी के रूप में प्रतिभाग करना बड़ी होती है। कोई भी खिलाड़ी जब श्रेष्ठ प्रदर्शन करता है तो उसके संस्थान, उसके परिवार, उसके शहर, उसके देश व उसके गुरुजनों का नाम रोशन करता है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई, ट्रेनिंग के साथ खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग अवश्य करना चाहिए।

# यूपी के गेंदबाजों ने दिखाया दम,पंजाब की पहली पारी 210 रन पर सिमटी

एजेंसी

**मुल्लांपुर।** शिवम मावी (29 रन पर चार विकेट) के अलावा सौरभ कुमार और शिवम शर्मा की अनुशासित गेंदबाजी की बदौलत उत्तर प्रदेश ने रणजी ट्राफी एलीट ग्रुप सी मुकाबले के पहले दिन मेजबान पंजाब को पहली पारी में 210 रन पर सीमित कर दिया।

महाराज यदविंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम पर दिन का खेल खत्म होने के समय उत्तर प्रदेश ने बगैर नुकसान के आठ रन बना लिये थे। माधव कौशिक (7) और आर्यन जुयाल एक रन बनाकर क्रीज पर डटे थे। इससे पहले टॉस जीतकर उत्तर प्रदेश ने मेजबान टीम को पहले बल्लेबाजी का आमंत्रण दिया। गेंदबाजों ने कप्तान आर्यन जुयाल के फैसले को सही ठहराते हुये पंजाब की सलामी जोड़ी को मात्र दस रनों में पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। हालांकि अनमोलप्रीत सिंह (38) और पुखराज मान (61) ने बीच के ओवरों में धैर्यता दिखाते हुये स्कोरबार्ड को आगे बढ़ाया। अनमोल हालांकि दूसरे छोर पर लगातार विकेटों के पतन से उनकी पंजाब को




300 के ऊपर ले जाने की हसरत पूरी नहीं हुयी। सौरभ कुमार के शिकार बने जबकि अनमोल का विकेट सौरभ के खाते में गया। मध्यक्रम के सनवीर सिंह (50) पंजाब की ओर से अर्धशतक जमाने वाले दूसरें बल्लेबाज बने सौरभ और शिवम शर्मा को दो दो विकेट मिले जबकि नीतिश राणा ने अपने शार्ट स्पेल में सनवीर को आउट किया।

# टेनिस- एलेक्स डी मिनौर वियना ओपन के सेमीफाइनल में

एजेंसी

**विएना।** एलेक्स डी मिनौर ने जैकब मेनसिक को 6-7(2), 6-3, 6-4 से हराकर विएना ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जिससे निट्टो एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने की उनकी उम्मीदें बरकरार रहीं। 25 वर्षीय खिलाड़ी, जो वर्तमान में एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में नौवें स्थान पर है, ने कड़ी मेहनत की और दो घंटे 34 मिनट में जीत दर्ज की।

मेनसिक ने सबसे पहले गियर बदला, शुरुआती सेट टाई-ब्रेक में चला गया। उन्होंने आक्रामक ग्राउंडस्ट्रोक का इस्तेमाल किया और ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी से गलतियाँ करवाकर पहला सेट 7-6(2) से अपने नाम किया। एटीपी के आंकड़ों के अनुसार, उन्होंने पहले सेट में 24 विनर्स लगाए, जिसमें नौ ऐस शामिल थे। डी मिनौर ने दूसरे सेट के छठे गेम में एक महत्वपूर्ण ब्रेक अर्जित करके जवाब दिया और सेट को 6-3 से जीतकर मैच को बराबर कर दिया। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने तीसरे सेट के पांचवें गेम में मेनसिक की फिर से



सर्विस तोड़ी और मैच के बाकी समय तक नियंत्रण में रहे। हार के बावजूद, मेनसिक दिसंबर में होने वाले नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने की राह पर हैं। 19 वर्षीय खिलाड़ी एटीपी लाइव रेस टू जेद्दा में तीसरे स्थान पर है। दूसरी तरफ, खाचानोव ने मैटेओ बेरेटिनी को 6-1, 6-4 से हराया और अपनी जीत का सिलसिला सात मैचों तक बढ़ाया। पिछले सप्ताह अल्माटी ओपन जीतने वाले 28 वर्षीय खिलाड़ी ने वियना में एटीपी 500 टूर्नामेंट में अपने पहले सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए इतालवी खिलाड़ी को एक घंटे और 18 मिनट में हराया। इस जीत के साथ, खाचानोव ने जोड़ी की एटीपी हेड-टू-हेड सीरीज़ में अपनी पहली जीत दर्ज की, जिसमें बेरेटिनी 4-1 से आगे हैं।

# गोरखपुर में बनेगा विश्वस्तरीय रोइंग स्पोर्ट्स सेंटर : योगी

एजेंसी

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रामगढ़ताल के समीप विश्व स्तरीय रोइंग स्पोर्ट्स सेंटर बनाने के लिए सरकार रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (आरएफआई) को वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में जगह उपलब्ध कराएगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश की सभी बड़ी झीलों में वाटर स्पोर्ट्स की संभावनाओं को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा।

रामगढ़ताल में आयोजित 25वीं सब जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप के समापन समारोह में खिलाड़ियों और उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में रोइंग के क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं। जरूरत है प्रतिभाओं को तराशने की। हमारे रोइंग खिलाड़ी ओलंपिक और अन्य वैश्विक प्रतिस्पर्धाओं में प्रतिभाग कर मेडल जीत सकते हैं। रोइंग में प्रतिभाओं को तराशने के लिए



सरकार रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अनुरोध पर रोइंग स्पोर्ट्स सेंटर खोलने के लिए रामगढ़ताल के पास बने वर्ल्ड क्लास वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में स्पेस देगी। साथ ही सेंटर को आगे बढ़ाने के लिए भी प्रदेश सरकार हर प्रकार का सहयोग देगी।योगी ने कहा कि यूपी में कई प्राकृतिक झीलें हैं, वहां भी रोइंग की संभावनाओं को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। एशियन गेम्स और अंतरराष्ट्रीय स्तर की अन्य रोइंग स्पर्धाओं में पदक जीतने वाले यूपी के खिलाड़ियों लक्ष्मण अवार्डी और देवरिया के युवा कल्याण अधिकारी पुनीत बालियान, लक्ष्मण अवॉर्डी कुदरत अली, बुलंदशहर निवासी अरविंद सिंह, सुल्तानपुर निवासी मोहम्मद आजाद, हापुड़ निवासी लोकेश कुमार और संतकबीरनगर निवासी राजेश कुमार का जिक्र करते हुए कहा कि रोइंग के इन खिलाड़ियों ने प्रदेश का मान देश और दुनिया में बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल शरीर और मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के साथ अब शानदार करियर बनाने का भी सशक्त माध्यम बन गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने खेल नीति बनाकर ओलंपिक, एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स जैसी प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले यूपी के खिलाड़ियों को शासकीय सेवाओं में सीधी नौकरी देने का शासनादेश जारी कर रखा है। टोक्यो ओलंपिक में पदक विजेता हॉकी टीम के खिलाड़ी ललित उपाध्याय को यूपी पुलिस में डिप्टी एसपी की नौकरी दी गई है। इस बार के ओलंपिक पदक विजेता खिलाड़ी राजकुमार पाल को भी नौकरी देने की घोषणा की आज चुकी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब तक 500 से अधिक खिलाड़ियों को शासकीय सेवाओं से जोड़ा जा चुका है।

## महिला क्रिकेट : केरल ने हरियाणा को हराया, रेलवे ने चंडीगढ़ को दी मात

एजेंसी

**लखनऊ।** सीनियर वोमेंस टी-20 ट्राफी के लीग मैच में रेलवे ने चंडीगढ़ को 58 रन से हराकर बढ़त बना ली। इस मैच में रेलवे की बल्लेबाज इंद्रानी राव ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 49 रन बनाये। वहीं दूसरे मैच में केरल ने हरियाणा को 20 रन से मात देकर बढ़त बना ली। केरल की बल्लेबाज अक्षय ने शानदार 60 रन बनाईं। निर्धारित 20 ओवर के मैच में केरल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 125 रन बनाये। शुरुआत बहुत खराब रही, सलामी बल्लेबाज शानी पहली ही बाल पर आउट हो गयीं। वहीं दृश्य मात्र छह रन बनाकर आउट हो गयीं। अक्षय ने संभल कर खेलना शुरू किया और 66 बाल पर 60 रन बनाई, जबकि अनन्या ने 24 रन का योगदान दिया। वहीं हरियाणा की टीम ने 105 रन बनाकर ही आउट हो गयी और केरल ने 20 रन से मैच को जीत लिया। अपनी टीम में भावना ने सबसे अधिक 30 रन बनाये। वहीं दूसरे मैच



में रेलवे ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 153 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज नुजहत परवीन ने 29 रन का योगदान दिया। वहीं इंद्राणी 49 रन बनाईं। मोना ने 36 रन का योगदान दिया। वहीं चंडीगढ़ की टीम पांच विकेट गवांकर निर्धारित 20 ओवर में मात्र 95 रन ही बना सकी और रेलवे ने इस मैच को 58 रन से जीत लिया।

# सेंटनर की फिरकी में उलझे भारत ने मैच के साथ सीरीज भी गंवाई

एजेंसी

**पुणे।** मिचेल सेंटनर (104 पर छह विकेट) की घातक गेंदबाजी के चलते न्यूजीलैंड ने भारत को दूसरे टेस्ट मैच में 113 रनों से हरा कर तीन टेस्ट मैचों की श्रृखंला में निर्णायक बढ़त हासिल कर ली है।

क्रिकेट इतिहास में यह पहला मौका है जब कीवी टीम ने भारत के खिलाफ उसके घर में टेस्ट सीरीज को अपने नाम किया है। न्यूजीलैंड की इस जीत के नायक मिचेल सेंटनर रहे जिन्होने भारत की पहली पारी में सात और दूसरी पारी में छह विकेट चटका कर अपनी टीम को ऐतिहासिक उपलब्धि दिलायी। महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम की पिच पर सेंटनर भारतीयों के लिये काल बन कर उभरे। पहली पारी में सात विकेट चटका कर अपनी टीम को 103 रन की महत्वपूर्ण बढ़त दिलाने वाले सेंटनर का खौफ भारतीयों पर सिर चढ़ कर बोला।




न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में 255 रन बना कर भारत को जीत के लिये 359 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में भारत की पूरी टीम 245 रन बना कर आउट हो गयी। न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 259 रन बनाये थे जिसके जवाब में भारत की पहली पारी 156 रन पर सिमट गयी थी। न्यूज़ीलैंड के पांच विकेट चटकाने के बाद भारत पहले सत्र में एक विकेट के नुक़सान पर 81 रन बना चुका था और ऐसा प्रतीत हो रहा था कि भारत इस मैच में जीत दर्ज करने की ओर बढ़ सकता है। भारत को सिर्फ़ एक अच्छे सत्र की ज़रूरत थी लेकिन दूसरे सत्र में पूरा मैच न्यूज़ीलैंड के पक्ष में झुक गया। न्यूज़ीलैंड ने बेंगलुरु में जीत हासिल कर 36 वर्षों बाद टेस्ट में जीत हासिल की थी और अब पहली सीरीज़ जीत भी उनके नाम है। न्यूज़ीलैंड की इन दो जीत में केन विलियमसन भी टीम का हिस्सा नहीं थे, श्रीलंका में यह टीम हारकर आई थी। साउदी ने कप्तानी से इस्तीफ़ा दे दिया था लेकिन टॉम लेथम ने बढ़िया कप्तानी की। पहले मैच में कीवी तेज़ गेंदबाज़ों ने बागडोर संभाली जबकि दूसरे मैच में सैंटनर ने अगुवाई की। बल्लेबाज़ी में कॉन्वे और रचिन रवींद्र के साथ कप्तान टॉम लेथम ने भी योगदान दिया और न्यूज़ीलैंड ने टेस्ट क्रिकेट की सबसे मुश्किल सीरीज़ में से एक सीरीज़ अपने नाम कर ली।

# यशस्वी जयसवाल एक हजार रन के विशिष्ट क्लब में शामिल

एजेंसी

**पुणे।** यशस्वी जयसवाल एक कैलेंडर वर्ष के भीतर घरेलू टेस्ट मैचों में एक हजार रन का आंकड़ा पार करने वाले नये बल्लेबाज बन गए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट में यशस्वी ने यह उपलब्धि हासिल की है। इसके साथ ही युवा भारतीय बल्लेबाज ने क्रिकेट के कुछ महान खिलाड़ियों के क्लब में अपनी उपस्थिति दर्ज करा ली है। जायसवाल ने 2024 के लिए घरेलू टेस्ट में कुल एक हजार रन बनाए हैं।

इससे पहले एक कैलेंडर वर्ष में घरेलू टेस्ट में एक हजार से अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की विशिष्ट सूची में गुंडप्पा विश्वनाथ,सुनील गावस्कर जैसे दिग्गज शामिल हैं। गुंडप्पा विश्वनाथ ने 1979 में भारत के लिए 1,047 रन बनाकर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला




था। उसी वर्ष, सुनील गावस्कर ने भी 1,013 रन बनाकर एक अमिट छाप छोड़ भारतीय क्रिकेट में अपनी विरासत को स्थापित किया था। इंग्लैंड के ग्राहम गूच के लिए 1990 का वर्ष असाधारण रहा, उन्होंने घरेलू टेस्ट मैचों में उल्लेखनीय 1,058 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के जस्टिन लैंगर ने 2004 में 1,012 रन बनाकर अपनी निरंतरता का प्रदर्शन किया। इस बीच, मोहम्मद यूसुफ ने 2006 में पाकिस्तान के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और 1,126 रन के असाधारण स्कोर तक पहुँचे। माइकल क्लार्क ने 2012 में असाधारण प्रदर्शन करते हुये वर्ष का समापन शानदार 1,407 रनों के साथ किया, जिससे ऑस्ट्रेलिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक के रूप में उनकी स्थिति मजबूत हुई। जयसवाल की उपलब्धि न केवल उनकी असाधारण प्रतिभा को उजागर करती है बल्कि भारतीय बल्लेबाजी लाइनअप में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को भी दर्शाती है। 22 वर्षीय बाएं हाथ का बल्लेबाज पूरे साल शानदार फॉर्म में रहा है, जिसमें उसने आक्रामकता और तकनीक का मिश्रण दिखाया है, जिससे उसे प्रशंसकों और आलोचकों से समान रूप से प्रशंसा मिली है। मील के पत्थर तक पहुंचने के उनके यात्रा उल्लेखनीय प्रदर्शनों की एक श्रृंखला के साथ शुरू हुई।

# एफआईए ने नॉरिस पेनल्टी की समीक्षा करने की मैकलारेन की अपील को खारिज किया

**मेक्सिको सिटी।** फॉर्मूला 1 की शासी संस्था ने यूनाइटेड स्टेट्स ग्रैंड प्रिक्स के दौरान लैंडो नॉरिस को दिए गए दंड की समीक्षा करने के मैकलारेन के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया है। खिताब के प्रतिद्वंद्वी मैक्स वेरस्टैपेन को ट्रैक से बाहर करने के लिए जारी की गई पांच सेकंड की पेनल्टी ने नॉरिस को अंतिम रेस स्टैंडिंग में तीसरे से चौथे स्थान पर खिसका दिया। मेक्सिको सिटी ग्रैंड प्रिक्स सप्ताहांत से पहले पुष्टि की गई कि वॉकिंग संगठन ने पिछले बार ऑस्टिन में तीसरे स्थान के लिए संघर्ष करते समय ट्रैक से बाहर वेरस्टैपेन को ओवरटेक करने के लिए नॉरिस को मिली पांच सेकंड की पेनल्टी के लिए अनुरोध किया था।

इसके बाद श एक सुनवाई हुई, जिसमें टीम के प्रतिनिधि को स्टीवर्ड के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस में भाग लेना आवश्यक था।अनुरोध की पुष्टि करते हुए एफआईए द्वारा जारी किए गए एक दस्तावेज़ में, यह कहा गया था कि सुनवाई यह निर्धारित करेगी कि क्या कोई महत्वपूर्ण और प्रासंगिक नया तत्व था जो संबंधित निर्णय के समय समीक्षा चाहने वाले पक्ष के लिए उपलब्ध नहीं था, यदि ऐसा पाया गया, तो दूसरी सुनवाई होगी। हालाँकि, यह घोषणा की गई है कि स्टीवर्ड ने अनुरोध को खारिज कर दिया है। मामले के परिणाम की व्याख्या करने वाले एक दस्तावेज़ में, यह कहा गया है कि मैकलारेन ने तर्क दिया



कि मूल निर्णय दस्तावेज़ पर एक कथन गलत था, जो यह था कि कार 4 बाहर से कार 1 को ओवरटेक कर रही थी, लेकिन शीर्ष पर कार 1 के बराबर नहीं थी। टीम ने सुझाव दिया कि यह एक त्रुटि थी क्योंकि उनके पास सबूत थे कि नॉरिस पहले ही ओवरटेक कर चुका था और ब्रेकिंग ज़ोन पर वेरस्टैपेन से आगे था। जोनाथन व्हीटली द्वारा प्रतिनिधित्व किए गए रेड बुल ने अपना विश्वास व्यक्त किया कि इस मामले में समीक्षा के अधिकार के लिए एक सफल याचिका के मानदंड पूरे नहीं हुए थे। दस्तावेज़ में आगे कहा गया है- प्रासंगिकता के संबंध में, मैकलारेन यह प्रस्तुत करता प्रतीत होता है कि स्टीवर्ड का निष्कर्ष है कि कार 4 ने शीर्ष से पहले कार 1 को ओवरटेक किया था (और इसलिए कार 1 ओवरटेक करने वाली कार थी) और यह दावा किया गया त्रुटि अपने आप में एक नया तत्व है। यह अस्थिर है। समीक्षा के लिए याचिका किसी निर्णय में त्रुटि (तथ्य या कानून की) को ठीक करने के लिए की जाती है। किसी भी नए तत्व को उस त्रुटि को प्रदर्शित करना चाहिए। जिस त्रुटि का अस्तित्व सिद्ध किया जाना आवश्यक है, वह स्वयं अनुच्छेद 14 में उल्लिखित तत्व नहीं हो सकती। इस मामले में, यह अवधारणा कि लिखित निर्णय महत्वपूर्ण और प्रासंगिक नया तत्व था, या निर्णय में त्रुटि एक नया तत्व थी, टिकाऊ नहीं है और इसलिए इसे अस्वीकार कर दिया जाता है।

## बिलासपुर ने जीता हिमाचल यूनिवर्सिटी अंतर राजकीय कबड्डी टूर्नामेंट

एजेंसी

**धर्मशाला।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर प्रथम, भोरंज और मंडी रहे दूसरे व तीसरे स्थान पर किसी भी प्रकार के नशों या असामाजिक गतिविधियों से बचने के लिए सबसे जरूरी है कि युवा अपने आप को किसी न किसी कार्य में व्यस्त रखें और स्वयं को स्वस्थ व व्यस्त रखने के लिए खेलों से बेहतर कोई विकल्प नहीं हो सकता। स्वतंत्रता सेनानी पंडित सुशील रतन राजकीय महाविद्यालय ज्वालामुखी में आयोजित चार दिवसीय हिमाचल यूनिवर्सिटी अंतर राजकीय कबड्डी टूर्नामेंट के समापन में शनिवार को बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने यह बात कही। 'खुद भी जागो औरों को भी जगाएं, नशा मुक्त अभियान चलाएं' थीम पर आधारित इस प्रतियोगिता के समापन में बतौर शिरकत करते हुए उपायुक्त ने विजेता टीमों को पुरस्कारों से नवाजा। इस दौरान राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर प्रथम, राजकीय महाविद्यालय भोरंज द्वितीय तथा राजकीय महाविद्यालय मंडी तीसरे स्थान पर रहे। प्रदेश के 65 महाविद्यालयों के 780 प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह से इस प्रतियोगिता में भाग लिया।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group


**फास्ट न्यूज**

## विशेष दीपकों से जगमगाएगा श्रीराम लला मन्दिर

**टीम एक्शन इंडिया**

**अयोध्या:** योगी सरकार इस वर्ष अयोध्या में आठवें दीपोत्सव का भव्य आयोजन कर रही है। इस अवसर पर अयोध्या नगरी को दीपों से रोशन करने और श्रीराम जन्मभूमि पर बने नव्य और भव्य मंदिर में पहली दीपावली को अविस्मरणीय बनाने की तैयारियां जोरों पर हैं। इस वर्ष सरयू तट पर जहां 25 से 28 लाख दीपक प्रज्वलित कर विश्व रिकॉर्ड बनाने की योजना है, वहीं श्रीराम मंदिर में विशेष प्रकार के दीपक जलाए जाएंगे। मंदिर भवन को दाग-धब्बों और कालिख से सुरक्षित रखने के लिए विशिष्ट दीपकों की व्यवस्था की है, जो लंबे समय तक प्रकाशमान रहेंगे।

**मनोहारी फूलों से सजेगा मन्दिर परिसर**

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को आकर्षक फूलों से सजाने की भी विशेष योजना है। मंदिर परिसर को कई खंडों और उपखंडों में विभाजित कर सजावट का दायित्व सौंपा गया है। बिहार कैडर से स्वैच्छिक सेवानिवृत्त आईजी आशु शुक्ला को मंदिर के प्रत्येक कोने को व्यवस्थित रूप से रोशन करने, सभी प्रवेश द्वारों को तोरण से सजाने, साफ-सफाई और सजावट की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे श्रद्धालु मनोहारी फूलों और दीपों से सजे मंदिर का दिव्य दर्शन कर सकेंगे।

## शिकारियों पर कड़ी नजर रख रहा वन विभाग

**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वार:** दीपावली की रात तांत्रिक पूजा में उल्लू की बलि देने के लिए इस पक्षी को पकड़ने की आशंका के चलते वन विभाग ने सतर्कता बढ़ा दी है। वन विभाग ने हरिद्वार से सटे राजाजी राष्ट्रीय पार्क व सामाजिक वानिकी क्षेत्र में पहरा बढ़ा दिया है। विभाग ने उल्लू को पकड़ने या मारने की चाहत रखने वाले को जंगल में न घुसने की चेतावनी दी है। दीपावली की अमावस्या वाली रात को तांत्रिक किस्म के लोग बेसब्री से इन्तजार करते है। तांत्रिक क्रिया में उल्लुओं की बलि को लेकर समाज में अनेक प्रकार की भ्रांतियां हैं। जिसके चलते कुछ लोग इस तांत्रिक क्रिया करने के लिए उतावले रहते हैं। दीपावली से पहले वन्यजीव तस्कर जंगलों में घुसकर उल्लुओं को पकड़ कर लोगों को ऊंचे दाम बेचने की फिराक में रहते हैं। यही वजह है कि प्रदेश वन मुख्यालय हर वर्ष दीपावली पर्व पर विशेष सतर्कता बरतता है। वन कर्मी लगातार वन इलाके में अतिरिक्त पेट्रोलिंग कर रहते हैं। इस संबंध में डीएफओ हरिद्वार वैभव कुमार ने बताया कि दीपावली के मद्देनजर सभी वनकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं।

# संस्कृत है विज्ञान की भाषा: सीएम योगी

### प्रदेशभर में फिर से शुरू किये जाएंगे गुरुकुल पद्धति के विद्यालय, योगी ने संस्कृत छात्रवृत्ति योजना का किया शुभारंभ

**छात्रवृत्ति**

**▶▶ प्रदेश के 69,195 विद्यार्थियों को मिलेगा छात्रवृत्ति योजना का लाभ, शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में लाई जाएगी तेजी**




**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय से रविवार को प्रदेश के संस्कृत विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के 69,195 संस्कृत विद्यार्थियों को 586 लाख की छात्रवृत्ति संवितरण की शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने प्रदेशभर में गुरुकुल पद्धति के आवासीय संस्कृत विद्यालयों को पुनर्स्थापित करने का भी संकल्प लिया। मुख्यमंत्री ने संस्कृत भाषा को विज्ञान और तकनीकी शिक्षा की भाषा के रूप में उभरने की संभावना पर जोर दिया और छात्रों से इसे गंभीरता से अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जो मानवता का पक्षधर है वह संस्कृत का भी हिमायती है। सीएम योगी ने पिछली सरकारों में संस्कृत शिक्षा को उपेक्षित रखे जाने की बात कही।

**विज्ञान की भाषा है संस्कृत**

कार्यक्रम के दौरान योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संस्कृत न केवल देववाणी है बल्कि यह विज्ञान की भाषा भी है, जो कंप्यूटर साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीकों में उपयोगी है। उन्होंने कहा कि संस्कृत की विशेषताएं इसे तकनीकी दृष्टिकोण से सरल और सहज बनाती हैं। इसीलिए हम संस्कृत के संरक्षण और संवर्धन के लिए नए प्रयासों की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

**सभी विद्यार्थियों का खुले बैंक अकाउंट**

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में छात्रवृत्ति योजना का महत्व बताते हुए कहा कि पहले संस्कृत के केवल 300 विद्यार्थियों को ही छात्रवृत्ति मिलती थी, उसमें भी आयु सीमा तय करके रखा गया था, लेकिन अब हमारी सरकार ने इसे सभी छात्रों तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। प्रदेश में संस्कृत के 69,195 विद्यार्थियों को इस योजना के तहत लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने सभी विद्यार्थियों का बैंक खाता खुलवाने का निर्देश भी दिया,

जिससे उन्हें छात्रवृत्ति का लाभ सीधा और सुरक्षित रूप से मिल सके।

### संस्कृत में विशिष्ट शोध को बढ़ावा दे रही सरकार: सीएम

**संस्कृत** भाषा को और अधिक बढ़ावा देने के लिए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य सरकार काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में स्थापित वैदिक विज्ञान केंद्र के माध्यम से संस्कृत के विशिष्ट शोध को प्रोत्साहित कर रही है। इस केंद्र में शोध करने वाले छात्रों के लिए विशेष छात्रवृत्ति भी दी जाएगी ताकि वे आर्थिक चिंता किए बिना अपने शोध को आगे बढ़ा सकें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय संस्कृति, सनातन धर्म और भारत का समय आ गया है। भारत के समय को नेतृत्व देने के लिए संस्कृत विद्यार्थियों को स्वयं को तैयार करना होगा।

सांस्कृतिक विरासत को संजोने का दायित्व सरकार और समाज का

उन्होंने कहा कि जब भौतिकवाद और चकाचौंध वाली दुनिया में हर व्यक्ति भौतिकता के पीछे भाग रहा है, तब भी यूपी में डेढ़ लाख बच्चे अपना जीवन संस्कृत और भारतीय संस्कृति के साथ समर्पित करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। यह सरकार और समाज का दायित्व है कि इस विरासत को संजोए रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए संस्कृत विद्यालयों में शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी। जिन स्थानों पर अभी तक शिक्षक नहीं हैं, वहां मानदेय के आधार पर शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी और उनके अनुभव को वरीयता दी जाएगी।

## क्रिकेटर ईशान किशन के पिता को लेकर जदयू में शामिल



**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना: दिग्गज** क्रिकेटर ईशान किशन के पिता प्रवण पांडेय की बिहार की राजनीति में इंट्री हो चुकी है। उन्होंने फिर से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी का दामन थाम लिया है। जनता दल यूनाईटेड के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। प्रणव पांडेय के साथ उनके दर्जनों कार्यकर्ताओं ने जदयू की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने प्रवण पांडेय का पार्टी में स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रणव पांडेय पूर्व में भी हमारी पार्टी (उस वक्त समता पार्टी) के जिला अध्यक्ष रह चुके हैं। बीच में उन्होंने राजनीति से दूर हो चुके हैं। अब फिर से उनकी घर वापसी हुई है। आपके आने से जदयू को और मजबूती मिलेगी।

**नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत करने आया हूं**

जदयू में शामिल होने के बाद प्रणव पांडेय ने कहा कि मैं जदयू परिवार का बहुत शुक्रगुजार हूं कि मुझे फिर से मौका दिया।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत करने की पूरी कोशिश करूंगा।

### पार्टी छोड़कर कहीं गए नहीं थे प्रणव पांडेय

**जदयू** की सदस्यता दिलाने के बाद जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा कि प्रणव पार्टी छोड़कर कहीं गए नहीं थे। पहले वह पार्टी में एक्टिव थे। बाद में बेटा को क्रिकेटर बनाने और अपने कारोबार में व्यस्त हो गए। अब इन सब से मुक्त हो चुके हैं। पिछले दो महीना से वह मुझसे बात कर रहे थे कि अब मैं फ्री हो चुका है। जिस पार्टी को खड़ा करने मैं शुरूआती दौर में काम किया अब मैं उसको फिर से समय देना चाहता हूं। आपलोग जानते ही हैं कि इनके बेटे ईशान किशन इंडिया के लिए खेल चुके हैं। 20-20 खेलते हैं। बिहार का नाम रोशन कर चुके हैं। मुझे बाद में पता चला कि नवादा में प्रवण पांडेय और उनके परिवार के लोग शुरूआती दौर समता पार्टी में जुड़े रहे।

## सीएम धामी ने प्रदेश को दी बीएस-6 मॉडल की सौगात



**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दीपावली पर्व पर रविवार को प्रदेशवासियों को बीएस-6 की 130 नई बसों की सौगात दी है। इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि आधुनिक तकनीक से युक्त नई बसें हमारे राज्य के परिवहन तंत्र को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होंगी। ये बसें न केवल यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक और किफायती यात्रा का अनुभव प्रदान करेंगी बल्कि प्रदेश की आर्थिक, सामाजिक और पर्यटन गतिविधियों में भी नई ऊर्जा का संचार भी करेंगी। रविवार को यहां आईएसबीटी से नई बसों को फ्लैग ऑफ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि आज उत्तराखंड परिवहन निगम के बेड़े में 130 नई बसों को शामिल कर राज्य के विकास में एक और महत्वपूर्ण कड़ी जुड़ रही है। राज्य की भौगोलिक परिस्थितियां अन्य राज्यों की तुलना में चुनौतीपूर्ण हैं। राज्य के दुर्गम और सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र बुनियादी सुविधाओं के लिए हमारे परिवहन नेटवर्क पर ही निर्भर हैं। पर्यटन क्षेत्र उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। ऐसे में प्रभावी परिवहन तंत्र न केवल यात्रियों की सुविधा के लिए अति-आवश्यक है बल्कि आर्थिक विकास में भी अपना योगदान देता हैं।

### तीन वर्षों से परिवहन निगम मुनाफे में

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि राज्य के हर कोने को बेहतर सड़क नेटवर्क और विश्वसनीय परिवहन सेवाओं से जोड़ना हमारा संकल्प है। सरकार उत्तराखंड परिवहन निगम को मजबूती प्रदान करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। जहां कुछ वर्ष पूर्व तक हमारा परिवहन निगम 500 करोड़ से भी अधिक के घाटे में था। पिछले तीन वर्षों से परिवहन निगम लगातार मुनाफे में है। इसके लिए उन्होंने परिवहन निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों के कार्यों की प्रशंसा भी की।

## सीएम ने 51 फीट ऊंची हनुमान प्रतिमा का किया अनावरण



**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी: मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अपने एक दिवसीय वाराणसी दौरे के दौरान रविवार को एयरपोर्ट रोड स्थित हरहुआ के काजीसराय क्षेत्र में 51 फीट ऊंची हनुमान जी की प्रतिमा का अनावरण किया। इसके उपरांत उन्होंने परिक्रमा करते हुए विधि-विधान से बजरंगबली की पूजा-अर्चना की। जय हनुमान श्री पीठ ट्रस्ट द्वारा स्थापित इस भव्य प्रतिमा को राजस्थान के कारीगरों ने दो साल में तैयार किया है। मुख्यमंत्री ने काशीवासियों के लिए आस्था के इस प्रतीक को समर्पित किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने काल भैरव मंदिर और काशी विश्वनाथ मंदिर में भी दर्शन-पूजन किया, जहां उन्होंने प्रदेश की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संपूणानंद संस्कृत विश्वविद्यालय से प्रदेश के संस्कृत विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ भी किया, जिसमें हजारों छात्रों को इसका लाभ मिलेगा।

## अयोध्या आ रही फ्लाइट में बम की सूचना निकली झूठी

**टीम एक्शन इंडिया**

**अयोध्या:** उत्तर प्रदेश के अयोध्या से बड़ी खबर सामने आई है। यहां आकासा एयरलाइंस में बम की सूचना मिली थी। जिस फ्लाइट में बम की सूचना मिली, वह बेंगलुरु से अयोध्या पहुंची है। फ्लाइट दोपहर करीब 1.50 बजे लैंड की। यहां पहले से अलर्ट एयरपोर्ट स्टाफ ने सभी यात्रियों को सकुशल बाहर निकाला। इसमें 173 यात्रियों ने यात्रा की है। अकासा एयरलाइंस की फ्लाइट में बम की सूचना जांच में झूठी निकली।

## हिमाचल में पुलिस भी सुरक्षित नहीं!

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला: हिमाचल** प्रदेश के शिमला में एक ऑन ड्यूटी महिला पुलिस कांस्टेबल के साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें करने का मामला सामने आया है। इतना ही नहीं जब महिला कांस्टेबल पुलिस गुमटी में ड्यूटी दे रही थी, तब आरोपी ने जबरदस्ती गुमटी के अंदर भी घुसने की कोशिश की।

**पुलिस विभाग के ही एक कांस्टेबल आरोप**

महिला कांस्टेबल ने पुलिस विभाग के ही एक कांस्टेबल पर ये आरोप लगाए हैं। मामला शिमला के ढली पुलिस स्टेशन के अंतर्गत सामने आया है। पीड़ित महिला कांस्टेबल और आरोपी दोनों पुलिस की एक बटालियन में तैनात हैं। पीड़ित महिला कांस्टेबल की शिकायत पर ढली थाने में आरोपित पुलिस कांस्टेबल के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। पीड़ित महिला कांस्टेबल ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि बीते 25 अक्टूबर को जब वह क्वार्टर गार्ड ड्यूटी पर तैनात थी तो राजीव नामक पुलिस कर्मचारी उसके पास आया और अश्लील व अभद्र शब्द कहे। आरोपी की इस हरकत का जब उसने विरोध किया तो भी वह बाज नहीं आया। पीड़िता ने बताया कि इस दौरान वह अपनी ड्यूटी पर तैनात थी।




## एकता हत्याकांड: कार में की हत्या... फिर क्लब में गाड़ा: जिम ट्रेनर



**टीम एक्शन इंडिया**

**कानपुर: सिविल** लाइंस स्थित ग्रीनपार्क से चार महीने पहले अगवा कारोबारी की पत्नी की हत्या कर शव वीआईपी रोड पर ऑफिसर्स क्लब परिसर के अंदर दफना दिया गया। महिला को अगवा करने के आरोपी जिम ट्रेनर को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया। इसके बाद उसने यह बात स्वीकार की। रविवार को पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए पूरी कहानी बयां की। बताया गया कि जिम ट्रेनर ने कारोबारी की पत्नी की हत्याकर शव ऑफिसर्स क्लब परिसर में दफनाया था। इसके बाद से ही कोपरगंज निवासी आरोपी विमल सोनी पुत्र राम सेवक फरार चल रहा था, जिसे पुलिस और सर्विलांस टीम ने गिरफ्तार किया है।

**नाक में घूंसा मारा और रस्सी से गला कस दिया**

तब मैंने उसे अपने रास्ते से हटाने को सोचा और 24 जून को जब वह जिम करके बाहर निकली, तो मैं भी उसके साथ निकला। उससे बात करने के बहाने मैंने अपनी गाड़ी में बैठा लिया। हमारी और एकता गुप्ता की गाड़ी में बहस हो गई। तब मैंने उसे घूंसे से उसकी नाक पर मार दिया, जिससे एकता गुप्ता के नाक से खून बहने लगा।

**युद्ध स्तर पर** प्रयागराज जंक्शन, नैनी, छिवकी और सूबेदारगंज स्टेशन पर बने हैं 10 आश्रय स्थल

## महाकुंभ में रेलवे तैयार कर रहा श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए आश्रय स्थल



**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज:** सनातन आस्था के सबसे बड़े आयोजन महाकुंभ 2025 को लेकर प्रयागराज में तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप महाकुंभ को दिव्य, भव्य और नव्य बनाने की कवायद जोरों पर है। मेला प्राधिकरण इस महाकुंभ में 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान व्यक्त कर रहा है। ऐसे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु ट्रेनों के जरिये प्रयागराज पहुंच सकते हैं। इस बार लगभग 10 करोड़ लोगों के ट्रेन के जरिये महाकुंभ में पहुचंने का अनुमान है। रेलवे एनसीआर के प्रयागराज मण्डल ने स्टेशनों पर क्राउड मैनेजमेंट को लेकर रोडमैप तैयार कर लिया है। प्रयागराज के सभी रेलवे स्टेशनों पर लगभग 25000 यात्रियों के ठहरने के लिए आश्रय स्थलों का निर्माण अंतिम दौर में है।

**तैयार किया गया रोडमैप**

महाकुंभ के दौरान प्रयागराज सिटी में 9 रेलवे स्टेशनों पर श्रद्धालुओं के आवागमन की तैयारियां चल रही हैं। क्राउड मैनेजमेंट को लेकर महाकुंभ रेलवे नोडल डिविजन प्रयागराज मण्डल ने रोडमैप तैयार कर लिया है। रेलवे प्रयागराज मण्डल के पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि महाकुंभ के दौरान प्रति घंटे 50 हजार यात्रियों की दर से उनके गंतव्य स्टेशनों की ओर रवाना करने की योजना बनायी गई है। इसके साथ ही लगभग 25000 श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए 10 आश्रय स्थलों को भी तैयार किया जा रहा है। जिनमें से 4 आश्रय स्थल प्रयागराज जंक्शन पर, 3 नैनी जंक्शन, 2 छिवकी स्टेशन और 1 सूबेदारगंज स्टेशन पर बनाए जा रहे हैं। ये आश्रय स्थल 2019 के कुंभ में अस्थाई टिकट घर व शौचालय की सुविधाओं के साथ बनाये गये थे। महाकुंभ 2025 में इनका पुनर्निर्माण कर संचालित करने का कार्य चल रहा है।